e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 33

सोमवार

03.02.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

आप जो करते है उसका असर पूरा दुनिया पर होता है और जो पूरी दुनिया करती है उसका असर आप पर होता है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### आप ने लॉन्च किया योजनाओं का बचत वेब पोर्टल

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी ने aap-kibachat.com नाम से वेब पोर्टल लॉन्च किया है। पार्टी का कहना है कि इससे दिल्लीवासी विभिन्न सरकारी योजनाओं से होने वाली बचत का पता लगा सकते हैं।आआपा की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि दिल्ली के लोग इस वेब पोर्टल पर जाकर हर महीने हो रही अपनी बचत का हिसाब लगा सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली में फ्री बिजली, पानी, शिक्षा, इलाज व महिलाओं की बस सफर से हर परिवार की कम से कम 25 हजार रुपये की बचत हो रही है।उन्होंने कहा कि आआपा सरकार बनने के बाद महिला सम्मान, संजीवनी योजना और छात्रों की फ्री बस यात्रा व मेट्रो किराए में 50 फीसद की छूट लागू की जाएगी। इसके बाद दिल्लीवालों को हर महीने कम से कम 35 हजार रुपये की बचत होगी।

### उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की भेंट

**जयपुर :** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को दिल्ली प्रवास के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय विधि एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा हुई।

### दिल्ली पुलिस और होमगार्ड के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान शुरू

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस और दिल्ली होमगार्ड कर्मियों ने डाक मतपत्रों के माध्यम से दिल्ली विधानसभा चुनाव (डीएलएई-2025) के लिए रविवार से वोट डालना शुरू कर दिया है। दिल्ली पुलिस और दिल्ली होमगार्ड से डाक मतपत्र जारी करने के लिए कुल 16,984 फॉर्म-12 प्राप्त हुए हैं।मुख्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डाक मतपत्र मतदान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए, 70 आरओ में से प्रत्येक ने अपने परिसर में अपना स्वयं का सुविधा केंद्र स्थापित किया है।ये केंद्र पात्र मतदाताओं की सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि पूरी प्रक्रिया सभी कर्मियों के लिए सुचारू, सुलभ और कुशल हो। होमगार्ड सहित सभी पुलिस कर्मियों के लिए डाक मतपत्र प्रक्रिया चार फरवरी तक उपलब्ध रहेगी।

### गुरु गोविंद सिंह जी का 358वां प्रकाश उत्सव हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न

**मीरजापुर :** नगर पालिका अहरौरा क्षेत्र के सत्यानगंज मोहल्ले में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा दस्तख़ती साहिब में रविवार को साहिबे कमाल श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 358वां पावन प्रकाश उत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, वहीं शाम को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गुरु बाग, वाराणसी के देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह शबद कीर्तन से हुई, जिसमें श्रद्धालु भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। रागी जत्था भाई रकम सिंह (गुरुद्वारा नीची बाग, वाराणसी) ने कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया।

### आकाशवाणी ने शास्त्रीय संगीत श्रृंखला हर कंठ में भारत का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली :** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर आकाशवाणी के प्रसारण केंद्र स्थित पं. रविशंकर संगीत स्टूडियो में एक विशेष समारोह में नए रेडियो कार्यक्रम श्रृंखला 'हर कंठ में भारत' का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम को विशेष रूप से भारतीय शास्त्रीय संगीत के विविध रंगों को दिखाने के लिए तैयार किया गया है।संस्कृति मंत्रालय और लोक सेवा प्रसारक, आकाशवाणी के संयुक्त रूप से आयोजित समारोह की औपचारिक शुरुआत सुबह 10¬30 बजे हुई।संस्कृति मंत्रालय के सचिव अरुणीश चावला, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, संस्कृति विभाग की संयुक्त सचिव अमीता प्रसाद और दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद ने भी देवी सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित की।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

---

**पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया में 1837 विद्रोह के महानायकों को सीएम ने किया नमन**

# हमें आदिवासी होने पर गर्व है : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- पूर्वजों की तपस्या, त्याग और बलिदान की बदौलत आदिवासियों को आज एक अलग पहचान और ताकत मिली है
- आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होने की जरूरत
- राज्य के शहीदों और आंदोलनकारियों को सम्मान के साथ दे रहे हक- अधिकार
- एक ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं, जहां आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर पहुंचेगी जिला और ब्लॉक प्रशासन की टीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि आदिवासी समुदाय के पूर्वजों की तपस्या, त्याग और बलिदान का परिणाम है कि आदिवासियों को आज एक अलग पहचान मिल रही है। हम उन शहीदों को सम्मान एवं नमन करते हैं, जिनकी बदौलत देश के विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज बुलंद करने की हम सभी को ताकत मिली है।

हमें आदिवासी होने का फक्र है। हमें अपने शहीदों और आंदोलनकारियों पर गर्व है। वे आज ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 1837 में हुए विद्रोह के महानायकों की याद एवं सम्मान में पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया में आयोजित शहीद दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने अमर वीर शहीदों को नमन और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश की आजादी की लड़ाई शुरू भी नहीं हुई थी उस दौरान हर लिहाज से ताकतवर अंग्रेजी फौज के खिलाफ आदिवासियों ने संघर्ष करते हुए अपना लोहा मनवाया था। देश के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन, आज भी सामंती ताकतों के खिलाफ आदिवासियों का संघर्ष जारी है।

हम अपने आदिवासियों से आग्रह करते हैं कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा -लिखा कर उनका भविष्य बनाएं। आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है।मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड वीरो और शहीदों रही है।

इस राज्य में इतने बलिदान दिए हैं कि यहां सालों भर शहादत दिवस मनाने की परंपरा है। नए वर्ष की पहली तारीख को खरसावां गोलीकांड के शहीदों को नमन करने के साथ इसकी शुरुआत हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहीदों और उनके आश्रितों को सम्मान के साथ हक- अधिकार दे रही है।

### 246 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 246 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 3 अरब 15 करोड़ 27 लाख 70 हजार 359 रुपए की लागत से 178 योजनाओं का शिलान्यास एवं 96 करो? 97 लाख 26 हजार 600 रुपए की लागत से 68 महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। इसके साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 54,946 लाभार्थियों के बीच 3 अरब 62 करोड़ 80 लाख 99 हजार रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। इसमें जेएसएलपीएस के तहत 6999 दीदियों को 87 करोड़ 78 लाख रुपये का कैश क्रेडिट लिमिट तथा 6963 दीदियों को 85 करोड़ 86 लाख रुपए का बैंक लिंकेज प्रदान किया गया। इसके अलावा 135 जनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।



### अलग राज्य के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए हमें लंबा संघर्ष करना पड़ा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में आदिवासियों ने लगभग 40- 50 वर्षों तक संघर्ष और लड़ाई लड़ी, तब जाकर झारखंड के रूप में अलग राज्य मिला। लेकिन, लगभग 18- 20 वर्षों तक जिन्होंने यहां शासन किया, उन्हें राज्य के विकास तथा आदिवासियों की चिंता नहीं की। लेकिन, जिस तरह हमने लड़कर झारखंड लिया, उसी तरह लड़कर हक और अधिकार भी लेंगे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद श्रीमती जोबा मांझी, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक निरल पूर्ति, विधायक सोनाराम सिंकू, विधायक जगत मांझी, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सुरीन, प्रमंडलीय आयुक्त हरि प्रसाद केशरी तथा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### झारखंड के खनिज संसाधनों से पूरा देश हो रहा रोशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खनिज संसाधनों से देश का खजाना भर रहा है। यहां के खनिज से पूरा देश रोशन हो रहा है। लेकिन, आज भी यह राज्य देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। इसकी वजह अलग राज्य बनने के बाद भी विकास पर ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन, जब से हमारी सरकार है, इस राज्य को आगे ले जाने का प्रयास निरंतर जारी है।

### आधी आबादी को सम्मान देने के साथ बना रहे सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में आपके समर्थन से हमारी सरकार बनी। लेकिन, सरकार को पूरे कार्यकाल के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। 2024 में आपके आशीर्वाद से एक बार फिर हमें मजबूत सरकार बनाने का मौका मिला। मैं आपको बताना चाहूंगा कि जहां केंद्र सरकार का महिलाओं के विकास के लिए लगभग 25- 26 हजार करोड़ रुपए का बजट है। वहीं, हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए हर महीने 15 अरब रुपए का प्रावधान किया है। झारखंड देश का पहला राज्य है, जो बहन -बेटियों को हर महीने 25-25 सौ रुपए सम्मान राशि के रूप में दे रही है।

---



## दिल्ली में वोटिंग से पहले कांग्रेस ने बनाई ईगल टीम

**नई दिल्ली :** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले कांग्रेस ने बड़ा एलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईगल टीम का गठन किया है। यहां ईगल का मतलब एंपावर्ड एक्शन ग्रुप ऑफ लीडर्स एंड एक्सपर्ट्स है। टीम देश में होने वाले चुनावों के परिणाम और वोटर लिस्ट का विश्लेषण करेगी और इस संबंध में रिपोर्ट बनाकर हाईकमान को देगी। पार्टी का कहना है कि टीम का गठन चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए किया गया है। इस टीम में 8 सदस्य शामिल किए गए हैं। अजय माकन, दिग्विजय सिंह, अभिषेक सिंघवी, प्रवीण चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सपल, नितिन राउत, चल्ला वामशी चंद रेड्डी इसके सदस्य हैं। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ईगल टीम को सबसे पहले महाराष्ट्र चुनाव में वोटर लिस्ट से जुड़ा मामला सौंपा गया है, जिसकी रिपोर्ट पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी। इसके बाद पिछले अन्य चुनावों का भी विश्लेषण किया जाएगा और आगामी चुनावों को भी मॉनीटर किया जाएगा।कांग्रेस कई मौकों पर महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों पर संदेह जता चुकी है। पार्टी ने वोटों की हेराफेरी, अचानक मतदान बढ़ जाने और ईवीएम की बैटरी डिस्चार्ज नहीं होने जैसे कई आरोप लगाए थे।बता दें कि राहुल गांधी ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि देश की चुनाव प्रणाली में एक गंभीर समस्या है और चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि चुनावों में पारदर्शिता हो।

---

# अमन गिरोह के पांच अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अमन साहू गिरोह को बड़ा झटका देते हुए लातेहार पुलिस ने बड़ी सफलता पाई हैं। पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने बताया कि।गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधकर्मी अमन साहु गिरोह के सदस्य राहुल सिंह के कुछ लड़के जोगियाडिह स्थित मैदान के पास राहुल सिंह के इशारे पर मुकेश सिंह के घर पर फाइरिंग कर तथा मुकेश सिंह को जान मारने कि योजना बनाने हेतू चार-पाँच लोग हथियार के साथ एकत्रित हुये हैं।जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी अभियान चलाकर राहुल सिंह गिरोह के पांच अपराधी बिलेन्द्र गंझू,मुन्ना गंझू, उमेश गंझू,दिलिप उराँव, व विकास साव को हथियार के साथ रंगे हाथों पंकड़ा गया। जिसके बाद पकड़ाये गये अपराधकर्मियों से पुछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि ये सभी अमन साहू गिरोह के सदस्य हैं एंव राहुल सिंह के निर्देश पर आपराधिक घटना को अंजाम देते हैं,तथा गिरोह के नाम पर रंगदारी वसुलने का काम करते है।पूर्व में मुकेश सिंह के घर में दो बार फायरिंग कि घटना को अंजाम दिये थे एंव चंदवा थाना अंतर्गत चिरू ग्राम के ईट भट्ठा एंव पन्ना टाड़ में भी फायरिंग कि घटना को अंजाम दिये थे।

# भारत ने लगातार दूसरी बार जीता महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप का खिताब




**एजेंसी**

**कुआलालंपुर :** भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम को 9 विकेट से हराया। भारत ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2023 में हुई थी। पहले ही संस्करण में भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में जीत हासिल की थी। अब दो साल बाद दूसरे संस्करण में निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की है।कुआलालंपुर के बयूमास ओवल में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे भारतीय महिला अंडर 19 टीम को जीत के लिए 83 रनों का लक्ष्य मिला। जवाब में भारतीय टीम ने 11.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम किया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारतीय टीम की जीत में गोंगाडी तृषा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले गेंदबाजी में तीन विकेट लिए, फिर बल्ले से नाबाद 44 रन भी बनाए।83 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने अच्छी शुरुआत की और चार ओवर में टीम का स्कोर 36 रन पहुंचा दिया। पांचवें ओवर में जी कमलिनी के रूप में भारतीय टीम को पहला झटका लगा। कमलिनी 8 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद भारतीय टीम का कोई और विकेट नहीं गिरा और लक्ष्य को 11.2 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। गोंगाडी तृषा 33 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 44 रन और सानिका चाके 22 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र विकेट कायला रेनेके ने लिया।

# महाकुंभ में अमृत स्नान आज

**एजेंसी**

**प्रयागराज :** महाकुंभ में बसंत पंचमी के मौके पर भारी भीड़ होने की संभावना जताई गई है। ऐसे में बसंत पंचमी के मौके पर अखाड़ों के स्नान का टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है। इस टाइम टेबल में बताया गया है कि कौन सा अखाड़ा कितने बजे स्नान करेगा और कितने बजे वापस आ जाएगा।29 जनवरी को महाकुंभ के दौरान संगम क्षेत्र में भगदड़ मचने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य लोग घायल हो गए थे। जिसके बाद



यूपी सरकार ने सुरक्षा संबंधी कई सख्त फैसले लिए थे और कई नियमों में बदलाव किया था। हालांकि कुंभ में हुई भगदड़ की घटना राष्ट्रीय पटल पर चर्चा का विषय रही थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाकुंभ में भगदड़ के कारण श्रद्धालुओं की मौत पर शुक्रवार को दुख जताया था और घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी। उन्होंने कहा था,मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे पर दुख व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। इसके अलावा पीएम मोदी समेत देश के तमाम राजनेताओं ने भी इस हादसे पर शोक जताया था। वहीं एक और खबर ये भी है कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा संबंधी याचिका पर आज सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका दायर की गई थी कि महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश और नियम लागू किए जाएं।

# दिल्ली में भाजपा की सरकार बनना तय : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरकेपुरम में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान वह एक बार फिर दिल्ली की मौजूदा सरकार को कटघरे में खड़ा किया। पीएम मोदी आम आदमी पार्टी की सरकार को आपदा कह कर कई बड़े हमले किया। पीएम मोदी ने कहा कि बसंत पंचमी से मौसम बदलने की शुरुआत हो जाती है। तीन दिन बाद दिल्ली में वोटिंग हैं। दिल्ली में इस बार भाजपा सरकार बनने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली की जनता एक बार बीजेपी को मौका जरूर दे। जनता की सेवा के लिए वह पूरी तरह खपा देंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं। ये नेता जान चुके हैं कि जनता आपदा से कितनी नफरत करती है। इन सब को देखते हुए आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि वह झूठी घोषणाएं कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल से आपदा वाले झूठी घोषणाओं से वोट मांग रहे हैं। अब दिल्ली की जनता ये झूठ नहीं सहेगी।



# प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संत मरियम स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

# विदा लेने वाले बच्चे देश लेवल पर अपनी पहचान बनाएं : अविनाश देव






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में 12वीं के छात्रों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, शैक्षणिक प्रबंधक स्वाधीन पाल, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, प्रवीण दुबे व अन्य शिक्षकों ने किया, वही विद्यालय के चेयरमैन व प्राचार्य ने 12वीं के समस्त छात्र एवं छात्राओं को अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ व विद्यालय स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छात्रों ने संभाषण, कविता, नाटक संगीत, नृत्य के माध्यम से विदाई के भावुक पल को अध्यनरत छात्रों को मुस्कुराने की वजह दिया। जिस पौधें को माली अपने बगीचे में शिक्षा रूपी खनिज लवण व जल से, निष्ठा, लगन व कड़ी मेहनत के साथ निरंतर सींचा है उसकी सुगंध की चिंता इस विद्यालय के माली चेयरमैन को सदैव रहेंगी, विद्यालय के चेयरमैन श्री देव ने बड़े ही भारी मन से छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, आगे उन्होंने कहा कि यह समारोह इस विद्यालय से आपको विदा करने का आयोजन नहीं है बल्कि आपके जीवन के सफलता के सिढीयो को सजाकर मार्ग प्रशस्त करने का एक प्रबंध भी है। विद्यालय ने आप सभी को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान कर घर के लिए विदा नहीं कर रहा है बल्कि आपकी हौसले की पंख आसमान तक फैले और अपनी शिक्षा, संस्कृति, संस्कार से अपने परिवार, विद्यालय समेत जिले की पहचान देश भर में स्थापित करें। श्री देव ने तमाम छात्रों आस्वस्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय परिवार आपको लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है, इस सफर में आपका भाई रुपी प्रधानाचार्य व चेयरमैन हर पल आपके लिए समर्पित है।

## सरस्वती पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये : श्रीराम शर्मा



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत एवं गांवों में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने पूजा कमिटियों को शांति, सौहार्द व सरकार के गाईड लाईन का पालन करते हुए सरस्वती पूजा मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूजा आपसी सौहार्द के साथ मनायें। पूजा में शांति भंग करने वालों व असमाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। गश्ती दल लगातार गश्त करते रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा पूजा कमिटी व आमलोगों के साथ है। उन्होंने कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों से कहा कि नशा का सेवन करने व डीजे बजाने पर प्रतिबंध है। सभी इसका पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल पर समिति के लोग आग से बचने के लिए अग्निमन यंत्र रखना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी अनहोनी व कोई भी बातों की सूचना चैनपुर थाना को दें ताकि पुलिस तत्काल कार्रवाई कर सकें। उन्होंने कहा कि पूजा आपसी प्रेम व मिलजुल कर करें,पुलिस हमेशा आपके साथ रहेगी। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन पूर्व के निर्धारित रूट से ही समय पर करें साथ ही कहा कि पूजा व मूर्ति विसर्जन के दौरान नशा का सेवन नहीं करें। साथ ही किसी भी धर्म समुदाय के आहत करने वाला गीत व अश्लील गाना नहीं बजायें।

## देश को विकसित करने वाला आम बजट में व सभी का रखा गया है खयाल : कमलेश



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह भूत पूर्व मंत्री ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह काफी सराहनीय है। भूत पूर्व मंत्री ने कहा कि यह बजट देश की आम जनता को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और रोजगार को प्राथमिकता दी गई है, जबकि गंभीर बीमारी के लिए उपयोगी दवा पर रियायत भी की गई। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। बजट में झारखंड के पर्यटन स्थलों के साथ साथ गरीब और मजदूर वर्ग का भी ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी वर्ग के लोगों के हित का बजट है। इससे देश तेजी के साथ आगे बढ़ेगा।

## आगामी 24 फरवरी को शबरी जयंती मानने के लिये हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** छतरपुर अनुमंडल के अंतर्गत रविवार को माता शबरी मंदिर करमा कला डैम छतरपुर में अनुमंडल स्तरीय बैठक किया गया, जिसमें आगामी 24 फरवरी को माता शबरी जयंती सह भुइंया परिवार मिलन समारोह हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा किया गया, जिसमें विधि व्यवस्था एवं आर्थिक सहयोग एवं अधिक से अधिक लोगों को पूजा में सम्मिलित करने का संकल्प लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मनोज भुइंया एवं संचालन संचालन सुरत भुइंया जी ने किया तथा नेतृत्व शिव भुइंया के द्वारा किया गया। इस बैठक में कई बुद्धिजीवी शामिल रहे जिसमें, बिगन भुइंया, कुश भुइंया, भगिरथ भुइंया, सतेंद्र भुइंया, गुप्ता भुइंया, बिरबल भुइंया, महेश भुइंया, नागेंद्र भुइंया, हरेंद्र भुइंया, अजु भुइंया, महेंद्र भुइंया, संजय भुइंया, विश्वनाथ भुइंया, राजन भुइंया, रामस्वरूप भुइंया, श्रवण भुइंया एवं दर्जनों भुइंया परिवार उपस्थित रहे।

## छात्रों को प्रतिभा उन्नयन हेतु प्रोत्साहित करें अभिभावक, ना बनाएं मानसिक दबाव : एस.डी.एम. सुलोचना मीणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रविवार को डी.ए.वी सेंट्रल मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली द्वारा संचालित एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में वार्षिकोत्सव सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस आयोजन की मुख्य अतिथि सुश्री सुलोचना मीणा ( आई.ए.एस ) सदर एस.डी.एम. मेदिनीनगर थीं । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने वैदिक मंत्रोचार के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलीत किया। हिरण्य गर्भ समवर्त... वेद मंत्रों पर आधारित शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद एम.के.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी. एन खान ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सुश्री सुलोचना मीणा (आई.ए.एस) एस.डी.एम मेदिनीनगर सदर ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस भव्य कार्यक्रम को देखकर मैं अभीभूत हूं। मैं बचपन की स्मृतियों में लौट चुकी हूं। मैं राजस्थान के रणथंभोर के सवाई माधोपुर से आती हूं। मैंने भी अपने छात्र जीवन में अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। मुझे जब कोई मेडल मिलता था, तो मैं भी बहुत खुश होती थी। मैंने मंच संचालन भी किया है। मुख्य अतिथि ने अपने कॉलेज के दिनों को याद किया , जब वे दिल्ली में थी तो उनके पास सर्टिफिकेट के दो फोल्डर हुआ करते थे, जो शिफ्टिंग के दौरान कहीं खो गए। उन्होंने इस बात पर खेद प्रकट किया। उन्होंने कालेज के फॉर्म में अपनी उपलब्धियां को अंकित करने की बात बताई । मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित भी किया गया।

## नैक निरीक्षण समिति के मामले में समरेंद्रनाथ साहा की हुयी है गिरफ्तारी : मंडल



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीबीआई ने नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल की रेटिंग में हुई बड़े घोटाले के सिलसिले में शनिवार को पलामू के विश्रामपुर स्थित आरसीयू के उपकुलपति के कार्यालय का जांच किया था. तीन घंटे तक आरसीयू के वीसी समरेंद्र नाथ साहा के कार्यालय की हुयी जांच के बाद सीबीआई को उससे जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला. जिसके बाद सीबीआई की जांच टीम वापस लौट गयी. इस संबंध में आरसीयू के रजिस्ट्रार प्रो.डॉ देवाशीष मंडल ने बताया कि जांच के बाद सीबीआई की टीम ने उन्हें लिखित सीजर लिस्ट दिया है,जिसमे स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जांच में उन्हें न तो उससे संबंधित कोई दस्तावेज मिला है और न हीं कोई कैश.उन्हें केवल दो नोट पैड मिला है जो श्री साहा के हैंडराइटिंग में था. जिसे सीबीआई की टीम अपने साथ ले गयी है.यहां बताते चलें कि आरसीयू के वर्तमान वीसी एसएन साहा जो यहां 14 दिसंबर 2024 को बतौर वीसी योगदान दिया था, और मात्र एक सप्ताह विश्वविद्यालय के लिये कार्य किये थे. इसके पहले वे नैक के चेयरमैन रह चुके हैं.वहां से सेवानिवृत्त के बाद वे आरसीयू के वीसी बनाये ग़ये थे. नैक के चेयरमैन रहते ग्रेडिंग देने में भारी अनियमितता बरती गयी थी.उसी सिलसिले में सीबीआई की जांच टीम पलामू के विश्रामपुर आरसीयू में आई थी. इसके अलावे देशभर के 20 ठिकानों पर छापेमारी हुई है थी. आरसीयू के रजिस्ट्रार डॉ मंडल ने बताया कि उससे जुड़ा सीबीआई की जांच टीम को कोई दस्तावेज यहां नहीं मिला है.उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मिलते ही श्री साहा को वीसी के पद से हटाने की प्रकिया शुरू कर दी गयी है. ताकि आरसीयू के इमेज पर कोई अंगुली न उठा सके. उन्होंने यह भी बताया कि जांच के दौरान श्री साहा छुट्टी पर थे, उनकी गिरफ्तारी दिल्ली से हुयी है।

## पोस्टमार्टम कराकर किया गया शव परिजनों के हवाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरिया देवबहार के दीपक टेटे पिता सिलबानुस टेटे कुछ काम से अपने दीदी-जीजा के घर जलडेगा के बलडेगा, धरनाकटा गांव गया हुआ था इसी क्रम में मछली मारने के दौरान नदी में डूब कर उसकी मृत्यु हो गई, ग्रामीणों के अनुसार मृतक को मिर्गी का दौर आता था इसी कारण नदी में दौरा पड़ने से गहरे पानी में डूब कर मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना को दिया तत्पश्चात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा गया, जहां पर जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम एवं जिला सचिव सह प्रमुख विपिन पंकज मिंज अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढांढ़स बंधाया एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप गया, मौके पर केरिया पंचायत के अध्यक्ष अनिल सुरीन, जेम्स कंडुलना, शाहबाज आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के सपनों को सरकार करने वाला है बजट

# बजट में रखा गया है सभी का ध्यान : मनोज सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बीजेपी झारखंड के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने परिसदन मे पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को संसद में 2025-26 का आम बजट पेश किया, जो देश के आमजन का हितकारी एवं आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करने वाला समावेशी बजट है। इस बजट में गरीब, किसान, महिलाएं अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग सभी के विकास को बढ़ाने वाला है। मिडिल क्लास को आयकर में 12 लाख तक छूट देने से लाभ मिलेगा। एमएसएमई बजट को बढ़ाने से लघु कूटीर उद्योग को फायदा होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। गरीबों के लिए आवास की सुविधा मे बढ़ोतरी के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वालंबन बनाने में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मजबूती प्रदान करेगा। शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी, मेडिकल कॉलेज की संख्या बढाने के साथ-साथ छात्रों के सीटों की संख्या भी बढ़ाना बजट में प्रावधान किया गया है। जिससे उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे। रक्षा के क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत की झलक बजट में साफ नजर आता है। जनजीवन मिशन से हर घर नल जोड़ने का विस्तृत प्रावधान इस बजट में किया गया है। घरेलू मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र एवं फूड प्रोसेसिंग में बढ़ोतरी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान किया जाना भी इस बजट का अहम पहलू है। ऊर्जा के क्षेत्र में भी देश को आत्म निर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।सड़क रेल हवाई अड्डे एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के उद्देश्य से कई बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं से विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत बनाने की ओर देश अग्रसर होता चला जा रहा है। यह ऐतिहासिक बजट गांव गरीब किसान महिला युवा सभी के विकास का है। प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने वाला है और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का बजट है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, अविनाश वर्मा, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्र, मनोहर कुमार लाली, सरवन गुप्ता, डा0 प्रेमजीत कुमार सिंह, श्वेताग गर्ग एव अन्य लोग मौजूद थे।

## सेवा के क्षेत्र में पिता-पुत्र दोनो झारखंड सेवा सम्मान से रांची में होंगे सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सेवा के क्षेत्र में पिता पुत्र कि जोड़ी झारखंड सेवा सम्मान 2025 से रांची में राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान और संचालक साजिद खान सम्मानित किये जायेंगे।बताते चलें कि आज से दस साल पुर्व हर घर तिरंगा अभियान कि शुभारंभ कर एवम् झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशीष कुमार तिवारी के सम्मान में गरीबों का निशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक खोलकर गरीबों के लिए वरदान बन चूकें समाजसेवी शौकत खान और अब तक दो लाख से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेटकर और दस लाख से अधिक गरीबों को मदद कर भारतवर्ष के लिए सेवा के क्षेत्र में आइकॉन बन चुके हैं।शौकत खान और अब तक इनके द्वारा देश भर में हजारों जगहों पर पर लोग निशुल्क कपड़ा बैंक खोलकर गरीबों कि सेवा कर रहे हैं। जिसके लिए शौकत खान और साजिद खान को देश भर से अब तक सैकड़ों अवार्ड और सम्मान मिल चुका है। नौ फरवरी को रांची में झारखंड सेवा सम्मान 2025 में जहां शौकत खान को सम्मानित करने के लिए निमंत्रण आया है। वहीं उनके पुत्र साजिद को खास अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया है। क्योंकि साजिद ने पिछले महीने हिमाचल प्रदेश के मनाली में बर्फ के पहाड़ों कि चोटियों पर माइनस नौ डिग्री सेल्सियस में तिरंगा लहराकर अपने जिला और राज्य समेत भारत का मान सम्मान बढ़ाया है।

## शहीद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब भवनाथपुर ने जीता

## शामिल हुए बतौर मुख्य अतिथि विकास कुमार माली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** शहीद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट मैच सीजन 08 का फ़ाइनल मुकाबला रविवार को परसोडीह हाइ स्कूल के मैदान में खेला गया। कांडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भवनाथपुर को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि विकास कुमार माली एवं आयोजन कर्ता पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान गाजे-बाजे के साथ खेल मैदान पहुंचे और दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आए हुए अतिथियों को माला के साथ सम्मानित किया। फाइनल टूर्नामेंट मुकाबला कांडी बनाम भवनाथपुर के बीच खेला गया। शुरुआती पारी में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भवनाथपुर के टीम ने 20 ओभर खेल कर 182 रन का लक्ष्य कांडी टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए कांडी की टीम ने 10 विकेट खोकर 15.5 ओभर में 110 रन बना कर ही हार मान गई और भवनाथपुर की टीम ने फाइनल मैच का खिताब अपने नाम किया। भवनाथपुर की टीम ने न सिर्फ बेहतरीन गेंदबाजी की, बल्कि बल्लेबाजी में भी दमखम दिखाते हुए कांडी को मात दी साथ ही भवनाथपुर के खिलाड़ियों ने टीम वर्क और संयम का बेहतरीन उदाहरण पेश किया,जिससे उन्होंने खिताबी जीत दर्ज की। इस दौरान गोलू कुमार को बेहतर बल्लेबाजी के कारण मैन ऑफ द मैच एवं भवनाथपुर के कैप्टन अर्पित सिंह को मैंन आफ द सीरीज देकर सम्मानित किया गया वही विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ संविधान का किताब देकर आयोजन कर्ता अनिल कुमार पासवान के द्वारा हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर आयोजकों को प्रेरित करते हुए विकास माली ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाके में ईस तरह का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने खिलाड़ियों को कहा कि मेरी संस्था से जिस तरह का सहयोग चाहिए संस्था हर समय सहयोग करने के लिए तत्पर और तैयार है। वही आयोजन कर्ता अनिल कुमार पासवान ने खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यह जीत आपकी मेहनत और लगन का परिणाम है। मैं जब तक जीवित रहूंगा इस तरह का खेल अनवरत चलता रहेगा। फाइनल मुकाबले में दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पूरे मैच के दौरान जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। इस मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह, मुखिया मूंगा साह, टूर्नामेंट के संरक्षक अजय वर्मा, अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष देवकुमार ठाकुर,सचिव संजीव गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, कॉमेंटेटर लव वर्मा, एके मौर्या, अंपायर रमेश रजक, कुश वर्मा, नागेंद्र ठाकुर, अजय राम, शिक्षक दीपक सिंह, अखलेश पासवान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### पारस हॉस्पिटल में चार फरवरी से लगेगा नि:शुल्क कैंसर परामर्श शिविर

**रांची** : विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल एचईसी की ओर से 4 से 14 फरवरी तक मरीजों के लिए नि:शुल्क कैंसर परामर्श शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में लोग कैंसर से संबंधित बीमारियों की जानकारी ले सकेंगे। इसमें पारस हॉस्पिटल एचईसी के अन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश कुमार सिंह और डॉ मदन गुप्ता समेत अन्य कैंसर विशेषज्ञ मरीजों को परामर्श देंगे। साथ ही डॉक्टरों के अनुशंसा पर सभी जांचों पर 50 प्रतिशत की भी छूट दी जाएगी। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल कैंसर पीड़ितों के लिए नि:शुल्क शिविर लगा रहा है। कैंसर के मरीज इस नि:शुल्क शिविर का लाभ उठा सकते हैं। नि:शुल्क पंजीकरण के लिए 7282010101 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कुमुद, सुरेंद्र और महादेव समेत कई लोगों ने लिया आजसू की सदस्यता

**रांची।** झारखंड के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत झारखंड आंदोलनकारी कुमुद वर्मा ने अपनी राजनीतिक घर वापसी करते हुए आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ चडरी सरना समिति के महासचिव एवं समाजसेवी सुरेंद्र लिंडा और महादेव टोप्पो ने भी आजसू पार्टी का दामन थामा। इसके अलावा कांटा टोली के सामाजिक कार्यकर्ता मो. तौफीक ने भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिससे पार्टी के जनाधार को और अधिक मजबूती मिली। इस मौके पर आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा युवाओं का राजनीति में सक्रिय भागीदारी लेना और झारखंड के बेहतर भविष्य के निर्माण में उनका योगदान सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है।

# हथियार समेत आठ लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ओडिसा के कालाहांडी जिले की पुलिस ने झारखंड पुलिस के सहयोग से आठ लूटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए लूटेरों में सात रांची जिला के रहने वाले है, एक गुमला जिले का रहने वाला है। पुलिस ने इनके पास से 3.51 करोड़ रुपए कैश, हथियार, गोलियां, अपराध की घटना के दौरान इस्तेमाल किए गए वाहन को भी जब्त किया है। धर-पकड़ में दोनों राज्यों के 11 जिलों की पुलिस ने साथ मिल कर काम किया। रांची के जिन लूटेरों को गिरफ्तार किया गया है उसमें जैसाम खान, शमीम अंसारी , बासुदेव गोप, ताहिर अंसारी, हुसैन खान,पिंटू अलीम ,अनुज कुमार है। बताया गया कि ओडिसा के डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया की ओर से इस बात जानकारी साझा की गई है। सभी अभियुक्तों ने जेएच10एपी-4817 नंबर की बोलेरो गाड़ी का इस्तेमाल करते हुए राज्य के धर्मगढ़ जिले की एक देसी शराब भट्टी में 30 जनवरी की रात लूट की घटना को अंजाम दिया था। वहां हथियार दिखाकर कर्मचारियों और ग्राहकों को धमकाया और पैसे लूट लिए।

घटना के बाद धर्मगढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामले के खुलासे के लिए कालाहांडी एसपी के नेतृत्व में स्पेशल टीम बनाई गई थी। मिल रहे लोकेशन के आधार पर स्पेशल टीम ने झारखंड से बोलेरो बरामद किया। वहीं स्थानीय ओडिसा पुलिस ने पहले दो आरोपियों सिराज अंसारी और कामेश्वर यादव को अरेस्ट किया। इन्हीं की निशानदेही पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति ने महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पहाड़ी मंदिर के प्रांगण स्थित सेड में श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) के बैनर तले 26 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव बारात निकालने हेतु आवश्यक बैठक रखी गई।इस बैठक कि अध्यक्षता शैलेश्वर दयाल सिंह ने कि। इस बैठक में मुख्य रूप से संस्थापक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा की श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी (मुख्य द्वार) हर साल की भांति इस साल भी पहाड़ी मंदिर से सबसे पहला बारात महाशिवरात्रि के दिन निकालेंगी। जिसमें कि विभिन्न प्रकार की झांकी, ताशा ढोल नगाड़ा के साथ भव्य कार्यक्रम भी होगा। पहाड़ी मंदिर के पास स्टेज बनाकर सभी का स्वागत भी किया जाएगा साथ ही शहर के तमाम गन्यमान्य लोगों सहित पहाड़ी बाबा के सभी शिव भक्तों को सादर आमंत्रित किया जाएगा।यह शिव बारात पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से पूजन कर



शुरू होगी जोकि हरमू रोड शनि मंदिर, बकरी बाजार, काट सराय रोड, कोतवाली थाना रोड, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से वापस घूमते हुए शहीद चौक, अप्पर बाजार स्थित गांधी चौक, महावीर चौक, ग्वाल टोली, रातू रोड स्थित न्यू मार्केट चौक, दुर्गा मंदिर रातू रोड, होते हुए पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगी जहां पर शिव बारातीयों का विश्वनाथ मंदिर समिति के द्वारा स्वागत कर भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूप का विधिवत विवाह संपन्न होगा।साथ ही शहर वासियों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहाड़ी बाबा के भक्तगण भगवान शिव, माता पार्वती एवं भूत पिचाश के स्वरूप में पहाड़ी बाबा के इस बारात में शामिल हो जो भी पहाड़ी बाबा के भक्तगण भगवान और माता सहित भूत पिचाश के रूप में शिव बारात में शामिल होंगे झांकी को छोड़कर उन्हें समिति अपने स्टेज पर सम्मानित करेगी। 9 फरवरी को पूरे कमेटी के पदाधिकारी चुने जाएंगे। उपस्थित तमाम लोगों ने अपनी अपनी राय दी शिव बारात को लेकर। इस बैठक में मुख्य रूप से संस्थापक नन्द किशोर सिंह चंदेल,शैलेश्वर दयाल सिंह,निवर्तमान अध्यक्ष गुलशन मिड्ढा,जीतू अरोड़ा, राजू काटपाल, विनय सिंह, जीतू साहू, बिट्टू सिंह, मोनू शर्मा, नीलू सिंह, बिना सिंह, संध्या देवी, गीता देवी, रंजू देवी,राहुल सिंह, संजय कुमार सिंह, मधुकर सिंह , हर्ष कुमार सहित अनेकों पहाड़ी बाबा के भक्तजन उपस्थित रहे।

# रांची लौटे कलाकारों का हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गणतंत्र दिवस 2025 पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी को प्रस्तुत कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले झारखंड के कलाकारों का रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा सह झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता ने स्वागत किया। इस मौके पर सीबीआई नेता अजय सिंह, सुरेंद्र , अकबर कुरैशी सहित कई लोग शामिल थे। बता दे कि झांकी में राज्य की विरासत, विकास, और संस्कृति को दिखाया। इस झांकी में दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही, झारखंड की कला-संस्कृति और महिला सशक्तिकरण को भी दिखाया गया। झारखंड की झांकी की खास बातेंः इस झांकी का थीम था- स्वर्णिम झारखंड- विरासत और प्रगति की विरासत.झांकी में रतन टाटा की जीवन यात्रा को दिखाया गया.झांकी में जमशेदपुर के औद्योगिक इकाइयों का विहंगम प्रारूप दिखाया गया। झांकी में सोहराई और खोबर पेंटिंग को दिखाया गया.झांकी में पारंपरिक नृत्य को दिखाया गया। झांकी में महिला सशक्तिकरण को दिखाया गया। झांकी में तसर रेशम की समृद्ध विरासत को दिखाया गया।

# जिला संयोजक मंडली ने हेमंत सोरेन के डुप्लीकेट मुन्ना को दिलाई सदस्यता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में 02 फरवरी 2025 को रांची महानगर अंतर्गत हटिया चौक, स्वर्णरेखा पुल के समीप शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया।झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे चलाए गए सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दाढ़ी लुक से प्रभावित हुए रंगकर्मी मुन्ना लोहार जो हेमंत सोरेन की तरह दाढ़ी स्टाइल रखकर डुप्लीकेट के चर्चा में बने हुए हैं उसे भी झामुमो की सदस्यता दिलाई गई। इस सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से रांची जिला



संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, डॉ हेमलाल कु0 मेहता, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा एवं जिला से मुख्य रूप से आफताब आलम, कलाम आजाद, आदिल इमाम, विजय आनंद नायक, प्रदीप मिर्धा, अमन तिवारी, परवेज आलम, राजेश सिंह, रमजान रजा, लाडले खान, गोपाल पांडेय, असद फेराज टिंकू, मो इरफान, आजाद रजा, राकेश, मनीष राणा, राहुल वर्मा, अतिकुर रहमान, कुलदीपक कुमार, अल्ताफ राजा, कासिफ रजा, गुलसा शामी, भास्कर महतो एवं अन्य शामिल हुए।।

# मेरे जीवन का हर पल आमजन और झारखण्ड के लिये समर्पित : डॉ. सूरज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद, पूर्व जैक उपाध्यक्ष और झारखण्ड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि उनके जीवन का हर पल झारखण्ड और यहाँ के आम लोगों से प्रति समर्पित है. डॉ. मंडल ने कहा कि झारखण्ड में भरपूर खनिज संपदा और मानव संसाधन है लेकिन अफसोस की बात है कि राज्य स्थापना के बाद 24 साल के दौरान उसका कुशलता के साथ उपयोग नहीं किया गया. कांके रोड स्थित इस्कॉन मंदिर में अपने जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि झारखण्ड के बेहतर भविष्य के प्रति वह बहुत आशान्वित हैं. उन्होंने भरोसा जताया कि झारखण्ड में सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नेता भी भले ही वे किसी भी दल से संबंधित हों लेकिन अपनी गहरी नींद से जागेंगे और झारखण्ड के आप लोगों की खुशी और समृद्धि के लिये कदम उठायेंगे. इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने कहा कि मण्डल की राजनीतिक सक्रियता और जनहित के प्रति समर्पण न केवल उन्हें बल्कि लाखों लोगों को प्रेरित करता है. आज के जन्मदिवस समारोह में डॉ. मण्डल के अनेक समर्थकों, शुभचिन्तकों और इस्कॉन के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# झारखंड से जुड़ी अटल की स्मृतियों को संग्रहित करेगी भाजपा : सीपी सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष में व्यापक रूप से पूरे देश में अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी। झारखंड प्रदेश भाजपा भी कार्यक्रम की तैयारी में जुट गई है। शताब्दी आयोजन केलिए प्रदेश स्तरीय समिति बनी जिसके संयोजक प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू हैं।सह संयोजक पूर्व विधायक अनंत ओझा ,प्रदेश मंत्री मति सुनीता सिंह सहित शिवपूजन पाठक,योगेंद्र प्रताप सिंह , अनिल




सिंह,अनुज कुमार शामिल हैं।प्रदेश कार्यालय में आगामी कार्ययोजना पर प्रेसवार्ता करते हुए वरिष्ठ नेता एवं रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रदेश भाजपा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ी स्मृतियों को संग्रहित करेगी। कहा कि सभी जिलों में गठित अटल शताब्दी आयोजन समिति जिला स्तर पर अपने जिलों से जुड़ी अटल की स्मृतियों का संग्रह करेगी।कहा कि झारखंड निर्माता अटल का झारखंड से गहरा जुड़ाव रहा था।उन्होंने अपने जीवन काल में अनेकों बार झारखंड के सुदूर ग्रामीण जिलों तक सड़क, रेल मार्ग से यात्राएं की थी। कई जनसंघ कालीन कार्यकर्ताओं के आवास पर भी उनका जाना, विश्राम करना हुआ था।

कई कार्यक्रमों में उनकी बड़ी सहभागिता हुई थी। झारखंड क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को मजबूती प्रदान करने में अटल जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मौके में प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,सह प्रभारी अशोक बड़ाइक उपस्थित रहे।

# 10 अंचलों में एक साथ दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला प्रशासन, रांची द्वारा पहली बार एक साथ 10 अंचल में शिविर लगाकर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बड़गाई अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि अनगड़ा, अरगोड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुड़मू, चान्हो, हेहल, ईटकी एवं नगड़ी में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया



गया। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आम जनों से प्राप्त हो रही शिकायतों के बाद पहले चरण में 10 डिसिमल तक के म्यूटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए कार्य योजना तैयार की गई। सभी अंचल अधिकारियों के साथ लगातार बैठकों के बाद 10 डिसिमल तक के बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के लंबित म्यूटेशन के मामलों की सूची तैयार की गई। सभी अंचलों को 14.01.2025 तक के लंबित 10 डिसिमल के ऐसे मामलों की सीआई और कर्मचारी स्तर से निर्धारित तिथि को वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत नहीं करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी अंचल में वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं।

# विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए आम सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार समय 9.00 बजे से 12 बजे तक विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक आम सभा का आयोजन किया गया था । साथ साथ द्वितीय सत्र समय 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक के लिए महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं, उनके अध्यापकों और अभिभावकों के लिए भी उसी तरह आम सभा का समान आयोजन किया गया था । व्यवस्थापकों की नज़र में यह शत-प्रतिशत सफ़ल रहा। स्थान - जतरा मैदान, नगरी, कांके रोड, रांची, झारखंड। इसका एकमात्र उद्देश्य था विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के हृदय में तीनों का पारस्परिक समन्वयन और समान नयन स्थापित हो सके । आज़ विद्यार्थी गण अपने अपने अभिभावकों और शिक्षकों से कटे कटे रहने के लिए मजबूर दिखते हैं । सामाजिक स्थानीय शैक्षिक और आर्थिक (सास्थाशाया) योजना जो जनगण शक्ति मंच द्वारा हर-एक ग्राम पंचायत और नगर पंचायत में स्थानीय सरकार की देखरेख में और स्थानीय अभिभावक समिति की जिम्मेदारी में स्थापित होने जा रही है, इसी दिशा में एक समयानुकूल क़दम है। इससे विद्यार्थी गण के साथ उनके अभिभावक गण और शिक्षक गण संटे संटे रहने के लिए अनुप्रेरित और अभिप्रेरित हो सकेंगे । इसी उद्देश्य से इसकी तमाम जानकारियां या सूचनाएं स-समय उपलब्ध करने और करवाने के लिए नगरी, कांके - पतरातु के मुख्य मार्ग पर मुख्य कार्यालय का उद्घाटन किया गया है।

# खलील अहमद की याद में माही ने बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव माही, जमीयतुल इराकीन व झारखण्ड अंजुमन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें विभिन्न स्कूलों से लगभग 80 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। यह कार्यशाला इस्लाम नगर निवासी मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता मरहूम खलील अहमद के शिक्षा के क्षेत्र में विशेषकर स्लम विद्यार्थियों के लिए दिये गए अभूतपूर्व योगदान की याद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान से




इम्तियाज अहमद व मंच का संचालन सरवर इमाम खान ने किया झारखण्ड अंजुमन के कन्वेनर जुनैद अनवर ने अपने जमाने में दिए गए बोर्ड परीक्षा के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि आप बचे हुए समय का सदुपयोग कर, अपनी भावनाओं को नियंत्रित कर कठिन परिश्रम व आत्मविश्वास के सहारे आगामी परीक्षा के बाधाओं को सकुशल पार कर सकते हैं।जमीयतुल इराक़ीन के सदर हसीब अख़ूतर ने कहा कि मौजूदा दौर एक सख़्त मुज़ाहमत (कट-थ्रोट मुक़ाबला) का दौर है, जहाँ कामयाबी के लिए मुख़्तलिफ़ ज़बानों, ख़ुसूसन अंग्रेज़ी की महारत (कुशलता) हासिल करना इंतिहाई ज़रूरी है।माही के कोषाध्यक्ष ग़यासुद्दीन उर्फ़ मुन्ना ने कहा कि वक़्त का सही इस्तेमाल और मुंतज़म (अनुशासित) ज़िंदगी इंसान को मुतमइन (संयमित), मुत्तहिद (संघटित) और मुस्तहकम (सुदृढ़) बनाती है।मारवाड़ी कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रोफेसर ज़ुबैर अहमद ने कहा कि रुकावटें सिर्फ़ एक इम्तिहान होती हैं, जो हमें सिखाती हैं कि हौसला, सब्र और मेहनत से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। माही व साझा मंच झारखण्ड के कॉर्डिनेटर इबरार अहमद,अंग्रेजी के जाने माने शिक्षक व मोटिवेटर अब्दुल्लाह कैफी,जमीयतुल इराकीन के महासचिव सैफुल हक, माही के उपाध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह,अर्शद शमीम,हाजी नवाब,मोहम्मद शकील,मोहम्मद मतीन आदि शामिल थे।

# हरा राशन कार्ड का वितरण नहीं करने पर अनुभाजन पदाधिकारी ने डीलरों से मांगा स्पष्टीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, रांची, मोनी कुमारी की अध्यक्षता में 01 फरवरी 2025 को समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा एवं निर्देश दिया गयाः

हरा राशनकार्ड में जनवरी 2025 का वितरण अब तक कुछ डीलरों के द्वारा जीरो प्रतिशत किया गया है और कुछ डीलरों द्वारा 100 प्रतिशत वितरण किया गया है। जीरो प्रतिशत वितरण करने वालें डीलर से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है।हस्न्र जनवरी 2025 में वितरण 88 प्रतिशत हुआ है। जिसमें भी सुधार करने का निर्देश दिया गया।

राशनकार्डधारियों का श्वङ्घ्न4ष् जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए गए। जिनका श्वङ्घ्न4ष् नही हुआ है, उनका दिनांक-28 फरवरी 2025 के बाद स्वतः राशन कार्ड से नाम विलोपित हो जाएगा। मोबाइल सीडिंग 63 प्रतिशत हुआ है जिसमें तेजी लाने का निर्देश दिया गया।चना दाल का वितरण 79 प्रतिशत अब तक किया गया है जिसमें तेजी लाने का निर्देश



दिया गया है। नमक वितरण योजना में रांची अनुभाजन क्षेत्र वितरण में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। माह दिसम्बर में किए गए बैठक में सभी पणन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया था कि वैसे राशन कार्ड धारियों को चिन्हित करें जो पिछले छ- माह से राशन का उठाव नहीं कर रहे। लेकिन आज तक उनके द्वारा प्रतिवेदन नही दिया गया। उन्हें जल्द प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। सभी डीलर को प्रपत्र दिया गया है, जो वार्ड इंचार्ज से हस्ताक्षर लेते हुए पणन पदाधिकारी के माध्यम से पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण में सुधार करने का निर्देश दिया गया।चीनी वितरण 100 प्रतिशत नही होने पर सभी डीलर से अगले दो दिनों में अंदर छ्व्हड्डद्बह्ल जमा करने का निर्देश दिया गया है।

# एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता नृत्य, गायन एवं चित्रांकन का आयोजक, राष्ट्रीय उन्नयण विकास केन्द्र, राँची है और प्रायोजक- सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कुद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवेन्द्र कुमार सिंह जिला- कला खेल पदाधिकारी रांची विशिष्ट अतिथि, मनिश कुमार सर्वे सहायक प्रशाखा पदाधिकरी सांस्कृतिक कनिदेशालय झारखण्ड सरकार, मनोज कुमार सांस्कृतिक



कार्य निदेशालय झारखण्ड सरकार राहुल कुमार सिंह सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखण्ड सरकार और राष्ट्रीय उन्नयण विकास केन्द्र, राची के सचिव सह समाज सेवी दानिश इकबाल थे. इस अवसर पर नृत्य,गायन, चित्रांकन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और सभी सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के सहयोगी फैयाज अंसारी यासिन अंसारी, मो0 राशिद ,सचिव राष्ट्रीय उन्नयण दानिश इकबाल विकास केन्द्र, रांची का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सरस्वती पूजा की तैयारी पुरी, पूजा आज



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा की तैयारी पुरी हो गई है। आज विराजेगी विद्या की देवी मां सरस्वती।कारीगर के द्वारा मां सरस्वती मूर्ति की अंतिम रूप दे दिया गया है। बाजारों में सरस्वती मूर्ति की बिक्री काफी रही। क्षेत्र में हर गली में स्कूलों में बच्चों के द्वारा पूजा पंडाल बनाया गया है। बाजारों में भी सरस्वती पूजा को लेकर काफी चहल-पहल है।पूजा को लेकर बच्चे भी काफी उत्सुक हैं।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 02/02/2024 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में टाटीसिलवे क्षेत्र के सिल्वे, टाटी , महिलोंग, एवम होरहाप गांव में सदस्यता अभियान चलाया गया।जिसमे सैकड़ो लोगो ने झा मु मो का सदस्यता लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मण राम ,सूरज साहू, विश्वनाथ महतो, सुलेन्द्र महतो, चरण मुंडा सुशील लकड़ा, एतवा कुजूर, मोनी देवी, बबिता देवी एवम सैकड़ो लोगो ने सदस्यता ग्रहण किया।

## प्रज्ञा समिति की बैठक संपन्न




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज प्रज्ञा समिति की बैठक में नई कमिटी को अनुमोदन के लिए संरक्षक मण्डल के बीच रखा गया।जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से पारित किया।जिसमें अध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष रामेश्वर नाथ मिश्रा, विश्वनाथ तिवारी,महामंत्री मिरतुंजय मिश्रा,सचिव स्वप्न बावला, राजेश कुमार मिश्रा संगठन मंत्री मनमोहन पांडेय,सम्भु दास गोस्वामी, प्रभाष झा, सतीश मिश्रा ,मुकुल पाठक कार्यकारिणी में राजकुमार पांडेय, तारकेश्वर नारायण तिवारी, नीरज दुबे ,वरुण तिवारी, महीप नारायण मिश्रा, कृष्ण मुरारी मिश्रा ,पंकज तिवारी, अमन मिश्रा, बिरेश पाठक, सुधीर चौधरी, अमित तिवारी, पंकज पांडेय , संगठन मंत्री प्रवीर उपाध्याय,कोषाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा को अनुमोदित किया गया।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में आज मनाया जाएगा सरस्वती पूजा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा आज की जाएगी।पिपरवार क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के अलावा आवासीय कॉलोनी में सरस्वती पूजा का आयोजन किया जा रहा है,जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।पूजा को लेकर कई जगहो पर भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है।आज सुबह विधिवत पूजा अर्चना के साथ पूजा पंडाल का पट खोल दिया जाएगा।बचरा अशोक विहार कॉलोनी मे हिल एंड व्यु क्लब के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है।वही पुरे पूजा स्थल में आकर्षक विद्युत साज की गई है।समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह में पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोल दिया जाएगा,इसके बाद दोपहर में खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।वहीं रात्रि में भक्ति कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।समिति के लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में 80 लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित कर पंचायत के गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 80 गरीब असहाय दिव्यांग लाभुको के बीच कंबल का वितरण किया गया।इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि ठंड के प्रकोप को देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल का पंचायत में वितरण किया गया,साथ ही लाचार व्यक्ति को घर जाकर कम्बल दिया गया।उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ पंचायत के प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचाया जाएगा।इस क्रार्यक्रम में मुखिया रीना देवी,उपमुखिया टिंकी देवी, वार्ड सदस्य रामनंदन राम के अलावे कम्बल लेने वाले लाभुक सुधनी देवी,कंचन भुइया,बाजो देवी,सुकरी देवी,राधा देवी,मीना देवी, राजा भुइया,पर्वती देवी, जसवा देवी,वीणा देवी, यशोदा देवी,सुनीता देवी, गुजरी देवी सहित काफी संख्या मे लाभुक मौजुद थे।

## समाज व क्षेत्र के दबे-सहमे महिलाओं के लिए प्रेरणाश्रोत बनते जा रहे हैं सरिता देवी व भूषण महतो



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएन वूमेन द्वारा शेलीड्स प्रोग्राम के लिए ओरमांझी से ज़िला परिषद सदस्या सरिता देवी को चयनित होने पर शिक्षक सह बारीडीह पंचायत के वार्ड सदस्य भूषण कुमार महतो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के एक अति पिछड़े और ग्रामीण इलाके से ऐसी जुझारू महिला का चयनित होना इस पूरे प्रखण्ड और जिला के लिए गौरव का पल है।सरिता जी ने ये प्रतिभा हासिल करके उन महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी जो गांव समाज मे आज भी प्रताड़ित किए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि सरिता देवी पाँचा गाँव ओरमांझी के खेती किसानी परिवार से निकलकर यूएन वूमेन के प्रोग्राम के लिए चयनित होना एक बड़ी उपलब्धि है। महतो जी ने इस उपलब्धि पर कहा कि राँची से हवाई यात्रा करते हुए दिल्ली के पाँच सितारा होटल में ठहरना एवं भोजन का पहला अनुभव संभवतः रोमांचक होगा साथ ही देश के दूसरे कोने से पहुँची अन्य महिला लीडरों के साथ अपने राजनीतिक सफ़र के अनुभवों को साझा करना , सरिता देवी के लिए यादगार भी रहेगा। अगर सरिता जी लीडरशिप दिखाते हुए लैंगिक समानता पर अपनी प्रतिबद्धताओं के लिए जवाबदेह होने के विचारों को सहज ढंग से रख पाई तो निःसंदेह यू एन वूमेन के विदेश के कार्यक्रम के लिए भी चुन ली जाएगी। यू एन वूमेन की काव्या जैन का विशेष आभार , जिसने कुडमी किसान परिवार की एक महिला को चयन लायक़ समझा। मैं कामना करता हूं कि भगवान सरिता जी को ऐसे ही नित्य आगे बढ़ाते रहे और वो अपनी ऊंचाइयों को दिन प्रतिदिन छूते रहे। और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते रहे।

# बंदगांव के लुंबई मैदान में सरना धर्म सभा आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंट :** बंदगांव के लुंबई मैदान में रविवार को सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजिन किया गया. इससे पहले करमु हेंबरोम, बलराम हेंबरोम व बेला मुंडरी की अगुवाई में सरना स्थल में पूजा-पाठ कर भगवान सिडबोंगा से खुशहाली की कामना की. सभा को संबोधित करते हुए धर्म गुरु सोमा कंडीर ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है. यह सभी धर्मों का आधार और संरक्षण है. सरना धर्म की अपनी धार्मिक विधि-विधान, बहुमूल्य जीवन शैली, दर्शन तथा आदर्श है जिसमें लाखों लोगों की धार्मिक आस्था-विश्वास है. यह जातीयता से ऊपर उठकर समानता का पाठ पढ़ाता है. अतः मानवीय मूल्यों की समृद्धि के लिए सरना धर्म का संरक्षण व संवर्धन की जरूरत है. सभा को संबोधित करते हुए धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि आजाद भारत में भी सरना धर्म के खिलाफ वर्षों से साजिश किया जा रहा है. 2011 की जनगणना में धर्मावलंबियों की संख्या 50 लाख से अधिक अंकित करने के बावजूद अन्य के अंतर्गत रखा जा रहा है जबकि जैन धर्मावलंबियों की संख्या 44 लाख पर कोड आवंटित है. इससे साफ जाहिर होता है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार सरना धर्म कोड आवंटित करने में नाकाम साबित हुई है. अतः हमें सरना कोड के लिए डटकर संघर्ष करना चाहिए. सभा में धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, विष्णु, मुंडरी, डॉ सीताराम मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा, सुभासिनी पुर्ती, धीरजु मुंडा, सोमा मुंडा, सुखराम पुर्ती, मथुरा कंडीर, रमण टुटी, कानू मुंडरी, नंदलाल हेंबरोम, विश्राम टुटी, मधिराय हेंबरोम, गुरुमनी टुटी, बलराम मुंडरी, नंदू मुंडरी आदि गणमान्य लोग शामिल हुए.

# अशोक परियोजना मे हुई युर्नाईटड कोल वर्क्स युनियन की बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता


**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना मे रविवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन अशोक परियोजना शाखा कार्यकारणी की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता मनोज राम ने किया।बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट का विरोध किया गया,साथ ही एटक के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान के समर्थन में आगामी 5 फरवरी को विरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।इस बैठक में युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन द्वारा आगामी 10 फरवरी को रांची स्थित सीएमपीडीआई सभागार मे आयोजित होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान करते हुए अशोक परियोजना से 46 डेलीगेट का चयन किया गया है।इन 46 डेलीगेट सदस्यों का कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पारित कर चयन किया गया।इस बैठक को संबोधित करते हुए सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य अरविंद शर्मा ने कहा कि मजदूरों के सभी समस्याओं को लेकर पिपरवार क्षेत्र में संयुक्त मोर्चा यूनियन प्रतिनिधियों के द्वारा विगत दिनो 22 सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सौपा गया था।इन मांगों पर पिपरवार प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन किए जाने की बात कही।उन्होंने सभी मजदूरों से एकजुट रहने का आह्वान किया।बैठक में मुख्य रूप से रहमतुल्लाह,सेवक गंझु, अनित कुमार,रमेश कुमार, दिलीप कुमार महतो,कुंवर महतो,बंटी मोदी,पूसनी देवी, मोहन पाहन,गीता देवी,भरत नोनिया,पानो देवी,अंतू प्रजापति,मोहम्मद उस्मान, राजकुमार सहित कार्यकारिणी समिति के सैकड़ो सदस्य मौजुद थे।

## केंद्रीय बजट से झारखंड को विभिन्न योजनाओं में हजारों करोड़ की सौगात प्राप्त होगी : प्रतुल शाह देव




**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पार्टी के खूंटी ज़िला कार्यालय में केंद्रीय बजट में झारखंड को मिली सौगातों पर प्रेसवार्ता की.इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता व आदर्श अंशुल भी उपस्थित थे. प्रतुल ने कहा कि केंद्रीय बजट की योजनाओं का सीधे तौर पर झारखंड को हजारों करोड़ की योजनाओं का लाभ मिलेगा. प्रतुल शाहदेव ने कहा कि देश भर के सभी स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भारत नेट परियोजना के तहत ब्रॉड बैंड से जोड़े जाने का प्रावधान बजट में है. इससे झारखंड के 30 हजार स्कूलों और हजारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सीध लाभ पहुंचेगा. उन्होंने कहा कि पीएम धन-धान्य परियोजना से देश भर के 100 जिलों को जोड़ा जा रहा है, जिसमें झारखंड के खूंटी सहित 18 जिलों के लोगों को लाभ पहुंचेगा. प्रतुल ने कहा कि एसटी, एससी बहनों को दो करोड़ तक का लोन बिना किसी प्रकार के गारंटी लिए बैंकों देने का प्रावधान किया गया है, जिसका सीधा लाभ यहां की एसटी-एससी बहनों को मिलेगा. प्रतुल शाहदेव ने कहा कि देश भर के शहरों के लिए एक लाख करोड़ रुपए का आबंटन केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा. देश भर के ऐसे शहरों की सूची में झारखंड के पांच शहर शामिल हैं. प्रतुल ने बताया कि सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत झारखंड के 6850 आंगनबाड़ी केंद्र जो अपग्रेड है उनको विशेष सहायता मिलने का प्रावधान बजट में है. इससे राज्य भर के कुपोषित बच्चों के कुपोषण को दूर करने में सहुलियत होगी. किसान क्रेडिट कार्ड की राशि अब तीन से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी गई है.झारखंड के 14 लाख केसीसी होल्डर किसानों को इसका लाभ मिलेगा और खेती को बढ़ावा मिलेगा.

## शहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटसंस नेवरी में बच्चौं क़ा नामांकन परीक्षा आयोजित




**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटसंस नेवरी रांची में रविवार क़ो बच्चौं ने नामांकन के लिए परीक्षा आयोजित की गई,जिसमें झारखंड के कोने-कोने से बच्चे एवं अभिभावक शामिल हुए. इस दौरान स्कूल की शिक्षिका जैनब अली छात्र-छात्राओं का लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली,परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का शहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटसंस नेवरी में फ्री में एडमिशन लिया जाएगा, परीक्षा के उपरांत स्कूल के सभागार में परीक्षा देने पहुंचे बच्चों एवं अभिभावकों क़ो स्कूल के अध्यक्ष अब्दुल हसीब अंसारी के देखरेख में संयुक्त रूप से स्कूल की शिक्षिका जैनब अली ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि शहीन ग्रुप के इस स्कूल में डॉक्टर अब्दुल कादिर साहब के रहनुमाई पर बीदर कर्नाटक के तर्ज पर छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी,जिससे छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्तर में बढ़ोतरी होगी. इस स्कूल में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ तहजीब भी सिखाई जाएगी, ताकि छात्राएं इस स्कूल से पढ़ क़र निकालने के बाद समाज राष्ट और देश का नाम रोशन कर सके. वही इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष अब्दुल हसीब अंसारी ने बताया कि स्कूल में एडमिशन शुरू हो चुकी है 10 फरवरी तक बच्चों का निशुल्क एडमिशन किया जाएगा. वहीं उन्होंने बताया कि इस स्कूल में छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा हाईटेक तरीके से दी जाएगी, जहां सभी सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध रहेगी. बस सुविधा भी छात्राओं को दी जाएगी,स्कूल में खेलकूद की भी सुविधा की गई है, इसके अलावा यह स्कूल आवासीय है, जहां न सिर्फ रांची बल्कि पूरे झारखंड के छात्राओं का एडमिशन किया जाएगा।

### होटल लिलेख में टेंट संचालकों का सम्मान समारोह आयोजित

# गुड्डू टेंट नेवरी विकास के संचालक गुड्डू क़ो किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** होटल लिलेख राँची में शनिवार आदित्य एजेंसी रांची के सौजन्य से रांची जिला सहित अन्य जिलों के टेंट संचालकों क़ा सम्मान समारोह आयोजित किया गया था.जिसमें गुड्डू टेंट नेवरी विकास के संचालक गुड्डू सहित 35 टेंट संचालकों क़ो आयोजन समिति आदित्य एजेंसी द्वारा मोमेंटो व उपहार देकर और शाल ओढ़ाक़र सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शगुन टेंट हाउस कांटाटोली,इंद्रदेव टेंट हाउस धुर्वा,लक्ष्मी टेंट हाउस चुटिया,प्रकाश टेंट हाउस सिसई,सलमान टेंट हाउस कणादु,दिलकश टेंट हाउस कणादू सहित परवीन टेंट हाउस सुनील टेंट हाउस के संचालकों को सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर गुड्डू टेंट हाउस नेवरी के संचालक गुड्डू ने आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से टेंट व्यवसाय से जूडे लोगों क़ा आत्मविश्वास बढ़ता है, और व्यवसाय में मजबूती मिलता है,और टेंट संचालकों क़ो एक जगह मिल बैठकर कारोबार को समझने का अच्छा मौका मिलता है, इस तरह का प्रोग्राम भविष्य में भी होते रहना चाहिए ताकि टेंट हाउस क़ा व्यापार करने वाले लोग संगठित रहें और एक दूसरे को समझ सके। और एक दूसरे के साथ मिलकर टेंट हॉउस के सामानों का आदान-प्रदान करने में सहयोग की भावना उत्पन होती हैं। और एक दूसरे के प्रति विश्वास बढ़ता है।

# बुढ़मू प्रखंड में जल नल योजना के तहत बना जलापूर्ति एक वर्षों से बंद





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड में स्थित जल जल नल योजना के तहत पानी सफलाई बंद हुए लगभग एक वर्ष हो चुके हैं, और इसे चालू करने के लिए बुढ़मू जल आपूर्ति के न तो उच्च अधिकारी गम्भीर है न ही जन प्रतिनिधि ( मुखिया) ऐसे में क्षेत्र बुढ़मू के पांच पंचायतों का लगभग 7 हजार घरों की आबादी दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं।लगभग तीन वर्ष पूर्व बुढ़मू ब्लॉक में पेयजल जल आपूर्ति करोड़ों का लगत से निर्माण कराया गया था, तब से लगातार लगभग ठीक ठाक ही पानी का जलापूर्ति हो रही थी, लेकिन एक वर्षो से जलापूर्ति नहीं हो रही है, इसके बारे में जब जेई दीपाशंकर भट्टाचार्य से बात किए तो जेई दीपाशंकर भट्टाचार्य ने अपने सीनियर ऑफिसर से बात कर कर करवाया तो कुछ अधिकारी ने बताया कि मुझे पानी के जलापूर्ति के विषय में कुछ जानकारी नहीं है।और जब बुढ़मू जय से बात किए की इसका निवारण कब तक होगा तो जेई दीपाशंकर भट्टाचार्य ने बताया कि कब तक ग्रामीणों को जलापूर्ति होगा इसका हमको भी कोई जानकारी नहीं है। अब इस बारे में हम ज्यादा बात भी नहीं कर पाएंगे क्योंकि हमारे उच्च अधिकारी जल आपूर्ति कब तक होगी इसका संतुष्टि जनक बात नहीं कर रहे हैं।फिर हम लोग जन- प्रतिनिधि मुखिया से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि इसमें ठीकेदार और मुखिया का आपसी विवाद के कारण बंद है, और हम मुखिया लोग इसका जिम्मेदारी नहीं ले सकते क्योंकि जल आपूर्ति का काम अधूरा है, इसलिए हम लोग कुछ नहीं कर सकते,अब बात यह उठता है कि अगर इसका निवारण कोई भी अधिकारी नहीं लेगा तो करोड़ों की लागत मशीन और और टंकी बर्बाद हो रहा है, और पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश हो रहे हैं और जनता का कहना है है कि जल नल योजना के नाम पर सरकार का पैसा को बर्बाद किया जा रहा है, साथ ही ग्रामीणों का गर्मियों में पानी को लेकर चिंतित हैं, सभी ग्रामीणों ने चिंतित है कि 7 हजार घरों का क्या होगा क्या इस न्यूज के बाद अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों के लिए पानी सप्लाई के लिए कोई कदम उठाएंगे या नहीं??

## कर्रा में मनरेगा दिवस का आयोजन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार में रविवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 2005 के अंर्तगत मनरेगा दिवस के अवसर पर विशेष रोजगार दिवस का आयोजन किया गया. मनरेगा दिवस के अवसर पर मनरेगा बीपीओ प्रेम सुजीत कुजूर ने बताया कि मनरेगा में मुनगा कि खेती, आम बागवानी, मिश्रित बागवानी, इमारती पेड़ के पौधे, मेड़बन्दी टांड़ व दोन, टीसीबी के फायदे करीब एक एकड़ में एक करोड़ लीटर पानी का स्टोरेज है, पशु सेड, फिल्ड बन्ड,डोभा, तालाब इत्यादी कार्यो पर विस्तृत जानकारी दी गयी. बीडीओ स्मिता नगेशिया ने कहा कि मनरेगा से किसानों के लिए बहुत सारे लाभकारी योजना चलाये जा रहे हैं आज के दिन में लोग रासायनिक खेती को छोड़कर जैविक खेती कि ओर अग्रसर हो रहे है वही आम बागवानी में सीपीटी व जलकुंड बनाने के लिए प्रेरित किया. आम बागवानी में बहुउदेशीय खेती करने कि बात कही गयी वही किसानों द्वारा बक्सपुर बड़का रेगरें जैसे क्षेत्र में? जंगली हाथी द्वारा प्रभावित व नुकसान की बात कही गयी, जिसमें वन विभाग व अंचल कार्यालय द्वारा मुवावजा दिलाने कि बात कही गयी.

## सिल्ली कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में इतिहास विभाग की तरफ से एमए सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों द्वारा सत्र 2021-23 व सत्र 2022-2024 के विद्यार्थियों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडर कॉलेज के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ पीसीएन राणा, प्राचार्य व शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । डॉ पीसीएन राणा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सभी आने वाले कल के भविष्य हैं।आप जहां भी जाएं अपना नाम रोशन करें,हमारी दुआ आपके साथ है। उन्होंने कहा कि आज सिल्ली कॉलेज सिल्ली रांची विश्वविद्यालय रांची के लिए एक मिशाल है,यहां बीए ,एमए ओपेन विश्वविद्यालय के साथ साथ विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को चलाती है।मैं आप सभी के साथ साथ कॉलेज की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। कार्यक्रम को प्राचार्य ने भी संबोधित किया। सभी अतिथियों का स्वागत इतिहास विभाग के शिक्षक प्रो विश्वनाथ मुंडा ने अपने संबोधन से किया।कार्यक्रम को प्रो नकुल चंद्र महतो, हरेंद्र महतो, मुखिया शर्मिला कुमारी,एवं छात्र शिवनाथ मुंडा, दीपक महतो, लालदेव, सुधीर ने भी कॉलेज में अपने बिताए हुए पल को साझा किया। इस दौरान छात्रा रिया पाठक, जोबा कुमारी, निशि कुमारी,सुहानी कुमारी, अंबिका कुमारी छात्र धनेश्वर गोराई आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

## मध्यमवर्ग को लुभाने वाला है आम बजट : गुजंन सिंह

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया सह झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने इसे गरीब विरोधी बताया है।इस संबंध में उन्होंने प्रेस बयान जारी कर बताया कि पूरे बजट को सुनने के बाद यही पता चलता है कि पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार बिहार के वोटर्स और मध्यमवर्ग को लुभाने की कोशिश में हैं। इस कोशिश में वे अपनी पिछले साल की विफलताओं को छिपा नहीं सकते।पिछले साल के बजट में शिक्षा,स्वास्थ्य,सामाजिक कल्याण,कृषि,शहरी विकास और ग्रामीण विकास पर भाजपा सरकार ने जो बजट आवंटित किया था,उसे खर्च ही नहीं कर पाया।उन्होंने कहा कि शिक्षा,स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यम वर्ग आज सरकार पर निर्भर है,लेकिन सरकार इन दो क्षेत्रों में आवंटित बजट खर्च नहीं कर पाई।स्वास्थ्य में मोदी सरकार ने तय बजट से 1,255 करोड़ कम बजट खर्च किया, यही हाल शिक्षा का भी रहा।भाजपा सरकार ने एससी, एसटी,ओबीसी और अल्पसंख्यकों के साथ बड़ा अन्याय किया है।क्योंकि इन वर्गो के लिए आवंटित बजट खर्च ही नहीं हो पाया।प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना का पिछले साल का बजट तक़रीबन 2,140 करोड़ रुपये था, लेकिन खर्च सिर्फ 800 करोड़ रुपये किए।ओबीसी और इबीसी डिनोटिफाइड ट्राइब्स के यंग अचीवर्स के लिए प्रधानमंत्री स्कॉलरशिप प्रोग्राम में पिछले साल का बजट क़रीब 1,836 करोड़ रुपये था,लेकिन खर्च सिर्फ 1,381 करोड़ रुपये कर पाए।यही हाल उनकी अन्य सभी स्कीम का रहा,जो कि सरकार की सबसे बड़ी विफलता है।बजट में इन्हीं विफलताओं को छिपाने का प्रयास किया गया।उन्होंने कहा कि जनता जागरुक है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देने का काम करेगी।

## मिर्गी का दौरा पड़ने से किशोरी झुलसी

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के पिंडारी गांव में कपड़े में आग लगने से किशोरी गंभीर रूप से झुलस गयी। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किशोरी की नानी ने बताया कि वह मिर्गी रोग से पीड़ित है। वह मामा घर घूमने आयी थी। रसोईघर में खाना निकालने के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने से वह आग की चपेट में आ गयी। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गयी।

## ट्रक के धक्के से बाइक सवार देवघर के युवक की मौत

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बुधुडीह कैराबनी गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक सुदाकर कुमार मंडल(26) देवघर जिला अंतर्गत ग्राम चितरा थाना क्षेत्र के बीरमाटी गांव का रहनेवाला था। जानकारी के मुताबिक वह निजी काम से कहीं जा रहा था। बुधुडीह कैराबनी गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। मृतक देवघर स्थित कोचिंग सेंटर में शिक्षक था।

## दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी का चौथे वार्षिक महोत्सव का आयोजन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा महादेव मन्दिर ओरमांझी के चौथा स्थापना दिवस पर पुजा समिति ओरमांझी द्वारा विशेष धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित किया गया और दुर्गा महादेव मंदिर से गाजे बाजे के साथ धार्मिक वातावरण में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें पांच सौ एक महिलाएं व युवतियां कलश लेकर छठ घाट डोमा नदी पहुंचे और वहां समिति के आचार्य विजय शंकर दुबे उपासक अशोक नारायण तिवारी मुकेश पाण्डेय कुणाल गोस्वामी व पंचानंद ठाकुर के द्वारा पुरे विधि विधान मंत्रों चारन के साथ गंगा मां की पुजा अर्चना कर कलश में जल उठाकर मंदिर पहुकर शिवालय में जल अर्पित कर सभी भक्तों ने अपने मनोकामना पुरी मंदिर करने हेतु चुनरी के साथ बंधन किए । इसके उपरांत बनारस से आए पंडितों द्वारा रूद्राभिषेक पुजा हवन कर कन्या पुजन करा कर भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किए वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम व धार्मिक झांकी का आयोजन किया गया था

## झारखंड दिवस समारोह में दुमका गांधी मैदान में उमड़ा जन सैलाब

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपराजधानी दुमका के गांधी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा मनाया जाने वाला झारखंड दिवस पर कार्यकर्ताओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार को शहर के एसपी कॉलेज से कार्यकर्ताओं का हूजूम जुलूस की शक्ल में निकला। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं ने पोखरा चौक पहुंचकर सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए जुलूस गांधी मैदान पहुंची, जहां वह एक विशाल जन सभा में तब्दील हो गयी। इधर भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी व जवान विभिन्न मार्गों पर चौकन्ना दिखे। बाहर से जैसे ही गाड़ियों का प्रवेश शुरू हुआ हर तरफ जाम की स्थिति बन गई। यह बताते चलें कि पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में सरकार बनी है। जबकि पिछली बार वह जेल में थे। इसलिए कार्यक्रम का भव्य आयोजन नही हो सका था। इस बार काफी भव्य तरीके से दुमका के गांधी मैदान को सजाया गया है। एलईडी स्क्रीन के जरिए इसका लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा जिस शहर वासी विभिन्न जगहों पर देख सकेंगे। गांधी मैदान में बने मंच से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन देर शाम कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। तालियों की गड़गड़ाहट से गांधी मैदान परिसर गूंज गया। यहां बताते चलें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा 2 फरवरी को झारखंड दिवस के रूप में मनाते रही है। 45 साल पूर्व झामुमो के सुप्रीमो शिबू शोरेन ने दुमका के इसी गांधी मैदान से अलग राज्य का बिगुल फूंका था।

## सैमसंग गैलेक्सी एस 25 में हिंदी सपोर्ट, गूगल जेमिनी लाइव भारत में होगा खास



जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सैमसंग की गैलेक्सी एस25 सीरीज़ नैचुरल लैंग्वेज अंडरस्टैंडिंग के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिससे स्मार्टफोन का इस्तेमाल और भी आसान हो गया है। अब उपयोगकर्ता हिन्दी में भी साधारण बातचीत की तरह सवाल पूछकर फोटो खोज सकते हैं या सेटिंग्स बदल सकते हैं। साथ ही, गूगल जेमिनी को एक्टिव कर सैमसंग व गूगल ऐप्स के अलावा थर्ड-पार्टी ऐप्स, जैसे स्पॉटिफाई का भी सहज उपयोग कर सकते हैं। इस संबंध में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट और एमएक्स बिजनेस के प्रमुख टीएम रोह ने बताया कि गैलेक्सी एस25 के भारतीय उपभोक्ताओं के लिए गूगल जेमिनी लाइव शुरुआत से ही हिंदी में उपलब्ध होगा।

## गोविंदपुर के रक्षित झा ने फिर जीता गोल्ड



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गोविंदपुर दयाल सिटी निवासी रक्षित झा ने एक बार फिर अपनी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शुक्रवार को धनबाद में आयोजित झारखंड स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चेंपियनशिप में उन्होंने अपनी वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने न केवल कोयलांचल क्लासिक में गोल्ड जीता बल्कि 'श्रेष्ठ प्रतियोगी' की कैटेगरी में सिल्वर मेडल भी हासिल किया। रक्षित झा इससे पहले मिस्टर बिहार और झारखंड पॉवर प्रो प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर स्थानीय निवासियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां दी हैं। उनकी इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

## सिद्धेश्वरी श्मशान काली मंदिर समिति का महायज्ञ व श्रीराम कथा संपन्न



गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सिद्धेश्वरी श्मशान काली मंदिर समिति की ओर से पूंजी डुंगरी देवनगरी में आयोजित भव्य लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भंडारे के साथ समापन हुआ। काशी से पधारे कथावाचक वृजेश जी महाराज ने सत्संग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सत्संग के बिना मनुष्य का जीवन पशुवत होता है। मनुष्य निजी स्वार्थ में वशीभूत होकर भारतीय संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। इससे मनुष्य सुख, शांति व समृद्धि से वंचित हो रहे हैं। इसे सफल बनाने में कमेटी के राजेंद्र सिंह, अनय सिंह, विनय सिंह, कमलेश सिंह, अखिलेश सिंह, रत्नेश सिंह, सभापति मंडल, सुधीर मिश्रा, रंजीत सिंह गुड्डू, रवि सिंह, मनोज कुमार सिंह, निर्मल गोप, प्रमोद पाठक, गोपाल प्रसाद, मुकेश कुमार, संतोष सिंह, शेषनाथ सिंह, बीरेंद्र सिंह, बीरेंद्र राय, रामजी यादव, शरदेंदु शेखर आदि का योगदान दिया।

## सोनारी कबीर मंदिर के पास नेत्र जांच शिविर आयोजित



पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से रविवार को सोनारी कबीर मंदिर के पास एक मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 मरीजों की आंखों की जांच हुई। उनमें से 25 मोतियाबिंद रोगियों को चिन्हित किया गया। मरीजों का ऑपरेशन 19 फरवरी को पूर्णिमा नेत्रालय तामोलिया में किया जाएगा। शिविर में में झामुमो दलित मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय रजक ने भाग लेकर रोगियों का हौसला बुलंद किए। ऑपरेशन के पश्चात पूर्णिमा नेत्रालय से सोनारी आने वाले बुजुर्गों को अजय रजक ने चश्मा पहना कर उनका स्वागत किया। अगला शिविर 6 फरवरी को आनंद मार्ग जागृति गदड़ा शिव मंदिर के पास रखा गया है।

## अनुसूचित जनजातीय आवासीय उवि संजय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : अनुसूचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय, संजय आवासीय के प्रधानाध्यापक महेश कुमार को उनके सेवानिवृत्त होने पर एक समारोह आयोजित कर शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला कल्याण विभाग के परियोजना निदेशक आशीष अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को माला पहनाकर व उपहार प्रदान कर विदाई दी। इस मौके पर विभाग के पदाधिकारी प्रभात कुमार दास, आशीष कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेंद्र नाथ महतो, मंगल सिंह सरदार, समीर कुमार सामल, अमित कुमार, मनोरंजन महतो, गोविन्द पात्रो, शिखा सामल, मीनू महती, प्रीति कुमारी गोप, इश्तेयाक अहमद, साधु मुंडा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## गौरडीह ने सेमीफाइनल में केंदडीह को 12 रन से हराकर फाइनल में पहुंचा



पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी गांव में कुईयानी क्रिकेट टीम के तत्वावधान में 1 फरवरी से आयोजित 20-20 ओवर की चार दिवसीय प्रतियोगिता में 8 टीमों के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। रविवार को पहला सेमीफाइनल केंदडीह और गौरडीह के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गौरडीह क्रिकेट टीम ने भोलानाथ और सुखेन की शानदार बल्लेबाज़ी की बदौलत 15 ओवर में 5 विकेट खो कर 169 रन बनाई। जवाबी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी केंदडीह टीम 13.1 ओवर में ही 157 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। गौरडीह के गेंदबाज नारायण सिंह ने 3 विकेट लिए। इसी के साथ ही गौरडीह की टीम 12 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंच गई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में पशुपति, घनपति, आशीष, देवाशीष, परशुराम, आशीष, मोहित, अमरेश, राजीव, स्वपन व पद्मलोचन आदि का अहम योगदान रहा।

## विधायक सरयू राय ने की जनसुविधा प्रतिनिधियों की नियुक्ति

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कार्यों को बेहतर तरीके से करने के लिए वरिष्ठ नेता मुकुल मिश्रा को जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र का जनसुविधा प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यहां रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, धर्मेंद्र प्रसाद को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति का जनसुविधा प्रतिनिधि बनाया गया है। इसके साथ ही मानगो निवासी पप्पू सिंह को मानगो नगर निगम, पूर्व शिक्षाधिकारी एसपी सिंह को शिक्षा-जनसुविधा, नीरज सिंह को स्वास्थ्य सेवाएं एवं सामाजिक कल्याण प्रतिनिधि बनाया है। इसके अलावा सोनारी मंडल का प्रतिनिधि रवि ठाकुर को, कदमा मंडल का प्रतिनिधि अनुज चौधरी को, बिष्टुपुर मंडल का प्रतिनिधि सन्नी सिंह को, साकची मंडल का प्रतिनिधि विवेक पांडेय को, मानगो मंडल का प्रतिनिधि पिंटू सिंह को, उलीडीह मंडल का प्रतिनिधि संतोष भगत को और आजादनगर मंडल का प्रतिनिधि मोहम्मद नेसार अहमद को बनाया गया है।

# जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

### उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने लिया तैयारियों का जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



जमशेदपुर : झारखंड के राज्यपाल, संतोष गंगवार का जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना प्रस्तावित है। 4 फरवरी को दीक्षांत समारोह सिदगोड़ा स्थित विश्वविद्यालय परिसर में होगा जहां तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने सिदगोड़ा स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पीडी आइटीडीए दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, डीटीओ धनंजय, डीएसपी भोला प्रसाद तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने महिला विश्वविद्यालय में की जा रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाए जाने की समीक्षा कर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने को लेकर प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि अचूक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर सभी सुरक्षा बिंदुओं की समीक्षा की जा रही, पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी।

## अफीम की खेती के आरोप में दो लोग भेजे गए जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बीरडीह गांव से अफीम की खेती करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सरायकेला न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार अवैध अफीम खेती के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत के निर्देश पर अफीम खेती को नष्ट करने का अभियान चलाया जा रहा है। अफीम खेती करने वाले किसानों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है, जिसमें बीरडीह गांव के कृतिवास सिंह मुण्डा (38 वर्ष) एवं रथुलाल सिंह मुण्डा (41) वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर नष्ट किया जा रहा है एवं अफीम खेती करने वाले किसानों को चिन्हित कर मामला दर्ज किया जा रहा है।

## झारखंड क्षत्रिय संघ सोनारी इकाई की नई समिति का गठन, अध्यक्ष बने रामचंद्र सिंह


प्रभात मंत्र संवाददाता



जमशेदपुर : झारखंड क्षत्रिय संघ सोनारी इकाई की नई समिति का गठन किया गया है जिसका आधिकारिक घोषणा आज संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह द्वारा निर्मल भवन सोनारी में किया गया। नई कमेटी इस प्रकार है :- अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं ओम प्रकाश सिंह, महासचिव शिवनाथ सिंह, सचिव प्रदीप सिंह कोषाध्यक्ष केके सिंह, सचिव जन संपर्क कृष्ण सिंह को बनाया गया है। मौके पर केंद्रीय महामंत्री नंदकुमार सिंह भी उपस्थित थे। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि इस बार सोनारी इकाई में काफी ऊर्जावान सदस्यों को जोड़कर एक नई समिति का गठन किया गया है। इससे पहले मनोज सिंह सोनारी इकाई के अध्यक्ष थे जिन्होंने अपने 12 साल के काल में बहुत सारे लोगों को जोड़े और अनेक कार्यक्रम भी किया। इस मौके पर राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने सोनारी इकाई के नई कमेटी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया है।

## कांग्रेस के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष बने शिशुलाल महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता



पटमदा : झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने पटमदा बाजार निवासी शिशुलाल महतो को पटमदा प्रखंड का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला कमेटी के कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद ने बताया कि शिशुलाल महतो कांग्रेस पार्टी के पुराने व समर्पित कार्यकर्ता हैं उनसे पार्टी संगठन को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है। उन्हें जल्द से जल्द प्रखंड कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में शिशुलाल महतो ने बताया कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## सरस्वती पूजा को लेकर बाजार में रही चहल पहल, पूजन सामग्री की दुकानों में रही भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



पटमदा : पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की तैयारी रविवार की देर शाम तक पूरी कर ली गई है। विभिन्न क्लबों का पंडाल निर्माण कार्य भी देर रात तक पूरा कर लिया गया है। पूजा को लेकर पटमदा, बेलटांड, काटिन, बोड़ाम बाजार, भूला मोड़ समेत अन्य जगहों पर स्थित पूजन सामग्रियों की दुकानों में सुबह से देर शाम तक छात्रों की भारी भीड़ रही। पूजा को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चीनी आलू, बैर, गाजर, सेब, केला समेत अन्य जरूरी सामग्रियों की बिक्री बड़े पैमाने पर हुई। बसंत पंचमी को लेकर बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। सोमवार की अहले सुबह से ही क्षेत्र के सभी स्कूलों, कॉलेज, शिक्षण संस्थानों एवं क्लबों एवं अपने अपने घरों में विधि विधान के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ की जाएगी। इसके लिए बोड़ाम प्रखंड के सुसनी, बारियादा, पटमदा प्रखंड के गाड़ीग्राम, जोड़सा समेत कई गांवों में भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है।

## ओलचिकी लिपि के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



गुड़ाबांदा : गुड़ाबांदा प्रखंड की बालिजुड़ी पंचायत अंतर्गत बेनागाड़िया में ओलचिकी लिपि के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने फुटबॉल टूर्नामेंट व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति देने वाले दलों को पुरस्कृत किया। पंडित रघुनाथ मुर्मू एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में ओल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू की 43 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। विधायक समीर कुमार मोहंती ने पंडित रघुनाथ मुर्मू की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। फाइनल मैच में टुडू एफसी की टीम मेजिक एफसी को हराकर विजेता बनी। विजेता टीम को 25 हजार और उप विजेता टीम को 17 हजार नकद और ट्रॉफी विधायक के हाथों दिया गया। इस अवसर पर पाता नाच, दासाय नाच, दोंगेड़ नाच, करम नाच का आयोजन किया भी गया था। मौके पर बहरागोड़ा के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, साकिला हेंब्रम, आंगारपाड़ा पंचायत के मुखिया सलमा किस्कू , विनोद कुमार बागाल, साहेब राम सोरेन, मेघराय हेंब्रम, सुराई हेंब्रम, भागीरथी मुर्मू, आयोजन कमिटी के राजगोपाल हेंब्रम, बिरसा मुर्मू, भागिरथी मांडी, सुनाराम सोरेन, अनिल कुमार बेरा, अजय बेरा, बादल मांडी, गोपेश्वर मुर्मू, सुखलाल हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## चांडिल व नीमडीह में सदस्यता अभियान को लेकर विधायक ने कार्यकर्ताओ संग किया मंथन

प्रभात मंत्र संवाददाता



चांडिल : शुक्रवार को चांडिल प्रखंड के एक होटल व नीमडीह प्रखंड के फॉरेस्ट डाक बांगला में सदस्यता अभियान को लेकर विधायक सविता महतो व झामुमो जिला संयोजक सदस्य ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में झामुमो जिला संयोजक मंडली ने यथाशीघ्र सदस्यता अभियान को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान चलाने को लेकर केंद्रीय समिति का निर्देश को पालन करने की बात कही। इसी क्रम में उन्होंने कहा आगामी 5 फरवरी को कुकड़ू में 11 बजे व ईचागढ़ प्रखंड में 2 बजे बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर झामुमो जिला संयोजक सदस्य गुरुचरण किस्कू, चारूचांद किस्कू, सुधीर महतो, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, सुधीर किस्कू, कृष्णा किशोर महतो, हरिदास महतो, पशुपति महतो, शंकर सिंह सरदार, बैद्यनाथ टुडू, दिनबंधु महतो, दिलीप किस्कू, धर्मु गोप, हरेकृष्ण सिंह सरदार, सुदामा हेंब्रम, अर्जुन सिंह मुंडा, सुनील सिंह, टिंकू महतो, पतित दास, समर भुईया आदि दोनों प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुचाई में अफीम की अवैध खेती पर रोकथाम को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



खरसावां : कुचाई थाना परिसर में अफीम की अवैध खेती की रोकथाम और विनष्टीकरण हेतु स्थानीय मुखिया, मौजा मुंडा, टोला मुंडा मुंडा-मानकियों की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सरायकेला अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला समीर कुमार सवैया ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सभी ने सामूहिक रूप से कुचाई प्रखंड को अफीम की अवैध खेती से मुक्त करने का संकल्प लिया। मौके पर श्री महतो ने कहा कि कुचाई में नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार अफीम की अवैध खेती में जो भी लोग शामिल हैं। उनकी पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुचाई में अफीम की खेती के खिलाफ ड्रोन और सैटेलाइट की मदद ली जा रही है। ड्रोन के माध्यम से अफीम की खेती की तलाश जारी है। जबकि श्री सवैया ने कहा कि अफीम की खेती व धंधा करने वाले समाज के लिए घातक हैं। अफीम की खेती करने वाले समाज को पीछे ठेलने का काम कर रहे हैं। इस धंधे में शामिल लोग कभी बख्शे नहीं जाएंगे। इसकी खेती को बढ़ावा देने वाले लोग भी जेल जाएंगे। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती करने वालों पर 10 वर्ष की सजा और एक लाख का जुर्माना तथा कारोबार करने या आर्थिक सहायता प्रदान करने वालों पर 20 वर्ष की सजा और दो लाख का जुर्माने का प्रावधान है। कोई भी व्यक्ति यह कार्य को अगर करता है तो उसे एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस ने अपील की है कि नशा एवं मादक पदार्थ मुक्त समाज बनाएं और कानून के हाथ को मजबूत करें। इस बैठक में एसडीओ सदानंद महतो,एसडीपीओ समीर कुमार सवैया, बीडीओ साधुचरण देवगम, सीओ सुषमा सोरेन, इंस्पेक्टर शंभू प्रसाद गुप्ता, कुचाई थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा, मुखिया सरस्वती मिंज, मुखिया लुदरी हेंब्रम, ग्राम प्रधान दुलाल स्वांसी, महेश मिंज, शयामलाल प्रधान, सतेन्द्र मुंडा, नागेश्वर पांडे, कपुर महतो, कारु मुंडा, नरेश मुंडा आदि उपस्थित थे।

## बांगुड़दा में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, न्यू ब्वॉयज स्पोर्टिंग बनी विजेता



पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पटमदा प्रखंड के आदर्श ग्राम बांगुड़दा में बिरसा मुंडा स्मृति दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रविवार को हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, विशिष्ट अतिथि में जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो एवं अन्य अतिथियों झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, उप प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ माझी व बिंदु वाला महतो शामिल हुए। 16 टीमो के बीच आयोजित टूर्नामेंट में विजेता बनी न्यू ब्वॉयज स्पोर्टिंग पटमदा को 40 हजार व खस्सी, उप विजेता सोरेन स्पोर्टिंग को 30 हजार व खस्सी एवं सेमीफाइनल में पराजित दलों रॉयल हंटर बोड़ाम व बुरुडीह फुटबॉल टीम को 15 -15 हजार रुपये व एक- एक भेड़ा देकर कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान अश्विनी सिंह, वनमाली माझी, मंटू महतो, अबोध कालिंदी, मनोज कर्मकार, चैतन कर्मकार, राजेश सिंह, दिगम्बर सिंह, तारापद सिंह, श्रीकांत सिंह, प्रभाष महतो, अर्जुन महतो, दशरथ महतो, दिलीप गोराई व तन्मय रजवाड़ आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रोहित स्पोर्टिंग तुलग्राम को हराकर शांति ब्वॉयज साकची बना चैंपियन

प्रभात मंत्र संवाददाता



ईचागढ़ : ईचागढ़ क्षेत्र के आदिवासी पिछड़ी जाति जनकल्याण समिति सोड़ो में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शांति ब्वॉयज साकची टीम ने रोहित स्पोर्टिंग तुलग्राम को पछाड़कर 1 लाख 21 हजार के खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं तृतीय व चतुर्थ स्थान पर क्रमशः राधे राधे एफसी उलीडीह व भरत स्पोर्टिंग जीलींगसेरेंग रहा। विजेता टीम को 1 लाख 21 हजार रुपए व ट्रॉफी, द्वितीय उप विजेता टीम को 85 हजार व ट्रॉफी, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 41-41 हजार व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल खेल का शुभारंभ किया। वहीं जेप्ला केएमनेता तरुण महतो ने प्रथम पुरस्कार व खेल समिति द्वारा सभी पुरस्कार का वितरण किया गया। खेल 16 दलों के बीच खेला गया। मैन आफ द मैच, मैन ऑफ द सिरीज़, वेस्ट गोलकीपर आदि को भी साइकिल, मोबाइल आदि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुखिया नयन सिंह मुण्डा, अशोक दास, सुरेन गोप, पद्मलोचन दास, इन्द्र जीत प्रामाणिक, महेंद्र सिंह मुण्डा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 6 राज्यों के विशेषज्ञ देशभर के 20 से अधिक पक्षी विशेषज्ञ नए पक्षियों की दलमा में तलाश करेंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता



चांडिल : दलमा वन्य जीव अभयारण्य रविवार से तीन दिन रंग-बिरंगी पक्षियों से गुलजार रहेगा। रविवार को शहरवासी के साथ-साथ छह राज्य के पक्षी प्रेमी दलमा में रहने वाले दुनिया के सबसे खूबसूरत पक्षियों से रू-ब-रू होंगे। इंडियन ईंगल, ग्रीन पिजन समेत अन्य आकर्षक पक्षियों का दीदार कर सकेंगे। यह कार्यक्रम दलमा में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित झारखंड के पहले बर्ड फेस्टिवल (पक्षी महोत्सव) किया जा रहा है। महोत्सव में देश-भर के 20 से अधिक पक्षी विशेषज्ञ दलमा में नए पक्षियों की खोज करेंगे। दलमा में 100 से अधिक प्रजाति के पक्षी निवास करते हैं। महोत्सव में शामिल होने वाले विशेषज्ञ नए पक्षियों की खोज के अलावा पक्षी प्रेमियों को पक्षियों के बारे में जानकारी देंगे। पक्षी प्रेमियों को पक्षियों के संरक्षण, उनके आहार और व्यवहार की जानकारी दी गई। महोत्सव में छह राज्य के लोगों ने रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन दिया है। वहीं, इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच क्विज, चित्रकला प्रदर्शन और सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया जाना है।

**दलमा मे पहली बार हो रहा आयोजन**

महोत्सव में देश के जाने माने पक्षी विशेषज्ञ डॉ. विजया भरत, विस्मोयाल रंजन पति, डॉ. मिथिलेश द्विवेदी, सुब्रत बसक, ब्रिगेडियर अमर नारायण सिंह के अलावा 20 से अधिक पक्षी विशेषज्ञ भाग लिया है। आरएफओ दिनेश चंद्रा ने बताया कि पहली बार पक्षी महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इसका उद्देश्य पक्षियों का संरक्षण करना व उनकी संख्या बढ़ाना है। विशेषज्ञ दलमा में घूम-घूम कर नए पक्षियों की तलाश करेंगे और जानकारी प्राप्त करेंगे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# भगदड़ के बावजूद स्नान

**महाकुंभ** में आस्था और श्रद्धा का जन-सैलाब उमडन्ना ही था। भगदड़ की भी आशंकाएं थीं, क्योंकि कुछ भक्त सीमाओं को लांघने पर उतारू थे। मेले में भीड़ अपरिमित और आशातीत थी। अंततः रात में ही करीब 2 बजे बैरिकेड लांघन का दुस्साहस किया गया, अनुशासन तोड़ दिया गया, प्रशासन के निर्देशों को नकार दिया गया, नतीजतन भगदड़ मची और श्रद्धालु घायल हुए। कुछ गंभीर घायल भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताए हैं, लेकिन बुधवार सुबह 11 बजे तक हताहत और घायलों का कोई अधिकृत आंकड़ा घोषित नहीं किया गया था। कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया एजेंसियों ने मरने वालों की संख्या बताई है, लेकिन हम उसे अंतिम जिम्मेदारी नहीं मानते। यकीनन भगदड़ अप्रत्याशित होगी, तभी प्रधानमंत्री मोदी ने तीन घंटे में ही चार बार मुख्यमंत्री योगी को फोन किए और हालात की जानकारी लेते रहे। गृहमंत्री अमित शाह ने भी फोन पर मुख्यमंत्री से बातचीत कर विस्तृत ब्योरा लिया। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में हुए हादसे को 'दुखद' करार दिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना भी जताई है। साफ है कि कुछ मौतें भी हुई हैं। बहरहाल मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का अनुमान था कि 'मौनी अमावस्या' को 'अमृत स्नान' करने 9-10 करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज में आए। बुधवार सुबह करीब 9 बजे तक करीब 4 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी और आसपास के घाटों पर स्नान कर चुके थे। भगदड़ भयावह रूप धारण न करे, लिहाजा अखाड़ों के साधु-संतों ने मुख्यमंत्री और प्रशासन से बातचीत कर तय किया कि देश भर से पधारे भक्तों को पहले स्नान करने दिया जाए। उसके बाद दबाव कम होने पर ही अखाड़े 'अमृत स्नान' करेंगे। अंततः वह 'प्रतीकात्मक स्नान' ही कर पाए। अमूमन व्यवस्था यह होती है कि पहले शंकराचार्य और फिर अखाड़ों के साधु-संत, तय समय के अनुसार, स्नान करते हैं, फिर आम श्रद्धालु का नंबर आता है, लेकिन इस बार महाकुंभ में भक्तों के सैलाब ने विश्व-कीर्तिमान बना दिए, नया इतिहास लिखा गया और आस्था, अध्यात्म के तमाम रिकॉर्ड टूट गए। मंगलवार तक करीब 20 करोड़ भक्त संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके थे और करीब 17 करोड़ ने अयोध्या के राम मंदिर में अपने प्रभु राम के दर्शन किए। ऐसा रहा सनातन का आस्थामय कीर्तिमान..! नतीजतन अयोध्या तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय को सार्वजनिक अपील करनी पड़ी कि उप्र के श्रद्धालु 15-20 दिन बाद दर्शन करने आएं, क्योंकि कुंभ में जाने वाले अयोध्या आकर भी दर्शन-लाभ लेना चाहते हैं। उन्हें दर्शन करने दिए जाएं, क्योंकि वे दूरदराज से पधार रहे हैं। बहरहाल औसतन 1.21 करोड़ भक्तों ने हररोज संगम में आस्था की डुबकी ली और निर्वाण के पुण्य अर्जित किए। इतनी भीड़ का प्रबंधन और नियंत्रण ही 'वैश्विक उदाहरण' बन गया। अमरीकी कंपनी नासा ने अंतरिक्ष से उस आस्था-सैलाब की तस्वीरें भी वैश्विक कीं। इन लम्हों तक कोई भगदड़, कोई घटना, आपदा अथवा हादसा सामने नहीं आया, हालांकि कुंभ-आयोजन में हादसे होते रहे हैं। स्वतंत्र भारत के सर्वप्रथम कुंभ 1954 में तो व्यापक त्रासदी सामने आई थी, जब भगदड़ में करीब 800 मौतें हुई थीं। इस बार भी भगदड़ के बाद मुख्यमंत्री और साधु-संतों को आह्वान करने पड़े कि जो भक्त जिस घाट के करीब हैं, वे वहीं स्नान करें। उन्हें संपूर्ण पुण्य-लाभ मिलेगा। ये आह्वान विवशता के प्रतीक भी हो सकते हैं। कुछ मुख्यमंत्रियों ने भी मौत के अनौपचारिक आंकड़े जारी किए हैं। यह देशहित या श्रद्धालु-हित में नहीं है। महाकुंभ जैसे सनातन और आध्यात्मिक आयोजन पर राजनीति करने से बचना चाहिए। यह गरीबी, बेरोजगारी, रोटी और बच्चे के स्कूल न जा पाने की विवशताओं का भी पर्व नहीं है। यह विशुद्धतः आस्था, श्रद्धा, भक्ति, सत्य, समर्पण आदि का दैवीय महाकुंभ है, जो 144 सालों के बाद आया है और हमारी जिंदगी में दोबारा इसका आगमन असंभव है।

> भगदड़ की भी आशंकाएं थीं, क्योंकि कुछ भक्त सीमाओं को लांघने पर उतारू थे। मेले में भीड़ अपरिमित और आशातीत थी। अंतत: रात में ही करीब 2 बजे बैरिकेड लांघन का दुस्साहस किया गया, अनुशासन तोड़ दिया गया, प्रशासन के निर्देशों को नकार दिया गया, नतीजतन भगदड़ मची और श्रद्धालु घायल हुए। कुछ गंभीर घायल भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताए हैं, लेकिन बुधवार सुबह 11 बजे तक हताहत और घायलों का कोई अधिकृत आंकड़ा घोषित नहीं किया गया था। कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया एजेंसियों ने मरने वालों की संख्या बताई है, लेकिन हम उसे अंतिम जिम्मेदारी नहीं मानते। यकीनन भगदड़ अप्रत्याशित होगी, तभी प्रधानमंत्री मोदी ने तीन घंटे में ही चार बार मुख्यमंत्री योगी को फोन किए और हालात की जानकारी लेते रहे। गृहमंत्री अमित शाह ने भी फोन पर मुख्यमंत्री से बातचीत कर विस्तृत ब्योरा लिया। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में हुए हादसे को 'दुखद' करार दिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना भी जताई है।

### जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया

# जलवायु परिवर्तन से बच्चों का जीवन संकट में

ललित गर्ग

> सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया

**संयुक्त** राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।

जलवायु परिवर्तन के लिहाज से भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही



जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व के बच्चों के प्रति बड़ा अपराध होगा, उनके विनाश का कारण बनेगा।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आये।

जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषतः गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैज़ा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से जन्म के समय कम वज़न के बच्चे पैदा होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। पर्यावरण विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक गर्मी की वजह से होने वाली आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और अवसाद, चिंता, नींद संबंधी विकार और सीखने की कठिनाइयां उग्रतर हो जाती है। इन्हीं सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है एवं परीक्षा परिणाम अपेक्षानुसार नहीं आ पाते हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में जलवायु और पर्यावरणीय झटकों के प्रति शारीरिक और शारीरिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। वे बाढ़, सूखा, तूफान और गर्मी जैसी चरम मौसम की मार झेलने और उससे बचने में कम सक्षम होते हैं। बच्चों को जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक खामियाजा उठाना पड़ता हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व, संरक्षण, विकास और भागीदारी के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है।

बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के अन्य संभावित प्रभाव पड़ते हैं, जैसे- अनाथ, तस्करी, बाल श्रम, शिक्षा और विकास के अवसरों की हानि, परिवार से अलग होना, बेघर होना, भीख मांगना, आघात, भावनात्मक व्यवधान, बीमारियाँ आदि हैं। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। चिन्ताजनक तथ्य यह भी है कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाहपूर्ण रवैया भी विडम्बनापूर्ण है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं।

दृष्टि कोण

# महात्मा गांधी को जाने हमारी युवा पीढ़ी

**आज** भारत सहित दुनिया भर में शहीदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह दिवस भारतीय स्वाधीनता के लिए महात्मा गांधी के अभूतपूर्व रणनीतिक प्रयासों, आंदोलनों के माध्यम से भारतीय जनमानस को एकजुट होने और उनके बलिदान की स्मृति में श्रद्धांजलि देने के दिन के रूप में भी अत्यधिक महत्व रखता है। आज का दिन अहिंसा, सत्य और न्याय के प्रति उन मूल्यों के महत्व को रेखांकित करता है, जिनका बापू जी ने मृत्यु पर्यन्त पालन किया था। इसके साथ ही 30 जनवरी का दिन उन शहीदों के सम्मान के रूप में भी मनाया जाता है जिन्होंने नए भारत के निर्माण के लिए अपना बलिदान दिया था। नवीन भारत के अस्तित्व को साकार रूप देने में गांधी जी की भूमिका और वैश्विक मंच पर उनका प्रभाव उन्हें भारतीय इतिहास में एक महान व्यक्तित्व बनाता है, जो अहिंसा, न्याय और स्वतंत्रता की खोज में नैतिक साहस और अहिंसक प्रतिरोध की शक्ति का प्रतीक भी है। भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में वे एक प्रमुख शख्सियत थे, जिन्होंने प्रतिरोध के शक्तिशाली साधनों के रूप में अहिंसा और सविनय अवज्ञा की न केवल वकालत की थी, अपितु उसे मूर्त रूप भी दिया।

इतिहास गवाह है कि 1910 के दशक के प्रारंभ से 1947 तक का गांधीवादी कालखंड भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में एक महत्वपूर्ण समय था। यह मोहनदास करमचंद गांधी के नेतृत्व और सिद्धांतों की विशेषता थी, जिस वजह से उन्हें महात्मा गांधी के नाम से जाना जाता है। यद्यपि मोहनदास करमचंद गांधी को 'महात्मा' की उपाधि बंगाली कवि, लेखक और दार्शनिक रवींद्रनाथ टैगोर ने दी थी। बापू जी ने जीवन भर जिन सिद्धांतों का पालन किया और सिखाया, उनमें अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, शरीराश्रम, अस्वदा, अभय, सर्व-धर्म-समानत्व, स्वदेशी और अस्पृश्यता निवारण प्रमुख हैं। जब बात गांधीवाद की आती है तो महात्मा गांधी के आदर्शों, विश्वासों एवं दर्शन से निकले विचारों के संग्रह को ही गांधीवाद के नाम से जाना जाता है। गांधीजी एक उदारवादी व्यक्ति थे और सत्य बोलना, चोरी नहीं करना, दूसरे के दुःख में शामिल होना, दूसरों की सहायता एवं भलाई करना आदि मानवीय मूल्यों पर विश्वास करते थे। गांधीजी ने अपने पूरे जीवन में निस्वार्थ भावना, विनम्रता, सेवा, अहिंसा और सत्यता के शाश्वत मूल्यों को अपनाया और उन्हें जिया। गांधी जी की नेतृत्व शैली का मतलब सत्ता पर काबिज होना नहीं था, बल्कि दूसरों को सशक्त बनाना और आगे बढ़ाना था। वे सर्वोदय में विश्वास रखते थे, जिसका अभिप्राय सभी का उत्थान था और अक्सर वे समुदाय की भलाई को अपनी भलाई से ऊपर रखते थे। इसका एक उदाहरण 1947 में कलकत्ता में सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए किया गया उनका उपवास है। उनका दृढ़ विश्वास था कि अहिंसा सबसे बड़ा हथियार है और हमें अहिंसा की भावना को अवश्य समझना चाहिए और जहां तक संभव हो, हिंसा से दूर रहकर मानवता का पालन करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए उनकी सबसे बड़ी सीख थी कि 'जिएं इस तरह से जैसे कि आपको कल ही मर जाना है और सीखें इस तरह से जैसे आपको सदा जीवित रहना है।' गांधी जी ने अहिंसा को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत माना और उनका मानना था कि अहिंसक व्यक्ति किसी को मानसिक या शारीरिक पीड़ा नहीं पहुंचा सकता है। जहां तक गांधीवाद, गांधी दर्शन अथवा गांधीवादी विचारधारा की बात है तो उसमें स्वराज, सांप्रदायिक सद्भाव और आत्मनिर्भरता को बहुत महत्व दिया गया है। गांधीवाद में राजनीतिक और आर्थिक शक्ति का विकेंद्रीकरण करना जरूरी माना गया है।

इसी तरह से गांधीवाद में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जरूरत के मुताबिक उपभोग पर जोर दिया गया है। गांधी दर्शन में स्वदेशी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी गई है। गांधीवादी विचारधारा में सत्याग्रह के सिद्धांत को अपनाया गया है। सत्याग्रह आंदोलन की उनकी शैली से अंग्रेज सरकार भी झुकने को मजबूर हो गई थी। गोपाल कृष्ण गोखले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सर्वेंट्स ऑफ इंडियन सोसाइटी के संस्थापक थे और उन्हें महात्मा गांधी के गुरु के रूप में जाना जाता है। सैद्धांतिक रूप से गांधीजी भारत के विभाजन के खिलाफ थे क्योंकि इससे उनकी धार्मिक एकता की भावना के सिद्धांत को चोट पहुंचती थी। उन्होंने भारत के विभाजन के बारे में 6 अक्टूबर 1946 को अपने पत्र हरिजन में लिखा भी था कि मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान की मांग करना पूर्ण रूप से गैर-इस्लामी है एवं मुझे इसे पापपूर्ण मांग कहते हुए भी कोई संकोच नहीं है क्योंकि इस्लाम पूरी मानवता के भाईचारे एवं एकता का पक्षधर रहा है।

कुछ अलग

# बिना आंसुओं की मुस्कान

**इस** देश में हंसना फूहड़पन की निशानी है, चिल्लाना राजनीतिक हो जाने की, और आंसू टपकाते हुए आत्महत्या के लिए उद्यत हो जाना किसी गहरे षड्यंत्र की। कभी आंसू टपकाने को ऐसी गैर-मर्दानी हरकत समझा जाने लगा था कि श्रीमान चार्ली चैप्लिन को भी कहना पड़ा कि 'बंधुओ, मुझे बरखा रुत बहुत पसंद है। जब बारिश होती है तो मैं इसमें दूर तक निकल जाना चाहता हूं, क्योंकि बारिश के छींटे जब मेरे चेहरे पर पड़ते हैं, तो मेरे आंसू भी उनमें मिल कर धुल-पुंछ जाते हैं, कोई उन्हें देख नहीं पाता, और लोग उदाहरण देते हैं कि लो देख लो, चार्ली कभी रोया नहीं।' हमें लगता है कि इस देश में आम आदमी को न खुलकर हंसने की इजाजत है और न रोने की। खुल कर हंसें तो कहते हैं, लो दीवाना हो गया? भला ऐसी बातें क्या हंसने की हैं कि लगभग पचहत्तर वर्ष की उम्र के इस देश के लोकतंत्र में हम देश की गरीबी, भूख, बेकारी और बेचारगी को एक बलिश्त भी कम नहीं कर पाए। चाहे 'गरीबी हटाओ, देश बचाओ' और 'हर हाथ काम, हर पेट रोटी' के नारे हमने हर जनसभा, हर जुलूस में लगाए, लेकिन फिर भी देश के लोगों की एक बड़ी तादाद भूख से संत्रस्त अपने पीठ सटे पेट पर तबला बजाती रही। गरीबी और नाउम्मीदी से बीच चौराहे आत्महत्या करने पर आमादा होती रही। लेकिन सच जानिए, हम तनिक भी नहीं हंसे। भूखे पेट पर तबला बजाने वाले लोगों को हमने देश की प्राचीन परंपराओं या ललित कलाओं को समर्पित व्यक्तित्व कह दिया, और जो अपनी गरीबी से संत्रस्त हो मौत को गले लगा रहे थे, उन्हें हमने अपच के शिकार से लेकर घोर नैराश्यवादी तक करार दे नकार दिया। जनाब यह तो चिंतन मनन की बातें हैं। भला ऐसी बातों को नकार कर हंसना क्या, क्योंकि इस देश में या तो दीवाना हंसे या खुदा जिसे तौफीक दे, वरना यहां यूं ही हंस देने वाले तो बेवजह लोग कहलाते हैं। नहीं मानते, तो दुनिया का खुशमिजाजी का सूचकांक देख लो, जिसमें भारत का दर्जा कहीं नीचे है। हर नई गिनती पर और भी नीचे होता जा रहा है। 'अजी हंसे नहीं, तो क्या रो दें।' वैसे तो इस देश के लोगों को रुदन राग बहुत प्रिय है। इनकी कतारें रोजगार दफ्तरों से लेकर सस्ते अनाज की दुकानों के बाहर खड़ी वर्षों से रो रही हैं। वर्षों से रोने के कारण उनका रोना पहले सिसकियों में बदला, फिर कहीं बहुत गहरे से निकलती अंतस की आह में और अब तो यह एक ऐसा मौन रुदन बन गया है कि जिसकी कोई आवाज नहीं है। इसे गालों पर बहते हुए आंसुओं को छिपाने के लिए अपने चेहरे पर पड़ती हुई, धारासार बारिश की बूंदों की भी जरूरत नहीं। बस एक अधूरा शे'अर पूरा हो गया, 'कि यहां या तो दीवाना हंसे या खुदा जिसे तौफीक दें, वरन इस जिंदगी में मुस्कराता कौन है?' लीजिए बात रोने की हो रही थी, और हम नामुक्कमल हंसने पर शे'अर पढने लगे। जी हां, यहां इस बस्ती का यही रिवाज है। जाते थे जापान, पहुंच गए चीन, समझ गए न। यहां आदमी अपने हालात देख कर न रो पाता है और न हंस। बस यूं ही लगता है हम किसी शोभायात्रा में चल रहे हैं और जिंदाबाद के नारे में तबदील हो गए हैं। इस देश की तबदीलियां अजब-गजब हैं, भाई जान। लोग देश की तरक्की की बात करते हैं, और गरीब और गरीब हो जाते हैं, और अमीर और भी अमीर। बीच का मध्यमवर्ग है जो न जीता है, और न मरता है, लगता है जैसे वह किसी यातनागृह में जीने को अभिशप्त हो गया।


देश दुनीया से

# अंतरिक्ष में सुनहरी कामयाबी की सौवीं उड़ान

**इसरो** ने सीमित संसाधनों के साथ काम करने के बावजूद एक अत्यधिक परिष्कृत कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है। डॉकिंग के लिए दो उपग्रहों के बीच सही मिलान की आवश्यकता होती है, और इसमें अविश्वसनीय रूप से जटिल गणनाएं शामिल होती हैं। यह ऐसा काम नहीं है जो हर देश कर सकता है, लेकिन भारत ने एक बार फिर पूरी दुनिया के समक्ष अपनी योग्यता साबित कर दी है।

भविष्य में भारत की अंतरिक्ष में बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। भारत अंतरिक्ष में अपना स्थायी स्टेशन स्थापित करना चाहता है। अन्य बड़े लक्ष्यों में चंद्रमा से नमूने लाना और वहां मानव भेजना शामिल है। डॉकिंग की तकनीक इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पूरे देश और इसरो के वैज्ञानिकों के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि भारत अंतरिक्ष में यान को डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) मिशन इसरो की एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

इसरो के स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा लांच पैड से प्रक्षेपित किया गया था। उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद लगभग 220 किलोग्राम वजन वाले दो अंतरिक्ष यानों को 475 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। एक ही रॉकेट पर प्रक्षेपित किए गए दो अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष में अलग हो गए। इसरो के डॉकिंग परीक्षण के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरु में इसरो कार्यालय में उपस्थित थे। सफल डॉकिंग के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।' स्पैडेक्स मिशन पर भेजे गए दो छोटे अंतरिक्ष यानों को एसडीएक्स 01 या चेज़र और एसडीएक्स 02 या टारगेट कहा जाता है। लांच के बाद दोनों यान सावधानीपूर्वक चुनी गई गति से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहे थे। उन्हें एक साथ अंतरिक्ष में भेजा गया था। लेकिन अलग होने के समय उन्हें अलग-अलग वेग पर रखा गया था ताकि वे अपने बीच 10-20 किलोमीटर की दूरी बना सकें। डॉकिंग के दौरान वैज्ञानिकों ने यानों की दूरी को कम करने के उपाय किए ताकि वे आपस में मिल सकें। स्पैडेक्स के लांच होने के समय एस. सोमनाथ इसरो प्रमुख थे और कुछ दिन पहले अपनी सेवानिवृत्ति तक इसकी प्रगति की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने डॉकिंग को 'एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया' के रूप में वर्णित किया था, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता और समन्वय की आवश्यकता होती है।



आने वाले दिनों में दोनों यानों की अनडॉकिंग (अलग होने) और उनके बीच पावर ट्रांसफर का परीक्षण किया जाएगा। चेजर यान से टारगेट यान में बिजली का हस्तांतरण एक बहुत महत्वपूर्ण प्रयोग है। इसकी सफलता से यह प्रदर्शित किया जा सकेगा कि अंतरिक्ष में तैनात अंतरिक्ष यान की आपूर्ति और सर्विस के लिए दूसरे यान को भेजा जा सकता है। यह मिशन अंतर-उपग्रह संचार के लिए भारत की क्षमताओं का भी परीक्षण करेगा क्योंकि डॉकिंग और अनडॉकिंग के दौरान अंतरिक्ष यान को पृथ्वी स्टेशन के साथ-साथ एक-दूसरे के साथ भी संवाद करना होगा ताकि वे एक-दूसरे की स्थिति और गति जान सकें। अंतरिक्ष यान में वैज्ञानिक उपकरण और कैमरे भी हैं जिन्हें बाद में तैनात किया जाएगा। अगले दो वर्षों में वे अंतरिक्ष में विकिरण को मापेंगे और पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी करेंगे।

इसरो अपने मिशनों को किफायती बनाने के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। वह तीन महीने तक कक्षा में कुछ महत्वपूर्ण प्रयोग करने के लिए स्पेसडेक्स को अंतरिक्ष में ले जाने वाले रॉकेट के एक हिस्से का भी उपयोग कर रहा है जो सामान्य परिस्थितियों में अंतरिक्ष मलबा बन जाता है।

पोएम (पीएस4-ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल) में 24 पेलोड है और यह पहले ही दो सफल प्रयोग कर चुका है। पहले प्रयोग में उसने बीज अंकुरण का प्रदर्शन किया। इसरो ने एक वीडियो ट्वीट किया था जिसमें कहा गया था कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में अंतरिक्ष में लोबिया के अंकुरों ने अपने पहले पत्ते प्रकट कर दिए हैं। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंतरिक्ष यान में अनुभव की जाने वाली लगभग भारहीनता जैसी स्थिति है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बीजों का अंकुरण बहुत अच्छी खबर है क्योंकि इसका मतलब है कि भविष्य के अंतरिक्ष यात्री लंबी अवधि के मिशनों के दौरान भोजन का उत्पादन कर सकते हैं।

दूसरे प्रयोग में रोबोटिक भुजा शामिल है। यह रॉकेट के सबसे महत्वपूर्ण पेलोड में से एक है। इसरो के एक्स अकाउंट पर एक वीडियो में रोबोटिक भुजा को अंतरिक्ष मलबे के एक टुकड़े को पकड़ने के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। यह भुजा अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के दौरान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी क्योंकि इसका उपयोग चीजों को पकड़ने और उन्हें सही जगह पर रखने के लिए किया जा सकता है। यह रोबोटिक भुजा चंद्रयान-4 में भी काम आएगी जो भारत का अगला चंद्रमा मिशन है जिसका प्रमुख उद्देश्य चंद्रमा की मिट्टी के नमूने एकत्र करना और उन्हें वापस लाना है।

डॉकिंग के बाद भारत की दूसरी बड़ी उपलब्धि इसरो की 100वीं रॉकेट उड़ान के रूप में सामने आई जब उसके शक्तिशाली जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। इसरो ने श्रीहरिकोटा से अपने प्रक्षेपण में जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच वीकल (जीएसएलवी) का इस्तेमाल किया। एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ15 ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 19 मिनट बाद रॉकेट ने एनवीएस-02 को 322.93 किमी की जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा कि इसरो ने छह पीढ़ी के रॉकेट प्रक्षेपित किए हैं।

आप का नजरीया

# भविष्य की खोज

**पिछले** दिनों हिमाचल मंत्रिमंडल के कई फैसलों के पीछे गहन चिंतन और भविष्य की खोज देखी जा सकती है। भांग की खेती इसी दिशा में एक ऐसा प्रयास है जो परिवेश की क्षमता में अपने विकल्प तलाश रहा है, लेकिन कुल्लू का रोप-वे एक दृढ़ प्रतिज्ञ राज्य की श्रेणी विकसित कर सकता है। कुल्लू बस स्टैंड और पीज पैराग्लाइडिंग प्वाइंट के बीच रज्जु मार्ग की परियोजना की वकालत नई आर्थिकी और नए पर्यटन का समाधान है। यह परिकल्पना पैराग्लाइडिंग और रोप-वे को जोडक़र ऐसी विविधता व सुविधा प्रदान कर सकती है, जो आगे चल कर पर्यटन के नित नए स्तंभ पैदा करेगी। मसलन बिलिंग और बीड़ के बीच रोप-वे बने तो पैराग्लाइडिंग का मनोरंजन कई गुना बढ़ जाएगा और ट्रैफिक का एक नया गठबंधन स्थापित होगा। दरअसल हिमाचल के हर पहलू में पर्यटन की पहचान होगी, तो निजी निवेश के लिए भी रास्ते खुलेंगे। हम जिस विकास की गाथा में पर्यटन को देखते हैं, वहां हिमाचल पर्यटन विकास निगम के कई होटल व्यर्थ, अलाभकारी या असमर्थ घोषित हो चुके हैं। अगर बैजनाथ की होटल इकाई बंद होकर अब कबाड़ का गोदाम बन चुकी है, तो इस उदाहरण की तफतीश होनी चाहिए कि क्यों एक साइट बिक कर मात्र प्राइवेट स्टोर बन गई। ऐसे में प्रदेश अगर अपने दो-तीन दर्जन बस स्टैंड को पर्यटन परिसर का दर्जा देकर निजी निवेशकों के हवाले कर दे, तो एक साथ कितने मॉल, मनोरंजन एवं पार्किंग स्थल विकसित हो जाएंगे। इसी क्रम में आगे चलकर गांव का बस स्टॉप भी एक आधुनिक शापिंग कांप्लेक्स साबित होगा। ऐसे कई बड़े ट्रांसपोर्टर हिमाचल में हैं, जिन्हें बस स्टैंड निर्माण के निवेश में प्रेरित करके परिवहन और पर्यटन की एक साझी संस्कृति व अधोसंरचना का सहयोगी बनाया जा सकता है। काफी समय से तलाई और दियोटसिद्ध के बीच रज्जु मार्ग की प्रस्तावना है। ऐसे में अगर तलाई और दियोटसिद्ध के बस स्टैंड निजी क्षेत्र को सौंप कर इन्हें रज्जु मार्ग परियोजना से जोड़ा जाए, तो निवेश की भूमिका का विस्तार होगा। तमाम मंदिर स्थलों के परिसर व बस स्टैंड एक साथ जोड़ते हुए रज्जु मार्ग स्थापित किए जा सकते हैं। ज्वालाजी, कांगड़ा, नयनादेवी व चिंतपूर्णी के आसपास महापार्किंग या बस स्टैंड से रज्जु मार्गों के जरिए अगर दर्शन प्रणाली विकसित की जाए, तो यह नए पर्यटन की ऐसी परिभाषा हो सकती है, जहां निजी निवेशक आकर्षित हों। चामुंडा-कांगड़ा या गगल एयरपोर्ट से सीधे धर्मशाला-मकलोडगंज रज्जु मार्ग से जुड़ें, तो सारा पर्यटन परिदृश्य बदल जाएगा। पांच सरकारी एवं एक गैरसरकारी मेडिकल कालेजों तथा एम्स जैसे संस्थानों से सुसज्जित प्रदेश मेडिकल टूरिज्म की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। भविष्य की मेडिकल सर्विसेज कतार के बजाय सुविधा की शुल्क खिडक़ी से पारंगत हो रही हैं। ऐसे में प्रमुख पर्यटक स्थलों के जोनल, क्षेत्रीय एवं सिविल अस्पतालों का एक विंग या तो मेडिकल टूरिज्म की दृष्टि से सशक्त करना होगा या पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप से इन संपत्तियों में भविष्य के प्रयोग शुरू कर देने चाहिएं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# आपसी रंजिश में विष्णु साहू की निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस

## आपसी रंजिश हत्या या उग्रवादी हत्या, तहकीकात में पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** थाना क्षेत्र के लेम्बुआ गांव निवासी विष्णु साव की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई है। यह घटना अहले सुबह विष्णु साहू मवेशी लेकर जंगल जा रहे थे। इसी बीच कुछ अज्ञात अपराधियों ने विष्णु साहू को अगुआ कर लिया और धारदार तलवार से हत्या का अंजाम दे कर शव को फेंक दिया है। बरामद शव टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा-बालूमाथ बॉर्डर पर स्थित जंगल से बरामद किया गया है।घटनास्थल पर टंडवा थाना प्रभारी पहुंच कर हर एक बारीकी से तथा गहनता से जांच कर रहे हैं। वहीं मामले को लेकर इलाके की घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इलाके में इस इस तरह की हत्या से लोग दहशत में हैं। वहीं परिजनों को रोरो कर बुरा हाल है। लोग कयास लगा रहे हैं कि पुलिस मुखबिरी के आरोप में घटना को अंजाम दिया गया होगा या आपसी रंजिश में हत्या की गई होगी। यह अस्पष्ट कहना बड़ा मुश्किल होगा जब तक मामले की तहकिकात पूर्ण नहीं हो जाती है। मामले को लेकर एसपी विकास पांडेय, एसडीपीओ संदीप सुमन और टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच बारीकी से हर पहलुओं पर ध्यान देते हुए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि यह घटना दो पहलुओं से लोग जोड़ कर देख रहे हैं। पहला की आपसी रंजिश के कारण हत्या का अंजाम दिया गया होगा। अपने बचने के लिए उग्रवादी मामला का रंग दिया होगा। वहीं दूसरी ओर पुलिस मुखबिरी में भी हत्या की जा सकती है। वैसे में जब तक जांच पूर्ण नहीं होती तब तक सच्चाई सामने नहीं आएगा।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर कमेटी का गठन अध्यक्ष बने सुमन, जितेन्द्र सचिव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के बानासाड़ी गांव में रविवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर रविदास समाज की एक बैठक की गई। जिसमें बड़े धूमधाम से रविदास जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है साथ ही कमेटी का विस्तार किया गया है। जिसमें सर्व सहमति से सुमन कुमार रवि को अध्यक्ष जितेंद्र कुमार को सचिव दुर्गेश कुमार को कोषाध्यक्ष उमेश कुमार रोहित कुमार रोशन कुमार राजेश कुमार अमित कुमार और सोनू कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। कमेटी के कोषाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने कहा पिछले 20 वर्षों से जयंती धूमधाम से मनाते आ रहे हैं।हर वर्ष की भांति इस वर्ष में ग्राम बानासाड़ी में बड़े धूमधाम से रविदास जयंती मनाई जाएगी। बैठक में गोपाल कुमार राम, पारो राम, प्रभु राम हुलास राम, बरुण राम सुमित कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमरांव सिंह की शहादत दिवस 5 को कमता में मनाई जायेगी

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के टंडवा प्रखंड के कमता गांव में आगामी 5 फरवरी को शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह का शहादत दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर कार्यक्रम जोरों पर है। जहां मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ मंत्री इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी विशिष्ट अतिथियों में ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी मंजूर अहमद अंसारी, मोमिन कॉन्फ्रेंस प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली होंगे। वहीं कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने के लिए कार्यक्रम अध्यक्ष सईद अंसारी, उपाध्यक्ष मोबिन अंसारी, कोषाध्यक्ष जियाउल हक अंसारी,सचिव गुलाम सरवर, उप सचिव समद अंसारी को सर्व समिति से चयनित की गई है। कमिटी के सदस्यों ने जिले के तमाम लोगों से आग्रह किया है कि शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लें और शहादत दिवस मनाएं। यह जानकारी जियाउल हक ने दी है।

## पुलिस ने प्रतापपुर उगरमाचा जंगल से घायल विवाहिता को बरामद किया, रेफर

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतापपुर पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के उगरमाचा जंगल से घायल विवाहिता युवती को बरामद किया। युवती को घायल अवस्था में प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ति किया गया,जहां पर युवती के शरीर पर अधिक जख्म एवं नाजुक स्थिति होने के कारण उसे बेहतर ईलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया।घायल युवती की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला ग्राम मदनपुर गांव के कुसुम कुमारी (23) पिता भोला यादव के रूप में बतायी गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली की उगरमाचा जंगल में घायल अवस्था में युवती पड़ी हुई है। जिसके बाद पुलिस ने घायल को कब्जे में लेकर ईलाज के लिए भेज दिया है।घायल युवती के शरीर पर कई स्थानो पर कई बार चाकू से हमला किया गया है। तथा हमलावर मृत समझकर उसे छोड़कर भाग गया।घटना के संबंध में घायल से पूछने पर बतायी की घटना में दो लोग शामिल थे। घटना को लेकर एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।जल्द ही घटना में संलिप्त लोगो को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सिंघम सीओ गौरव कुमार ने कई जगहों पर अंचल का बोर्ड लगा किया अतिक्रमण मुक्त

➲सिंघम सीओ का सख्त निर्देश गैरमजरुआ भूमि को करें खाली वर्ना खैर नहीं : सीओ गौरव कुमार

➲रोल के खाता 36 प्लॉट 739 रकबा 7 एकड़, मुर्वे के खाता 52 प्लॉट 191 रकबा 2.75 एकड़ पर लगी बोर्ड





खाता 52 के प्लॉट 191 रकबा 2.75 डिसमिल भूमि पर बने होटल को खाली करा कर सरकारी बोर्ड लगा दी गई है।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय इन दिनों सिंघम के रौल में कार्य करने से काफी चर्चित हो रहे हैं। इसी सिंघम रौल में रोल के तेतरमोड के समीप गैरमजरुआ भूमि के खाता 36 प्लॉट 739 रकबा 7 एकड़ भूमि पर अंचल द्वारा सरकारी बोर्ड लगा कर खरीद बिक्री पर एवं अनाधिकृत कब्जा पर रोक लगा दी गई है साथ हीं ट्रेंच काट कर कब्जा कर ली गई है। वहीं मुर्वे गांव के खाता 52 के प्लॉट 191 रकबा 2.75 डिसमिल भूमि पर बने होटल को खाली करा कर सरकारी बोर्ड लगा दी गई है। इस तरह सीओ बने सिंघम रौल में कार्य करने से जहां एक तरफ चर्चा का बाजार गर्म है वहीं अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि सिमरिया अंचल में और सिमरिया प्रखंड में तथा सिमरिया अनुमंडल में ऐसे जांबाज पदाधिकारी कभी नहीं आए थे। यह पहला संयोग है कि इस तरह पदाधिकारियों का एक साथ होना यानी कारवाई में कोई कोताही ना होना दिखाता है। बहुत लोग अपने नजरिए से देखते है किंतु सच्चाई तो सच्चाई है। इन तीनों जांबाज अफसरों के कारण आज कई असंभव कार्य को संभव कर दिखा दिया गया है। जिससे आम अवाम को लाभ मिलेगा और मिलने वाला है।

# ग्राम सिंघानी के पांडेतरी टोला में सरस्वती पूजा क्लब के सदस्यों ने सामूहिक चंदा कर बनाया रोड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सिंघानी पांडेतर टोला के क्रांति क्लब सरस्वती पूजा समिति के सदस्यों द्वारा परसोनिया नदी से पचबरवा तक का रोड सामूहिक खर्च से मरम्मत किया। वहां के सदस्यों द्वारा बताया जाता है कि यह रोड काफी दिनों से खराब पड़ी थी जिस पर हम सभी दशकों से इस कच्ची सड़क में पड़े ऊबड़ खाबड़ गड्ढे से हम सभी परेशान हैं दशकों से कई सांसद विधायक वी जनप्रतिनिधि बदल गए लेकिन इस रोड का सूरत कोई नहीं बदल पाए। अभी तक किसी सांसद, विधायक, पंचायत जनप्रतिनिधि जिला अधिकारी का नजर यहां तक नहीं पहुंच पाया।ग्रामीणों का कहना है कि हम सब मजबूर होके रोड को मरम्मत कर रहे हैं। क्योंकि हर एक साल हम सभी बसंत पंचमी की पूजा के बाद विद्या का देवी सरस्वती मां की प्रतिमा विसर्जन करने पर सोनिया नदी में करते हैं। और हम सभी ग्रामीण किसी मार्ग से आना-जाना करते हैं। और हम सभी को बहुत ही मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में तो हम सभी त्राहिमाम करने लगते हैं। इस समय ऊबड़ खाबड़ रोड के वजह से बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर शंकर दांगी, तारकेश दांगी, चंदन भूषण, सेंटू दांगी, पिंटू दांगी, अभिजीत दांगी, आशीष दांगी शामिल थे।



## हांथी के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हांथी का उत्पात चरम सीमा पर है। जंगली हाथियों के लगातार उत्पात से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। बिते रात साल्वे पंचायत के जबरा ग्राम मे सिधेश्वर मिस्त्री पिता बालो मिस्त्री का चार दीवारी तोड़फोड़ कर दरवाजा को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं लगभग 5 क्विंटल आलू खाकर तीतर बितर कर दिया जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं जबरा निवासी गणेश भुइयाँ का भी आलू फ़सल खाकर चट कर दिया। विश्रामपुर स्थित जंगल किनारे उगन भुइयाँ का घर को ध्वस्त कर दिया। इधर फुलसू पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय मतकोमा मे भी दरवाजा खिड़की तोड़कर चावल खाकर बर्बाद कर दिया हालांकि इसकी सूचना शिक्षक विजय कुमार राम ने सम्बंधित विभाग को दे दिया है।सालवे ग्राम निवासी गोपाल गंझु पिता स्व रति गंझु ने शाम को जंगली हाथियों के चंगुल से बाल बाल बचे। गोपाल गंझु साम लगभग साढे छः बजे अपने खेत में सरसो के फसल मे पटवन कर रहे थे। इसी बिच उधर से गुजर रहे दो हाथियों की नजर उस पर पड़ी। और उसके पास जाकर उसे सुंढ मे उठा कर सरसो के खेत में ही फेक दिया। जिससे वह घायल हो गए।ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को क्षेत्र से अविलम्ब हटाने की मांग की है और ससमय मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

## लाल श्याम किशोर नाथ शाहदेव के अंतिम यात्रा में सैंकड़ों गणमान्य हुये शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** वरीय समाजसेवी सह भाजपा नेता व रेडक्रास सोसायटी के पूर्व उपाध्यक्ष चेयरमैन लाल श्याम किशोर नाथ शाहदेव (83)का देहांत हो गया। उन्होंने शनिवार की अपराह्न तकरीबन चार बजे अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को रेलवे स्टेशन के मुक्तिधाम में किया गया।उनके निधन पर पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, लातेहार विधायक प्रकाश राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, राजधानी प्रसाद यादव, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय, प्रमोद प्रसाद सिंह, असीम कुमार बाग, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, शशिभूषण सिंह, सुशील कुमार अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद सिंह, संजय कुमार सिन्हा, आशीष कुमार बाग, मनोज प्रसाद गुप्ता, विकासकांत पाठक, वरीय अधिवक्ता संजय कुमार, वरीय अधिवक्ता सह पत्रकार सुनील कुमार, बीमा अभिकर्ता, बद्री प्रसाद व देवाशीष कुमार, रंगकर्मी आशीष टैगोर आदि ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए, शोक प्रकट किया है। भाजपा नेता राजधानी प्रसाद यादव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इनका निधन समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने प्रत्येक वर्गो के उत्थान के लिए अपना योगदान दिया है। उनका योगदान न केवल भाजपा के लिए, बल्कि समाज के लिए भी अमूल्य रहेगा। हम सभी उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं और इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हैं।

# अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने किया बालू घाटों का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** जिले के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा एवं थाना प्रभारी अवनीश कुमार के द्वारा प्रखंड अंतर्गत ग्राम सरनाडीह, बोहटा एवं अक्सी स्थित बालू घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बालू उठाव कर रहे वाहन मालिकों को निर्धारित स्थान से ही बालू का उठाव करने, अनिवार्य रूप से चालान कटाने, वाहन के साथ चालान रखने समेत अन्य निर्देश दिए गए। वहीं निर्धारित स्थान के अतिरिक्त दूसरे जगह से बालू उठाने अथवा चालान नहीं रहने की स्थिति पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही।

## लालमोहन के स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लेने के लिये आजसू पार्टी का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के आदेश पर पार्टी के केन्द्रीय सचिव विजय मेहता, विकेश शुक्ला और तुलसी शुक्ला ने लातेहार जिले के संगठन सचिव लालमोहन सिंह से मुलाकात की। उनके अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने पर पार्टी ने शीघ्रता से उनका हालचाल जानने और उचित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए यह दौरा किया।अस्पताल में चिकित्सकों से मुलाकात कर लालमोहन सिंह की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली गई और इलाज में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसे सुनिश्चित किया गया। इस दौरान, केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने फोन पर लालमोहन सिंह से बातचीत की, जिसमें उन्होंने उनका हालचाल लिया और उन्हें आश्वस्त किया कि पार्टी हर स्थिति में अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी है। सुदेश महतो ने कहा कि संगठन के प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान हमारी प्राथमिकता है, और किसी भी कार्यकर्ता को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। पार्टी नेतृत्व ने अस्पताल प्रशासन से भी इलाज में सभी जरूरी कदम उठाने की अपील की। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी लालमोहन सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और हर संभव सहायता देने का संकल्प लिया।

## मनरेगा पर गांव के अंतिम व्यक्ति का अधिकार है : कन्हाई सिंह




**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर के मनरेगा सहायता केंद्र में ग्राम स्वशासन अभियान के द्वारा 19 वीं मनरेगा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह के साथ विभिन्न गाँव के ग्राम प्रधान और मनरेगा मजदूर ग्रामीण शामिल हुए। मनरेगा दिवस के आयोजन के बीच मनरेगा एक्ट की जानकारी संस्था के माध्यम से साझा की गई। मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कन्हाई सिंह ने कहा कि मनरेगा पर गांव के अंतिम व्यक्ति का अधिकार है। मनरेगा के माध्यम से उचित रोजगार की मांग के साथ निजी योजना का भी लाभ प्राप्त किया जा सकता है। वही संस्था की ओर से विमल सिंह ने कहा की मनरेगा दिवस सह मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम के माध्यम से मनरेगा एक्ट की जानकारी से ग्रामीणों को जागरूक करना उद्देश्य है जिसके माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव में रोजगार उपलब्ध होगा। संस्था के निरंजन कुमार ने कहा की संस्था के माध्यम से प्रखंड के सभी पंचायत में जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मौके पर गणेश सिंह, युवराज सिंह, रूचि देवी, ब्रेसेल मुंडा, मंदीप सिंह, ललिता देवी, राजनाथ सिंह, संगीता देवी, सुखीया देवी, साहेब सिंह समेत काफी सख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।

# ग्रीन वैली (भारत पेट्रोलियम) पेट्रोल पम्प का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** जिले के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत आदर्श नगर रामपुर में महुआडांड़ डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर ग्रीन वैली (भारत पेट्रोलियम) पेट्रोल पंप का विधिवत उद्घाटन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सह पेट्रोल पंप के मालिक इफ्तेखार अहमद ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए अंग वस्त्र देकर मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि इस पेट्रोल पंप के चालू होने से यहां के लोगों यहां के किसानों और राहगीरों को पेट्रोल लेने में सहूलियत होगी। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि विकासात्मक दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। पेट्रोल पंप के मालिक रेहान ने बताया कि उद्घाटन के शुभ अवसर पर 300 रुपए के पेट्रोल एवं 1000 रुपए के डीजल पर कूपन भी दिया जा रहा है। जो कि 28 फरवरी तक स्कीम लागू रहेगा। 28 फरवरी शाम को एक लकी ड्रा का आयोजन करते हुए पुरस्कार वितरण किया जाएगा। जिसमें ग्राहकों को कई आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। मौके पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष आमिर सोहेल, कांग्रेस पंचायती राज जोनल कॉर्डिनेटर अजीत पाल कुजूर, फादर दिलीप, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति निर्मला टोप्पो सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

# अवैध कोयला लदा ट्रक जप्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिले में चल रही अवैध खनन, उत्खनन,भंडारण, परिवहन को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इसी दौरान जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने शनिवार एक फरवरी की रात्रि करीब 11:00 बजे उदयपुरा से सबानो जाने वाली सड़क में वाहन चेकिंग अभियान चलाई गई। इसी दौरान कोयला लदा एक ट्रक आता दिखाई दिया। ट्रक को रोक कर ट्रक चालक से कोयला संबंधित कागजात मांगी गई, लेकिन किसी तरह की कोयला संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। चालक ने बताया कि बालूमाथ के मगध परियोजना से अवैध रूप से कोयला लाया जा रहा है। जो आसपास के ईंट भट्ठे में गिराया जाना था। अवैध कोयला लदा ट्रक को जब्त कर पुलिस लाइन लाया गया है। इस मामले में खनन निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार ने चालक, ट्रक मालिक, ईंट भट्ठा व अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय अधिकारी अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण करने वालों पर पैनी नजर बनाए रखें एवं इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने कहा है जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वाले किसी भी कीमत में बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों पर विभाग पूरी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देशानुसार अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय को पूर्ण अंधकार में ले जाने वाला 2025 का बजट है : महेश सिंह

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जब तक भूमि अर्थात आम जनता, श्रम अर्थात मजदूरों, कृषि अर्थात किसानों एवं प्रशासन अर्थात सुरक्षा के क्षेत्र में साहसिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले सुधार का विकास नहीं होगा, तब तक भारत का विकास एक कपोल कल्पना है। सिर्फ पूंजीपतियों के विकास से देश का विकास संभव नहीं हो सकता है। सीपी आइ जिला प्रभारी महेश कुमार सिंह ने कहा कि शहरी गरीबों के विकास के लिए नई योजना कब आएगी। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ कब मिलेगा। यह पूर्णरूपेण अनिश्चित है। देश की सम्पति कुछ पूंजीपतियों के हाथों में सीमित हो जायेगी अर्थात देश पूरे तौर पर पूंजीवादी देश बन गया है, उसे विकासशील भारत कहना लोगों को बरगलाने के समान है। मात्र 70 प्रतिशत महिलाओं का विकास होगा तो 30 प्रतिशत महिलाएं हव्वा पीकर जीवन बिताएंगे इस बजट भाषण के समाप्त होते-होते सेंसेक्स में 5,0रुसे 2,4रुमें गिरावट से स्पष्ट है कि बजट आम जनता के निहितार्थ नहीं है। महंगाई और बेरोजगारी को रोकने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है।

# सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 संपन्न : सात फेरों से बंधा जन्मों का ये बंधन, प्यार से रब ने है जोड़ा प्रीत का दामन

- बेसहारा बेटियों की शाही शादी, बैंड, बाजा संग झूमे बाराती
- कन्यादान के वक्त भावुक हुए सांसद मनीष, कहा-जिंदगी में जब भी हो जरूरत आपका भाई-बेटा खड़ा है झुकाए शीश





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सात फेरों से बंधा जन्मों का ये बंधन, प्यार से रब ने है जोड़ा प्रीत का दामन...। हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) स्टेडियम में अभूतपूर्व सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 का यह दृश्य जेहन में सदैव यादगार रहेगा। खासकर उन 101 जोड़ों को, जिन्होंने और उनके परिजनों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी कि उनके दूल्हे इस कदर सजी-धजी कार में बैंड, बाजा, बारात के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजियों के बीच झूमते-गाते और नाचते उनके साथ सात फेरे लेंगे। लेकिन यह शाही शादी हकीकत में तब्दील थी। दरअसल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल इन 101 गरीब घरानों की बेटियों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं थे। इन जोड़ों को शाही शादी के सपने दिखाए और फिर उनके ख्वाब को पंख भी लगाए। बेटियों के कन्यादान और फिर शादी के बाद विदाई के दौरान मसीहा सांसद मनीष जायसवाल विचलित और भावुक हो गए। नव वर-वधू से कहा कि जिंदगी में कभी किसी चीज की जरूरत हो, इस भाई, इस बेटे को जरूर याद कर लेना। यह मनीष सदैव हाथ जोड़े, शीश नवाए आपके लिए खड़ा मिलेगा। वास्तव में इनमें कुछ ऐसे जोड़े थे, जो बोल और सुन नहीं पाते थे। कुछ ऐसे जोड़े थे, जिनके नेत्र की रोशनी चली गई। कुछ ऐसे लोग थे, जिन्हें दो जून की रोटी भी मुश्किल से मयस्सर हो रही। इन सभी 101 जोड़ों के सुखी दांपत्य जीवन के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने इलेक्ट्रिक स्कूटी के साथ 36 प्रकार के साजो-सामान के साथ विदाई किया ताकि उनकी आगे की गृहस्थी भी हंसी-खुशी फूले-फले। सांसद जायसवाल ने यहां तक कहा कि भविष्य में नव वर के लिए वह नौकरी-रोजगार के लिए भी पहल करेंगे। म्यूजिकल मंत्रोच्चार से 101 जोड़ों का विवाह रचाने वाले कोलकाता से पधारे राघव पंडित जी ने भी सांसद मनीष जायसवाल की इस नेक व पुण्य पहल की स्वतंत्र कंठ से खूब सराहना की और कहा कि जहां का जनप्रतिनिधि मनीष जायसवाल जैसा हो वहां लोगों के जीवन में चिंता कम होगी। कोई पीता के चेहरे पर निरासी नहीं होगी और कोई मन उदास नहीं होगी क्योंकि उन्हें पता है कि उनका जन्म प्रतिनिधि सजग है और उनके सुख-दुःख का सहभागी है ।

**मुस्लिम समाज ने 51 किलो का माला पहनाकर सांसद का किया स्वागत, यूथ विंग ने की पुष्प वर्षा**

समाज के लोगों ने बारातियों का स्वागत भी जोर-शोर के साथ किया। हजारीबाग के सिमरा रेस्ट हाउस चौक, इमलीकोठी चौक, सरदार चौक, बड़ा बाजार चौक, बंशीलाल चौक होते हुए होते हुए बारात हजारीबाग स्टेडियम पहुंचा। इस दौरान बारातियों के स्वागत में धार्मिक समरसता का भी अनोखा भाव दिखा। सरदार चौक पर बारातियों का मुस्लिम समाज के लोगों ने भी समाजसेवी बाबर कुरैशी की अध्यक्षता में जबरदस्त स्वागत किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल का 51 किलो का फूल माला पहनाकर इस नेक और परोपकारी कार्य के लिए साधुवाद दिया। वहीं हजारीबाग यूथ विंग द्वारा बड़ा बाजार चौक पर जमकर आतिशबाजी के साथ पुष्पवर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया गया ।

**कोलकाता से पधारे पंडित राघव और उनकी टीम बने आकर्षण का केंद्र**

कोलकाता से पधारे पंडित राघव और उनकी टीम ने शादी के पूरे रस्मम को विधिवत पूरा कराया।

उनके गीत और मंत्र पूरे शादी के दौरान आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। लोगों को उन्होंने अपने मंत्र और गीत से बांधे रखा। वही शादी के हर एक पहलू नियम सात वचन और प्रज्ज्वलित अग्नि के साथ फेरे तक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

**बादल बाबू भी नहीं रहे सामाजिक भागीदारी में पीछे, ह्वीलचेयर पर आकर निभाया फर्ज**

शादी के दौरान सांसद मनीष जायसवाल का पूरा परिवार हाथ बंटाता रहा। स्वीट चेयर पर बैठकर उनके बाबूजी पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल सभी के बादल बाबू भी आए। मां विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल, बेटे करण जायसवाल, दोनों भाई प्रशांत जायसवाल और निशा जायसवाल, प्रशांत जायसवाल की पत्नी ट्विंकल जायसवाल समेत पूरे परिवार ने भागीदारी निभाई।

**बाबूलाल मरांडी समेत दर्जनभर जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

पिछले दो महीने से सामूहिक विवाह की तैयारी चल रही थी। शादी के दौरान बरही विधायक मनोज यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, धनबाद के विधायक राज सिन्हा, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो समेत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राजधनवार के विधायक बाबूलाल मरांडी, भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद कई नेता समेत हजारों की संख्या में आम जनता शामिल हुए। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को सुख में दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया ।

**हर किसी ने सराहा, कहा-जनप्रतिनिधि हो तो मनीष जायसवाल सरीखा**

सभी ने सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 कार्यक्रम को देखा तो तारीफ करते नहीं अघाए। लोगों ने सांसद सामूहिक विवाह उत्सव की सराहना की और कहा कि जनप्रतिनिधि हो तो मनीष जायसवाल सरीखा। इस दौरान विधायक मनोज यादव ने सांसद मनीष जायसवाल के उनके काम के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि यह समाज को यह संदेश देता है कि हर एक सक्षम व्यक्ति को कुछ ऐसा काम अवश्य करना चाहिए जो मन को शुकून दे। वहीं सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने इसे अभूतपूर्व और ऐतिहासिक पहल बताया। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो, बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, धनबाद विधायक राज सिन्हा और बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने भी सांसद मनीष जायसवाल के इस पहल को समाज के लिए प्रेरक बताया ।

**सारेगामा फेम शालिनी दुबे संग नृत्य कलाकारों के जत्थे ने लोगों का मोहा मन**

सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के मुख्य मंच से कलाकारों ने गायन, वादन और नृत्य के साथ समा बांध दिया। सारेगामापा फेम रामगढ़ की बेटी प्रसिद्ध गायिका शालिनी दुबे ने अपने सुरीली आवाज से शादी गीतों के साथ धार्मिक गीत गाकर अलग वातावरण बनाया तो दूल्हा दुल्हन के स्वागत के वक्त डांस ग्रुप के कलाकारों ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन मोहा। स्वागत के बाद वरमाला के समय राधा- कृष्ण की गीतों पर कलाकार खूब थिरके। शादी संपन्न होने के बाद भी कलाकारों ने मंच पर राधा कृष्ण के ही थीम पर आधारित गीतों पर सामूहिक नृत्य कर धमाल मचा दिया। यहां पहुंचे लोगों का कलाकारों ने खूब मनोरंजन कराया ।

**यह विवाहोत्सव सिर्फ रस्म अदायगी नहीं, बड़े सामाजिक दायित्व का निर्वाह भी : बाबूलाल मरांडी**

सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के कार्यक्रम में शामिल होने आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सांसद मनीष जायसवाल की इस नेक और पावन पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह विवाहोत्सव सिर्फ रस्म अदायगी नहीं, बल्कि बृहद सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी है। ऐसा आयोजन वह अपने जीवन में पहली बार देख रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल इसके लिए बधाई और सराहना के पात्र हैं ।

**समाज जागरूक हो, तो अभावहीन परिवार की बेटियों की भी हो सकती है शाही शादी - मनीष जायसवाल**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि समाज जागरूक हो, तो अभावहीन बेटियों की भी शाही शादी हो सकती है। पिछली बार जब शादी के बाद गरीब बेटियों की भावुक नजरें देखी थीं, तभी सोच लिया था कि आगे भी यह बीड़ा उठाना है। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं, हजारीबाग और रामगढ़ जिले की जनता और कोलकाता से पधारे पंडित जी समेत सभी दान दाताओं का भरपूर सहयोग मिला। एक प्रभावशाली व्यक्ति अगर एक गरीब बेटी की शादी का जिम्मा उठा ले, तो फिर किसी गरीब बेटी के मां-बाप को बेटी की विदाई की फ़िक्र नहीं सताएगी। सबका साथ मिलता रहा, तो हर साल ऐसे ही गरीब कन्याओं के दान के सौभाग्य की जिम्मेवारी वह उठाते रहेंगे ।

**कार्यक्रम स्थल पर चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था, मेडिकल टीम भी रहा तैनात**

अमूमन शादियों में जहां एक शादी में व्यवस्था में चूक हो जाती है वहीं सांसद सामूहिक विवाह उत्सव में 101 जोड़ों के शादी में एकसाथ 101 दूल्हे का बारात हजारों बारातियों के साथ निकल गया और विवाह स्थल पर करीब 50 से अधिक लोग पहुंचे और विधि व्यवस्था सामान्य रही सौहार्दपूर्ण वातावरण में शादी संपन्न हुआ। इसमें सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही और मेडिकल टीम भी तैनात रही। 100 से अधिक निजी सुरक्षाकर्मी के अलावे बड़ी संख्या में पुलिस बल के महिला पुरुष जवान तैनात थे। हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम भी यहां मौजूद रही। खुद सांसद मनीष जायसवाल व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए लगातार मशक्कत करते रहे ।

### अभूतपूर्व जमात के साथ निकली बारात, कोई पहुंचा बीएमडब्ल्यू के साथ तो कोई थार पर होकर सवार

**सांसद मनीष जायसवाल ने की अगुवाई, छाए थे मंगल जज्बात**

02 फरवरी यानी रविवार की सुबह उन 101 जोड़ों के लिए जितनी सुहानी थी, उससे कहीं अधिक सांसद मनीष जायसवाल के जज्बात बिखर रहे थे। बड़कागांव रोड़ पर सिमरा रेस्ट हाउस के समीप स्थित अपकमिंग जीडी गोयनका स्कूल परिसर जब 101 दूल्हों की सामूहिक बारात निकली, तो चहुंओर मंगल गान के साथ ताशा की धुन फिजाओं में वैवाहिक माहौल का कुछ अलग ही समां बंध गया। बारात बन हजारों की जमात अभूतपूर्व भीड़ सज-धजकर साथ चल पड़ी। बारात का पहला दिव्यांग दूल्हा बीएमडब्ल्यू कार पर पहुंचा, तो सभी की निगाहें उस पर जा टिकीं। कोई थार से तो कई अन्य लग्ज़री वाहनों से बारात पर सवार दिखें। सांसद मनीष जायसवाल खुद अन्य मेजबानों के साथ बारात में मौजूद मेहमानों के स्वागत की अगुवाई में खड़े थे। बारात के पूरे रास्ते पर पहले से बारातियों के स्वागत में पलकें बिछाए लोग तालियां बजाकर और छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत करते दिखे। शाही शादी का नजारा विहंगम था। महिला, पुरूष, बच्चे, बुजुर्ग, युवा, शहर-गांव से आए हजारों लोग इस विवाहोत्सव के गवाह बने। ऐसा विहंगम दृश्य अद्भुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय था। हर किसी को ऐसा लग रहा था कि उनके अपनों की शादी है। अलग-अलग मंडप में सुर्ख लाल जोड़ों में सजी 101 दुल्हन किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही थी। उनके परिवार और शादी के साजो-सामान करीने से मंडप की शोभा बढ़ा रहे थे। पूरे स्टेडियम और आसपास के मार्गों पर किसी त्योहार जैसी चहल-पहल थी ।

## शेख तैयब ने ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर पहुँचकर मुल्क में अमन और शांति की दुआ माँगी



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर अजमेर शरीफ में 62 लोगो के चादर पोशी,लंगर खानी का ऐतेहमाम कर मुल्क में गंगा जमुनी तहजीब और मजबूत हो इसकी दुआ माँगी। साथ हीं फोन पर बात करते हुए कहा कि हम बेशक अपने कार्यक्षेत्र में अल्पसंख्यक हो पर बहुसंख्यक हिन्दू समाज ने मुझे चुना इसके लिए मैं बार-बार उनको बधाई देता हूँ। जिस आशा व उम्मीद से जनता ने मुझे चुना मैं ख्वाजा गरीब नवाज से मिल्लत करता हूँ,कि मुझे और अता फरमाए जिससे मैं सबो की मदद कर सकूँ।इस मौके पर ताज अंसारी शौकत अंसारी समिदउद्दीन अंसारी मोसरफ अंसारी मिन्हाज अंसारी अजाद अंसारी समेत सैकड़ो की सँख्या महिला पुरुष शामिल थे।

## रेनबो ट्रॉफी टूर्नामेंट का हुआ भव्य उद्घाटन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिवपुर गडलाही स्थित रेनबो स्कूल मैदान में शनिवार को रेनबो ट्रॉफी टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में करियारपुर के मुखिया एवं समाजसेवी पूरण राम, रेनबो स्कूल के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा, राजू रंजन, बंगाली राम ने संयुक्त रूप से टूर्नामेंट का उद्घाटन मशाल जलाकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पंचमाधव और रेलो की टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। पंचमाधव की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 74 रन बनाए। जवाब में रालो की टीम ने भी बेहतरीन खेल दिखाया, लेकिन वह लक्ष्य को हासिल करने से चूक गई और 68 रन ही बना सकी। इस तरह पंचमाधव ने यह मुकाबला 6 रन से जीत लिया। इस मैच में विक्रम कुमार राणा ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला विजैया और श्रीनगर की टीमों के बीच खेला गया। श्रीनगर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार शुरुआत की और 8 ओवर में 82 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विजैया की टीम महज 37 रन ही बना सकी और मुकाबले में श्रीनगर ने एकतरफा जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के पहले दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में भी जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार, टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं, और अगले कुछ दिनों तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजक ने कहा कि रेनबो ट्रॉफी के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देना और खेल को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह के दौरान आयोजकों ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। आने वाले दिनों में टूर्नामेंट के अन्य मुकाबले और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है। मौके पर मोहन प्रजापति, अजय प्रजापति, नारायण प्रजापति, सिकन्दर पंडित सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## वन पर्यावरण मेला को लेकर सलगा वन समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** रविवार को सलगा पंचायत के वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सचिव सदस्य व वन सुरक्षा समिति के सदस्यों की बैठक सलगा जंगल में हुई. बैठक में पंचायत के मुखिया पार्वती देवी सलगा वन समिति अध्यक्ष रूपलाल साव पतराकला वन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो बुंडू गांव से वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सावित्री देवी सचिव अर्जुन प्रजापति तथा सक्रिय सदस्य विश्वनाथ गंझू समेत कई लोग बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. बैठक में उपस्थित सभी वन समितियों के लोगों ने बारी बारी से अपने विचार रखा. इस अवसर पर सलगा पंचायत के सायल गांव वन समिति अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो सिरोईया वन समिति अध्यक्ष टेकलाल गंझू तथा सलगा पंचायत के वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कपिलाश देवी कोषाध्यक्ष नेहा देवी उपाध्यक्ष सरिता देवी सक्रिय सदस्य दौलत साव मीडिया प्रभारी चंचला देवी उर्मिला देवी ललिता देवी देवंती देवी किरण देवी सक्रिय सदस्य गोपाल प्रसाद महतो महेंद्र साव टुकन महतो राजु साव वन प्रबंधन समिति के सक्रिय सदस्य अर्जुन साव रामलाल राम सीता राम साव ने बैठक में एक स्वर में निर्णय लिया कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी पर्यावरण सह रक्षाबंधन कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने का अपील आम अवाम से किए साथ ही वन पर्यावरण मेला को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की बात कही गई.

## वकील अंसारी ने किया जे एल के एम की सदस्यता ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही ।** रविवार को बहेरा पंचायत अंतर्गत मयूरनचवा कजरी के रहने वाले वकील अंसारी ने जय राम महतो की पार्टी जे एल के एम की सदस्यता ली। वकील अंसारी ने पार्टी के अल्पसंख्यक केंद्रीय अध्यक्ष आजाद हुसैन के मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वकील अंसारी ने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो जय राम महतो की सोच से प्रभावित हो कर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वकील ने कहा कि पार्टी से जुड़कर वह गौरांवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना तथा पार्टी का विस्तार करना होगा। पार्टी सुप्रीमो के बारे में उन्होंने कहा कि आज के राजनीति में जयराम महतो लाखों युवाओं के दिल में बसते हैं। वह हर तरह से युवाओं बेरोजगारों की आवाज बुलंद करने का काम करते हैं। मुझे उम्मीद है कि मैं पार्टी के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान दूंगा। सदस्यता के दौरान वकील अंसारी के साथ राहुल कुमार तथा रंजीत कुमार रजक ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव संजय महतो, मुस्लिम अंसारी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, सुबहान अंसारी केंद्रीय संगठन मंत्री, अनवर अंसारी चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष, साफिया अंसारी केंद्रीय सह सचिव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चौपारण में 50 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती नष्ट, प्रशासन ने चलाया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चौपारण :** थाना अंतर्गत ग्राम मुड़िया में 2 फरवरी 2025 को प्रशासनिक टीम ने अवैध अफीम की खेती पर कड़ी कार्रवाई की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक बरही अंचल, थाना प्रभारी चौपारण, चौपारण थाना के पुलिस पदाधिकारियों तथा वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। इस अभियान में लगभग 50 एकड़ वन भूमि और रैयती जमीन पर की जा रही अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर तथा अन्य माध्यमों से पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने स्थानीय ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया और इस अवैध गतिविधि को रोकने के लिए सख्त चेतावनी दी। अधिकारियों ने बताया कि अफीम की खेती से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों को समाप्त करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रशासन ने अफीम की खेती में लिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी ताकि अवैध मादक पदार्थों की खेती पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। इस अभियान के तहत ग्राम प्रधान और पंचायत प्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति अवैध अफीम की खेती में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी अफीम की अवैध खेती या संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिले तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन ने यह भी कहा कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## श्री श्री चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** इचाक पुराना दुर्गा मंडप परिसर में चित्रांश महापरिवार की ओर से श्री श्री चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा का प्राण- प्रतिष्ठा पूरे विधि-विधान के साथ होगा। आयोजन समिति की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक 3 फरवरी दिन सोमवार को सर्वप्रथम पुराना दुर्गा मंडप से महिला श्रद्धालू सिर पर कलश लेकर बुढ़िया माता मंदिर जल उठाने जायेंगी। वहां से जल लेकर पुनः आयोजन स्थल पहुंचेगी। 4 फरवरी दिन मंगलवार को अन्नाधिवास, 5 फरवरी दिन बुधवार को मिष्ठान्नाधिवास, 6 फरवरी दिन गुरुवार फलाधिवास एवं 7 फरवरी दिन शुक्रवार को पुष्पाधिवास, मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा, पूजन एवं भंडारा का आयोजन होगा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिये पिछले एक माह से तैयारी चल रही है। चित्रांश परिवार परिसर की साफ- सफाई, आकर्षक पंडाल, यज्ञ कुंड, विद्युत सज्जा सुशोभित करने में लगा है। जनक प्रसाद की ओर से मूर्ति भेट की गयी है। कोषाध्यक्ष शरतकांत सिन्हा ने बताया कि चित्रांश परिवार उक्त धार्मिक कार्यक्रम को संपन्न कराने में पूरी तत्परता के साथ जुटा है। समाज के अन्य वर्गो की सहभागिता भी मिल रही है। प्रतिमा का प्राण- प्रतिष्ठा का आयोजन संपन्न होने के पश्चात चित्रगुप्त भगवान की नियमित पूजा के लिये सुबोध कुमार पांडेय को सर्वसम्मति से पुजारी नियुक्त किया गया है। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष अतुल्य कुमार सिन्हा, सचिव विकास कुमार सिन्हा, उमेश चंद्र सिन्हा, सुधीर कुमार सिन्हा, गौरी शंकर प्रसाद, रंजन प्रसाद, शशि भूषण सिन्हा, विजय कुमार सिन्हा, कृष्ण प्रसाद, नरेश प्रसाद आदि लगे हुए हैं।

# रामगढ़ में भव्य श्री श्याम मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ आज

प्रभात मंत्र संवाददाता


**रामगढ :** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री श्याम प्रभु के आगमन के पूर्व सारी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है । सभी श्याम भक्त पूरी भक्ति और शक्ति के साथ इस कार्य में जुटे हुए हैं। आथ दिनांक 03 फरवरी 25 को प्रातः 07:30 बजे क्लश यात्रा पुरे विधि विधान से दामोदर नदी से प्रारंभ होगी। क्लश यात्रा में 701 क्लश उठा कर महिलाएं पंगती में चलेगी। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह क्लश यात्रा गांधी चौक, गोला रोड, चट्टी बाजार, राजस्थान कलेवालय, नेहरू रोड होते हुए मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में क्लश स्थापना के बाद दो बजे से पुजन आदि का अनुष्ठान प्रारंभ होगा। इस अवसर पर फूलों के सिंगर के लिए बाहर से कलाकार बुलाए गए कारीगर दिन रात लगे हैं। 04 फरवरी को सुंदरकांड पाठ, 05 फरवरी को श्री श्याम ज्योति पाठ एवं बाहर से आए हुए कलाकार भगवान के भजनों को गुणगान कर भक्तों को रिझाएंगे । रामगढ़ की धरती पर यह कार्यक्रम में ऐतिहासिक होगा जिसका सपना श्याम प्रेमियों ने बरसों से संजोया गया है। 7 तारीख को 2:00 बजे से प्रभु का दर्शन होगा एवं पट खुल जाएंगे।





## प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर भाकपा-माले आंदोलन को बाध्य

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले जिला सचिव-भुवनेश्वर बेदिया व देवकीनंदन बेदिया अन्य ने गोला थाना पहुंच कर जानकारी प्राप्त कि की 7 जनवरी 2025 को गोला मौजा मुंडा टोली के रागिनी कुमारी एवं रुबी देवी आदिवासी महिला के साथ मनचला अपराधियों द्वारा जानलेवा हमला व उत्पीड़न करने के सवाल पर थाना को दिए गए आवेदन पर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद अब एक महीना बीतने चला है लेकिन गोला थाना प्रभारी अभी तक अपराधियों को बचाने के लिए कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। इसलिए भाकपा-माले अब गोला थाना प्रभारी के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य है। इसके लिए भाकपा-माले जिला कमेटी की बैठक 8 फरवरी को आयोजित की गई है।



## होनिक्स फिलान हरबोमेडिकस का रिंक सेलिब्रेशन का आयोजन



**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के सांड़ी कुमार मैरिज हॉल में रविवार को होनिक्स फिलान हरबोमेडिकस का रेंक सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। अवसर पर रेंक के अनुसार सभी को बारी बारी फूलमाला पहनकर गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। हेल्थ संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर सरिता देवी, चरकी देवी, किरण देवी, सोनमती देवी, कमरुन निशा, सुखदेव मांझी, बाबूचांद हस्दा, विनोद हस्दा, हरिश्चंद्र मांझी, देवीलाल मांझी, शेखर गोस्वामी, दशरथ महतो, एहसान मंजर, नैयर बारी, मौलाना वाजिद अली बरकाती, कारी मतलूम रजा, फिरदोस खान सुरेन्द्र राम सहित दर्जनों ब्रोंच डायरेक्टरआदि मौजूद थे।

## एक तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारी, व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र क जयप्रकाश नगर के समीप मेन रोड स्थित काली मंदिर के निकट एक तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर तकरीबन 12:00 बजे जय प्रकाशनगर निवासी शशि दूबे (58वर्ष) पिता स्व. रामाधार दूबे अपने आवास से निकल कर मेन रोड की ओर आ रहे थे। इस क्रम में सौंदा %डी% से भुरकुंडा की ओर आती तेज रफ्तार सफेद रंग की गुंडईवेन्यू कार (छ्वा 01श्चश्च 1394) ने शशि दुबे को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शशि दुबे घायल होकर सड़क पर गिर गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग जमा हो गए और आननफानन में घायल को उसी कार पर सीसीएल हॉस्पिटल भुरकुंडा ले जाया गया।हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया। उन्हें एंबुलेंस पर रामगढ़ ले जाया गया है।बताया जाता है कि शशि दुबे को काफी अंदरूनी चोटें आई है। जबकि कान और नाक से रक्तस्राव भी हुआ है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार काफी रफ्तार में थी और अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े शशि दूबे को टक्कर मार दी। कार रामगढ़ की बताई जाती है। घटना की जानकारी भुरकुंडा पुलिस को दे दी गई।



## युकोवयू कमेटी का सम्मेलन बरकासयाल में करने को लेकर युनियन पदाधिकारियों के बीच हुई बैठक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन बरका सयाल एरिया की बैठक रविवार को उरीमारी चेकपोस्ट कार्यालय में संपन्न हुई। वहीं इस बैठक में एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड रमेन्द्र कुमार उपस्थित हुए। बैठक में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन केंद्रीय कमेटी का सम्मेलन बरका सयाल में करने को लेकर युनियन पदाधिकारियों के बीच विचार बना। वहीं इस सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए एवं अच्छे ढंग से करने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। वहीं इस बैठक में सभी लोगों को युनियन के दिशा निर्देश पर अपने-अपने कार्य कि जिम्मेवारी दी गई। वहीं बैठक के अध्यक्षता कन्हैया सिंह ने की। वहीं इस बैठक में विंध्याचल बेदिया, जेपीएन सिन्हा,विनोद मिश्रा,नरेश मंडल, लखेनदर राय, विकास कुमार,वरुण कुमार, राजीव सिन्हा,सुभाष यादव, महादेव मांझी, राजेंद्र साव,सुरेश मेहता के साथ-साथ एरिया कमेटी के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा मे आयोजित किया गया दीक्षा समारोह





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा मे दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के भैया बहनों ने कक्षा 12वीं के भैया बहनों को समारोह पूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम के शुभारंभ प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने बड़े भैया-बहनों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मिथिलेश कुमार खन्ना ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की ओर अटूट निष्ठा और समर्पण से काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों, माता-पिता और समाज के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में कक्षा द्वादश के कक्षाचार्य राकेश कुमार सहाय ने भी भैया-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद कक्षा द्वादश के भैया बहनों ने अपने विद्यालय जीवन के सुखद और यादगार पलों को याद करके अपने अनुभव बांटे।कार्यक्रम के अंत में अमरदीप नाथ शाहदेव,ज्योति राजहंस,शशि कान्त, सेखर कुमार, इंद्रजीत सिंह,आरती झा, रिंकी कुमारी सहित सभी आचार्य दीदीजी ने बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन आचार्या ज्योति राजहंस एवं कक्षा एकादश की बहन रिया गुप्ता और मानसी कुमारी ने किया।

## भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा मंच की 9 वर्षों से जारी भोजन सेवा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा मंच की 9 वर्षों से जारी भोजन सेवा, 150 गरीबों को मिला सहारा भुरकुंडा, 26 जून 2024 राष्ट्रीय सेवा मंच, भुरकुंडा द्वारा संचालित भोजन सेवा पिछले 9 वर्षों से लगातार गरीबों और जरूरतमंदों को सहारा दे रही है। आज, सुंदर नगर पंचायत की मुस्कान प्रवीण एवं मंच के सदस्यों ने मिलकर 150 गरीबों के बीच पुड़ी-सब्जी का वितरण किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू बर्नवाल, आरपी राणा, उदयभान दुबे, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव, इम्तियाज अली, लखन राम, लालू उरांव, शुक्रा करमाली, गौतम अग्रवाल, संजू सिन्हा, बीरेंद्र पांडेय आदि समाजसेवी उपस्थित थे।

## मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति मांडू चट्टी प्रधान कार्यालय में केन्द्रीय अध्यक्ष सह मुख संस्थापक शाहिद सिद्ध की अध्यक्षता में तैयारी समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई । बैठक का संचालन लाल धन महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से विचार विमर्श के पक्षात निर्णय लिया गया की मांडू विधान सभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो का नागरिक अभिनन्दन सा आभार स्वागत 1-समारोह मांडू स्थित कृषि विज्ञान केंद्र मांडू जिला रामगढ़ के स्थिर सभागर के प्रांगण में दिनांक 05/02/ 2025 दिन बुधवार समय 12:00 बजे दिन को किया जाएगा 2-मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति मांडू का संगठन विस्तार करते हुए प्रस्तवित् प्रखण्ड अध्यक्षो मांडू , कर्मा ,डाडी ,सारु बेड़ा, चुरचू को निर्देश दिया गया की एक माह के अन्दर कमिटी का गठन कर लेंगे आज की बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संरक्षक मोहम्मद जब्बार,मांडू दी पंचायत मुखिया बैजनाथ राम, अतहर अली जीतेंद्र कुमार संदीप करमाली मांडू प्रखण्ड अध्यक्ष नरेश हेमरोन डाडी प्रखण्ड अध्यक्ष इनामुल अंसारी कर्म प्रस्तवित प्रखण्ड अध्यक्ष कमरुल हसन चूचू प्रखण्ड अध्यक्ष जोगेश्वर रविदास सरु बेड़ा प्रखण्ड अध्यक्ष सुंदरलाल भुइयां साहित गुलाम रब्बानी राकेश मुंडा परमेश्वर महतो नारायण पासवान पिंकी बेसरा फूलमती देवी रिजवान अंसारी बब्लू उराँव जीतेन्द्र कुमार सुरेंद्र महतो मुख बैठक की जानकारी मांडू उपखंड बनाओ संघर्ष समिति प्रवक्ता अमित कुमार ने दिया।

## भदानीनगर ओपी में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भदानीनगर ओपी में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी ब्रह्मवत कुमार ने किया। इस बैठक मे कई पूजा कमेटी के सदस्य शामिल हुए।मौके पर ओपी प्रभारी ब्रह्मवत कुमार ने कहा कि भदानीनगर और इसके आसपास के क्षेत्रों में लोग सरस्वती पूजा सौहार्द और शांति पूर्ण माहौल में मनाए। कहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए चौकसी जरूर बरते। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को तत्काल दे। वहीं उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों एवं विसर्जन के जुलूस में आपत्तिजनक, गाने ना बजाए और सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा करें। पुलिस सहयोग के लिए पूरी तरह से तत्पर रहेगी। इस बैठक में एस.आई. सोमय सोरेन, नूतन पूर्ति, देवरिया मुखिया विकास नायक, टिकेश्वर महतो, राजेंद्र बेदिया, मोहम्मद जिलानी अंसारी, ब्रजनाथ मुंडा, परमवीर सिंह, अभय करमाली, जितेंद्र बेड़िया, बदल कर माली, राहुल महतो, प्रभु देव महतो, भोला कुमार महतो, रोशन कुमार यादव, आशीष कुमार यादव, रूपेश कुमार कुशवाहा, विशाल महतो, धनी लाल महतो, धीरज महतो, प्रेमचंद महतो, अमित मुंडा, सुरेश कुमार, सोनू कुमार, कृष्ण कुमार कुशवाहा, मोहम्मद मुख्तार अंसारी, शहजादा तालिम के साथ कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पारगढा व लुरूंगा के ग्रामीणों के बीच ओपी प्रभारी ने किया शांति समिति कि बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के पारंगढा व सुदूरवर्ती गांव लुरूंगा मे उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने रविवार को ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शांति समिति कि बैठक कि। वहीं उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने पुजा के दौरान असमाजिक तत्वों पर नजर रखने और अश्लील गानों पर प्रतिबंध होने कि ग्रामीणों को जानकारी देकर जागरूक किया। क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर यथाशीघ्र उरीमारी ओपी को सुचित करने कि बात कही। वहीं इस बैठक में झामुमो केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, गणेश गंझू,पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, गरसुल्ला पंचायत मुखिया मालती देवी, खगेश्वर महतो, बिनोद हेम्ब्रोम, सनी सोरेन, रविन्द्र सोरेन, मनोज मुंडा,सुरज बेसरा, शनिचर मांझी व उरीमारी ओपी के सदलबल जवान व दोनों पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पोटंगा के विस्थापितों के साथ ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने किया बैठक

## ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि पुलिस चौबीस घंटे आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** पोटंगा पंचायत के पुनर्वास स्थल न्यू बरटोला के फुटबॉल ग्राउंड में रविवार को ग्राम पोटंगा के विस्थापित ग्रामीण एवं पुलिस प्रशासन के बीच बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता रविंद्र सोरेन एवं संचालन जीतन मुंडा ने किया। वहीं इस बैठक में ओपी प्रभारी उरीमारी रामकुमार राम के द्वारा ग्रामीणो के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि सभी विस्थापित ग्रामीण सतर्क होकर एवं हमेशा अलर्ट रहे। किसी भी अंजान व्यक्ति या नया चेहरा को देखकर तुरंत प्रशाशन को सूचित करें। पुलिस प्रशासन चौबीस घंटा आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली,प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन सोरेन, सूरज बेसरा,मनोज मुंडा, गणेश गंझू, अकल मुंडा, गिरधारी प्रजापति, प्रेमलाल मुंडा, विनोद हेंब्रोम, राजेंद्र गंझू, कामेश्वर मुंडा, लेचा मांझी, दिनेश्वर सोरेन,योगा किस्कू, सुखराम बेसरा,विनोद सोरेन, विजय सोरेन,दिनेश टुडू, पंकज हेंब्रोम,आनंद बेसरा, अजय मरांडी, धनीराम सोरेन, नरेश हांसदा, सुरेश हेंब्रोम, साहिल हेंब्रोम,दीवान किस्कू, मिशिर सोरेन, महादेव बेसरा, मानेश्वर मुंडा, दिनेश मुंडा, उपेंद्र सिंह, इंद्रदेव प्रजापति, संतोष प्रजापति,विनय सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



## दुलमी प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय होन्हे में हो रहे निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाई गई, बीस सूत्री अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय, होन्हे में झारखंड सरकार के भवन निर्माण विभाग द्वारा ?47,86,300 की लागत से पावर ब्लॉक और शेड निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं पाई।निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि छत की ढलाई में छरी (गिट्टी) के स्थान पर छरी की चुरन का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ढलाई की मोटाई भी मानक से कम पाई गई, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल उठता है। इतना ही नहीं, छत ढलाई के समय भवन निर्माण विभाग का कोई भी अधिकारी या जिम्मेदार व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे कार्य की निगरानी में लापरवाही स्पष्ट होती है।बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने इस गड़बड़ी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि वे इस मामले की शिकायत स्थानीय विधायक ममता देवी एवं रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार से करेंगे, ताकि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जा सके।ग्रामीणों ने भी इस लापरवाही पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से अविलंब जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।



## यह बजट मिडिल क्लास वालों की जीत है : गोपाल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि यह बजट मिडिल क्लास वालो की जीत है। जिस प्रकार 10 सालों से उपेक्षित मिडिल क्लास जनता ने भाजपा को 240 सीट पर ला पटका है, यह 12 लाख तक की छूट भाजपा की मजबूरी हो गई। बाकी बजट में बार बार बिहार का नाम दिखा रहा की चुनाव का फायदा बिहार वाले को मिलता दिख रहा। युवाओं को ठगा गया है, योजनाएं बड़ी बड़ी लेकिन पिछले 10 वर्षों के परिणाम नदारत।

## पुलिस लाइन में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निर्देशानुसार रविवार को धनबाद पुलिस केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका एवं डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार द्वारा प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित पुलिस पदाधिकारियों को कानून एवं अनुसन्धान से जुड़ी बरिकियों को विस्तारपूर्वक बताया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं अनुसन्धान से जुड़ी बरिकियों को विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त महिला विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा अधिनियम से जुड़े प्रमुख प्रावधान एवं चुनौतियां एवं समाधान, महिला हेल्प डेस?क के कार्य एवं दायित्व, उनसे संबंधित आदि कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।शिविर को सम्बोधित करते हुए डीएसपी ने बताया कि नये कानूनों में सूचना प्रौद्योगिकी के साथ ही फॉरेंसिक अनुसन्धान पर विशेष बल दिया गया है. इन कानूनों में इ-रिकॉर्ड का प्रावधान किया गया है जिसके अंतर्गत जीरो एफआइआर, इ-एफआइआर और चार्जशीट को ऑनलाइन डिजिटल कर दिया गया है।डीएसपी ने बताया कि इन नये कानूनों के तहत थाने से कोर्ट तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है इसके अंतर्गत देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित हुई है जिसके जरिए पीड़ित व्यक्ति को ससमय जल्द न्याय मिल सके इसका प्रावधान किया गया है।नए कानून के तहत न्याय प्रक्रिया की समय सीमा निर्धारित की गयी है और इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने के तीन दिन के भीतर एफआइआर दर्ज करने का प्रावधान है, साथ ही यौन उत्पीड़न के मामलों में 60 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देना अनिवार्य किया गया है। पुलिस पदाधिकारियों को इन सभी बातों का विशेष ध्यान रखते हुए अनुसन्धान करने, साक्ष्य संकलन करने, ससमय रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।प्रशिक्षण शिविर के दौरान डीएसपी ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को रोकना और महिला व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है और इस कर्तव्य को पूरा करने के लिए सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डीएसपी ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य सभी थानों को बाल व महिला अनुकूल बनाना तथा बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा वे प्रशिक्षण शिविर के दौरान दिए गए बताए गए प्रावधानों का अनुसंधान कार्य में पूर्णतया क्रियान्वयन करें। एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सभी थाना एवं ओपी में पदस्थ सैकड़ो एसआई एवं स0अ0नि ने भाग लिया।

## बीमा कर्मचारी संघ धनबाद इकाई का वार्षिक आम सभा संपन्न




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के धनबाद में धनबाद शाखा 2, 3 और 4 गोविंदपुर का आम वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में आए नेताओं ने अपने-अपने वक्तव्य को रखा। इन चार शाखाओं से लगभग सैकड़ों साथियों ने भाग लिया। महामंत्री जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि एलआईसी देश कि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि 5 करोड़ की पूंजी से प्रारंभ होकर 52 लाख करोड़ की संपति अर्जित की। जोनल अध्यक्ष कॉम प्रदीप मुखर्जी ने बताया कि आज संगठन के लिए इतना अच्छा हमारा वेतन वृद्धि हुआ अब हमारा भर्ती के लिए आंदोलन जारी है और और यह आंदोलन चलता रहेगा जब तक क्लास 3, 4 का भर्ती नहीं हो जाता। 11 फरवरी को मास डेपुटेशन होगा सभी शाखाओ में और 20 फरवरी को 1 घंटा का स्ट्राइक होगा। मंच का संचालन अमरजीत राजवंशी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन निशेष कुमार ने किया।

## झारखंड आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी प्रखंड के दुर्गाडीह गांव में झारखंड आंदोलन के शहीदों को आज रविवार को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो व झामुमो वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू पहुंचे तथा शहीदों के स्मार पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में झारखंड के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि उनकी बलिदान बेकार नहीं जाएगी। वहीं टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू ने कहा कि युवाओं को बलिदानियों से सीख लेनी चाहिए। इसलिए नये युवा पीढ़ी को पढ़ लिख कर अपने मुकाम हासिल करने की ज़रूरत है। विदित हो कि 1972 में महाजनी प्रथा के खिलाफ चल रहे आंदोलन में जब चरम पर था। जिसका नेतृत्व शिबू सोरेन कर रहे थे। तब इसी जगह दो गुटों की संघर्ष में बंदूक की गोली से लगने से दुर्गाडीह में दो संथालो धरवई टूडू व रामनगर गांव के रामेश्वर मुर्मू की मौत हो गई थी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम निजी सचिव बसंत महतो, विधायक प्रतिनिधि फूलचंद किस्कू, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, जिप सदस्य मीणा हेमब्रम, शहादत अंसारी, संतुलाल किस्कू, लोलिन बास्की आदि मौजूद थे।

# जलसा ए सीरत उन नबी व तालीमी बेदारी कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नया बाजार स्थित राजेंद्र ग्राउंड में एक दिवसीय जलसा ए सीरत उन नबी व तालीमी बेदारी कांफ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमे कई उलमाओं ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती अब्दुल हई ने की तथा संचालन मुफ्ती सुफियान हैदर ने किया। कार्यक्रम में शायर दिल खैराबादी की नज़्म ने दर्शकों का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इमारत ए सरिया पटना के मुफ्ती वसी अहमद कासमी ने अपने संबोधन में कहा की हमें तमाम तरह की बुराइयों से बचना चाहिए और इंसानियत का फर्ज अदा करते हुए भलाई के काम करने चाहिए। वहीं इमारत ए सरिया जमशेदपुर से आए मुफ्ती अफरोज सलीमी ने कहा की पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब हमारे लिए एक आदर्श हैं, जिन्होंने जन्म से लेकर मौत तक की हमारी रहनुमाई की है। उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है, तभी हमारा जिंदगी सफल होगा। आगे उन्होंने कहा की मजहब ए इस्लाम ने शिक्षा हासिल करने पर काफी जोर दिया है। इसलिए इंसान को फिजूलखर्ची से बचना चाहिए और अच्छी शिक्षा पर खर्च करने चाहिए जिससे हमारा भविष्य उज्जवल और देश का नाम रौशन होगा।कार्यक्रम में हजारों लोग मौजूद थे जबकि महिलाओं ने भी बड़ी तादाद में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महिलाओं के बैठने के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की गई थी और उनके पर्दा का भी पूरा ख्याल रखा गया था। वहीं आयोजकों द्वारा भोजन, पानी, चाय आदि का भी प्रबंध किया गया था। श्रद्धालुओं को



कोई तकलीफ ना हो, इसे लेकर वॉलंटियर काफी सक्रिय दिखाई दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ईदगाह मस्जिद के इमाम अमीरुद्दीन कासमी, नायब इमाम हाजी मोहम्मद अशरफ समेत नया बाजार के तमाम नौजवानो की सराहनीय भूमिका रही।

## मयूर शेखर झा ने केन्द्रीय बजट की सराहना किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बेहतर झारखण्ड के संस्थापक मयूर शेखर झा ने पेश किए गए बजट के लिए वित मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की सबसे अधिक गेम बदलते बजटों में से एक को प्रस्तुत करने के लिए केंद्रीय बजट 2025 भारत की आर्थिक रीढ़ - मध्यम वर्ग को लक्षित करने वाला एक परिवर्तनकारी नीति हस्तक्षेप है। टैक्स आर्किटेक्चर का ग्राउंडब्रेकिंग पुनर्गठन, सालाना 12 लाख रुपए तक आयकर को समाप्त करना, वृद्धिशील नीति समायोजन से एक महत्वपूर्ण प्रस्थान का प्रतिनिधित्व करता है। यह संरचनात्मक सुधार, तर्कसंगत टीडीएस थ्रेसहोल्ड के साथ मिलकर, घरेलू बचत और खपत के लिए पर्याप्त राजकोषीय स्थान का परिचय देता है।

## परियोजना के विस्तारीकरण से पहले कंपनी को ग्रामीणों से वार्ता कर मुआवजा एवं पुनर्वासित करना होगा : रोहित बिंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लोदना एरिया अंतर्गत भूलन बरारी आउट सोसिग परियोजना विस्तारीकरण को लेकर बनाये जा रहे सड़क को ग्रामीणों रैयतों एवम स्थानीय विस्थापित ने विरोध कर काम को रविवार को रोक दिया गया है। वही ग्रामीणों रैयतों ने आउट सोसिग कंपनी के विरोध में प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियो ने बताया है कि विस्तारीकरण से बरसाती नाला को रातो रात समाप्त कर दिया गया है। परियोजना को लेकर सड़क बना कर मैगजीन घर में डंपिग याड बनाने की योजना है विस्तारीकरण से मौजा नुनुकडीह, ब्रामण बरारी,भूलन बरारी के रैयतों की जमीन वही विस्थापित नया धौड़ा, बूढ़ी बांध,लंका नगरी,चपरासी धौड़ा, बरारी एक नंबर, डुमरियाताड



के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे रोहित बिंद ,प्रमोद महतो,जगदीस महतो ने कहा है कि परियोजना के विस्तारीकरण के पहले कंपनी को ग्रामीणों से बर्ता कर मुआबजा एवम पुनर्वासित करना होगा तभी काम आगे करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा है की लोदना एरिया महाप्रबंधक को पत्र देकर कहा गया था कि एक सप्ताह के अन्दर आउट सोसिग के प्रबंधक पहले ग्रामीणों से वार्ता करें। ग्रामीणों ने हाइवा का रास्ता को भराई कर रोक दिया है। उन्होंने कहा है की ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना होगा। वही प्रदूषण को रोकने के लिए भी कदम उठाने होंगे। प्रदर्शन कारियो में शामिल है प्रमोद महतो,सुखदेव बावरी,बबलू ओझा, भोला निषाद,जगदीश महतो,दिलीप रवानी,श्याम महतो,सुलोचना देवी,सरस्वती देवी, मितिका महतो,सावित्री देवी, रौशनी देवी,आदि शामिल है। कोयला मंत्री के बात को भी नही मानते हैं आउट सोसिग कंपनी। रोहित बिद ने कहा है कि चासनाला में केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा है की सम्पूर्ण विस्थापित के बाद ही कोई भी परियोजना को शुरू किया जायेगा परन्तु आउट सोसिग कंपनी प्रबंधक नही मानते हैं। डंपिग याड मैगजिन घर के पास बनने से बाजार का अस्तित्व खत्म हो जायेगा। डंपिग याड बनेगा तो क्षेत्र का पुराना डिगवाडीह बाजार का अस्तित्व खत्म हो जायेगा। वही क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भयानक बीमारियों का सामना करना पड़ेगा।

## शक्ति समर्पण फाउंडेशन के सदस्यों का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर साथी फाउंडेशन में शक्ति समर्पण फाउंडेशन संस्था के सभी मेंबर का आगमन हुआ। संस्था के द्वारा सभी शक्ति समर्पण फाउंडेशन के मेंबर को टीका लगाकर उनका स्वागत किया गया और साथी फाउंडेशन के संचालक इरफान आलम और उनके शिक्षिका के द्वारा उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शक्ति समर्पण संस्था के अध्यक्ष संतोषी आनंद, सचिव मधु सिंह, कोषाध्यक्ष अंजलि प्रसाद और उनके टीम में संगीता सिन्हा, अंजली कल्याणी, सुषमा सिंह, अमिता श्रीवास्तव, ऊषा देवी, मुन्नी देवी, संगीता सिंह और रोटी बैंक के रवि शेखर सभी मेंबर का तहे दिल से साथी फाउंडेशन संस्था धन्यवाद करती है। क्योंकि आज शक्ति समर्पण संस्था के पूरे टीम ने हमारे संस्था के बच्चे से आकर मिले। साथी फाउंडेशन संस्था जो के वैसे बच्चे को शिक्षा देने का कार्य कर रही है जिनके माता-पिता का आर्थिक स्थिति कमजोर है। उसी के मद्देनजर आज हमारे शक्ति समर्पण संस्था की पूरे टीम हमारे बच्चे लोग के पास आकर उनको कॉपी पेंसिल और स्वीट्स, बिस्किट्स आदि का वितरण किया और हमेशा संस्था में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## अनाथालय के बच्चों के साथ मनी पंखुड़ी का जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने रविवार को अपने बेटी पंखुड़ी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे परिवार के साथ हीरापुर स्थित हिन्दू मिशन अनाथालय में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। नित्यानंद मंडल ने कहा क्या अनाथालय में बच्चों की मुस्कान से भरा मेरी बेटी पंखुड़ी का यह विशेष जन्मदिन हमेशा याद रहेगा समाज की जरूरतमंद वर्गों दिव्यांग व गरीब बच्चों की समय समय पर मदद करने के साथ जरूरतमंदों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सेवा प्रदान प्रयास जेपी हॉस्पिटल का रहता है। नित्यानंद मंडल ने बताया कि वे और उनकी पत्नी डॉक्टर किमी मंडल ने यह निर्णय लिया कि रेस्टोरेंट में अधिक खर्च करके स्टेटस दिखाने के बजाय बेटी का जन्मदिन कुछ इस तरह मनाया जाए की बेटी के चेहरे के साथ साथ अनाथालय में प्यार और दुलार के इंतेज़ार में बच्चों के चेहरे भी खिल जाए जिसको सही मायने में खुशी देने की जरूरत है। अनाथालय में अपेक्षित बच्चे इस तरह का आयोजन देखकर काफी खुश नजर आए नित्यानंद मंडल ने कहा यह बच्चे स्नेह के पात्र हैं और इनका मदद करना ख्याल रखना हम सब की जिम्मेदारी है। पंखुड़ी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अनाथालय में बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था, कॉपी कलम पेन टॉफी एवं सामग्रियां उपहार स्वरूप दी गई।

## नौजवान एकता फाउंडेशन ने मोहम्मद जफर इकबाल कादरी को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिष्ठित समाजसेवी मोहम्मद जफर इकबाल कादरी को नौजवान एकता फाउंडेशन ने विशेष सम्मान से नवाजा। फाउंडेशन की एक प्रतिनिधिमंडल ने उनके कार्यालय पहुंच कर उन्हें शॉल, पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर फाउंडेशन के सदर मो शाहनवाज खान उर्फ बबलू, वरिष्ठ सदस्य मो आज़ाद, मो जफर समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मोहम्मद जफर इकबाल कादरी के समाज सेवा में दिए गए योगदान की सराहना की और उनके मार्गदर्शन को फाउंडेशन के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उल्लेखनीय है कि मोहम्मद जफर इकबाल कादरी नौजवान एकता फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## राष्ट्रविरोधी आरएसएस को तत्काल पूरे भारत में बैन किया जाए : एनएसयूआई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के द्वारा रविवार 2 फरवरी को देश भर में जिला स्तर पे आरएसएस बेन डे मुहिम चालू की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिस तरह से आरएसएस विचारधारा से लिप्त नाथूराम गोडसे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गोली मारकर हत्या कर दिया था। इसको लेकर एनएसयूआई संगठन छात्रों के बीच जाकर गोष्ठी करेंगे एवं उसके विरुद्ध में पोस्टर जारी कर एवं सभी विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के दीवारों, चौक चौराहों,पर पोस्टर चिपकाने का मुहिम शुरू की गई। इसी के तहत आज धनबाद परिसदन में यह मुहीम चालू की गई और आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय तथा कॉलेज में जाकर छात्रों के बीच इस संदेश को मजबूती से देने का कार्य किया जाएगा। ताकि छात्रों को भी



आरएसएस की विचारधारा और तुच्छ मानसिकता के विषय में जानकारी प्राप्त हो। प्रदेश सचिव रवि पासवान ने कहा आरएसएस की मानसिकता हमेशा से देश विरोधी रहा है और यह केवल देश में धर्म और संप्रदाय के नाम पर देश को तोड़ने का काम कर रहे हैं और भारत की आजादी और संप्रभुता के लिए आरएसएस एक बहुत बड़ा खतरा है।इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश सचिव रवि पासवान ने किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक, धनबाद जिला सह प्रभारी प्रिया गुप्ता, राज रंजन सिंह, साहिल अली, सन्नी सिंह, आयुष सिंह, जयप्रकाश यादव, रौशन कुमार, कयूम खान, सैफ अंसारी, देवांश शर्मा, शाहबाज खान, अमन अंसारी, आहान खान, मो अलीक, अभिषेक कुमार, हर्ष सिंह सहित दर्जनों एनएसयूआई के साथी मौजूद थे।

## तीन दिवसीय लघु पत्रिका मेला सह सम्मेलन 28 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** हीरापुर स्थित लिंडसे क्लब में शिल्पे अनन्या त्रैमासिक पत्रिका के चतुर्थ तीन दिवसीय लघु पत्रिका मेला सह सम्मेलन दिनांक 28 फरवरी 2025 से 02 मार्च 2025 तक के तैयारी व विचार तथा विमर्श को लेकर ÷शिल्पे अनन्या÷ के साथियों व बुद्धिजीवियों को लेकर आयोजन समिति की आवश्यक बैठक, पत्रिका के संपादक प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन की अध्यक्षता मेंद्व सम्पन्न हुई। इस बैठक में मंचासिन प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन, डॉ. काशी नाथ चटर्जी, कवि कनकन गुप्ता, तपन राय, बरनाली गुप्ता मौजूद थे।आयोजन समिति के सचिव डॉ. काशी नाथ चटर्जी ने सभी को संबोधन करते हुए कहा कि दिनांक - 28 फरवरी 2025 से 2 मार्च 2025 तक लिंडसे क्लब में लिटिल



मैगजीन मेला का आयोजन शिल्पे अनन्या त्रैमासिक बंगला लिटिल मैगजीन के द्वारा किया जाएगा। जिसमे कई राज्यों के लेखक आएंगे। आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर काशीनाथ चटर्जी ने कहा की 28 फरवरी को मेला का उद्घाटन 4÷00 बजे होगा। उद्घाटन सत्र के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होगी। इस बार विषय है वर्तमान समय में साहित्यकारों की भूमिका। इसके साथ-साथ दूसरे दिन विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया है, जिसमें स्थानीय कलाकार भी भाग लेंगे। बैठक को सफल करने में परेश नाथ बनर्जी, विश्वजीत गुप्ता, रवि सिंह, भोला नाथ राम, मधेश्वर नाथ भगत, भोला सिंह आदि का सहयोग रहा।

# पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन की अध्यक्षता में आज सरस्वती पूजा-2025 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय, स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी है जिसके लिए उनकी पूजा की जाती है। हर पर्व-त्यौहार का एक महत्व होता है। उस पर्व-त्यौहार में एक संदेश छिपा होता है जिस पर सभी को अमल करना चाहिए। वसंत ऋतु में प्रकृति की खूबसूरती बढ़ने लगती है। सभी ओर पेड़-पौधों में नये-नये फूल खिलते हैं और प्रकृति प्रेम, सौंदर्य और जीवन का संदेश देती है। वसंत ऋतु के पांचवें दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा होती है। इस पर्व को सभी समुदाय के लोगों को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ



मनाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोहरदगा जिला में सभी पर्व-त्यौहार काफी सौहार्दपूण तरीके से मनाये जाते रहे हैं। सरस्वती पूजा के विसर्जन के दौरान सभी थाने पूजा-समितियों के साथ समन्वय बना कर रखें और विर्सजन के दिन लिए गहरे पानी के खतरे के समय बचाव कार्य के लिए तैराक चिन्हित कर रखें। गहरे पानी के क्षेत्र को चिन्हत कर लिया जाए। विसर्जन वाले गहरे तालाब या नदी के पास ट्यूब भी राहत कार्य के लिए रखा जाए। विसर्जन के समय लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाते समय जरूर दूसरे की इच्छा का ध्यान रखें ताकि किसी को बुरा नहीं महसूस हो। सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर, बिना हेल्मेट या सीट बेल्ट बांधे, ट्रिपल राइडिंग करनेवाले पर कार्रवाई की जा रही है। आप सभी जिला स्तरीय शांति समिति अपने क्षेत्र में लोगों से अपील करें कि शराब पीकर या बिना हेलमेट पहले या बिना सीट बांधे वाहन ना चलाएं। थाना प्रभारी और प्रखण्ड के पदाधिकारी नियमित रूप से जांच अभियान चलाएं। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सरस्वती पूजा-2025 के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त तैयारी की गई है। सभी आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल व दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्तियां की जाएंगी। असमाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। उत्पाद अधीक्षक को अवैध तरीके से नशीले पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई करने,स्टॉक की चेकिंग करने, अवैध तरीके से शराब का निर्माण,संधारण व बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को नीचे लटके बिजली के तारों को निर्धारित उंचाई में उठाये जाने का निर्देश दिया गया। किसी भी स्थिति में पूजा समितियों द्वारा विर्सजन के समय निर्धारित रूट को नहीं बदला जाए। जो रूट तय है उसमें ले जाया जाए। आज की बैठक में सभी प्रखण्डों से आए शांति समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा गया। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी,सभी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## ज्ञान-विज्ञान, विद्या-बुद्धि, कला-संगीत, की देवी माँ शारदे की पुजा कैरो प्रखंड क्षेत्र में आज, मुर्ति विसर्जन कल



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड के विभिन्न पंचायतो गाँवो शैक्षणिक संस्थानों में ज्ञान-विज्ञान, विद्या-बुद्धि,कला-संगीत की देवी माँ शारदे की पुजा अर्चना आज 03 फरवरी सोमवार को हो रही है, इस निमित आकर्षक रुप से पण्डाल निर्माण व साज सज्जा कर माँ की पुजा विभिन्न संगठनो, व शैंक्षणिक संस्थानो द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है, वहीं मुर्ति विसर्जन कल 04 फरवरी मंगलवार को होगी। माँ शारदे की पुजा अर्चना वसंत पंचमी को की जाती है माता वीणापाणि का एक नाम श्री भी है इसलिये इसे श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। शीत ऋतु के समाप्ति के बाद वसंत ऋतु का आगमन से नूतन कार्य के लिये यह तिथि मास पवित्र माना जाता है। श्री पंचमी को ही माँ शारदे की पुजा विद्यार्थी, शिक्षक, संगीतज्ञ, कलाकार भक्तिभाव से करते हैं। कैरो प्रखंड के हनहट, गितिलगढ़, हुदू, टाटी, खरता, सढ़ाबे, एडादोन, कैरो, उतका, खन्डा, गजनी, चाल्हो, महुवरी, नरौली, नगजुवा, ख्वास अम्बवा, चिपो, नगड़ा, गुड़ि इत्यादि ग्रामो के शैक्षणिक व गैर शैंक्षणिक संस्थानो में माँ शारदे की पुजा अर्चना आज हो रही है। इसके तह्त कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने शांति व्यव्स्था के निमित प्रखंड के विभिन्न पंडालो पर आवश्यक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ती भी कर दी है।

## किसानों के आत्म निर्भर, कृषि एवं कृषि कार्य में भलाई होने का सौगात देने वाला बजट है : जितेंद्र महतो



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा के जितेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा केंद्रीय बजट 2025_26 झारखंड के गरीब युवा नारी शक्ति अन्नदाता किसानों के आत्म निर्भर कृषि एवं कृषि कार्य में भलाई होने का सौगात देने वाला बजट है। उन्होंने बताया केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य योजना लागू कर एवं कृषि लोन की सीमा 3 लाख रु से बढ़ाकर 5 लाख रु कर दी गई जिसे झारखंड के 21.5 लाख से अधिक किसानों को खेती के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से वित्तीय सहायता मिलने पर कृषि कार्य आसान होगा और किसानों को सशक्त,समृद्ध एवं आत्मनिर्भर होने के साथ साथ सीधे-सीधे इनकी आय में वृद्धि कराने वाला बजट साबित होगा। उन्होंने बताया धनधान्य योजना के माध्यम से उन क्षेत्रों में जहां कृषि का उत्पाद कम होता है वैसे उन जिलों को चिन्हित कर कृषि कार्य बढ़ाने और किसानों को सशक्त स्वालंबन बनाने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्नत नई टेक्नोलॉजी माध्यम से प्रगतिशील कृषक समपोषित अनुदानित योजना चलाई जाएगी जिससे किसने की आय में बेतहाशा वृद्धि होगी।

## अंजुमन तरक्की उर्दू लोहरदगा की बनी कमिटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को होटल ताज अमला टोली में अंजुमन तरक्की झारखंड राज्य स्तरीय डेलीगेट की उपस्थिति में लोहरदगा की पन्द्रह सदस्यीय कमिटी का चुनाव आज की बैठक की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक हाजी अयूब खलीफा ने किया। जिसमें सर्व सहमति प्रोफेसर अब्दुल कुदूस कुरैशी को अध्यक्ष,उपाध्यक्ष मो असलम, प्रो नईम खान,महबूब आलम तथा प्रोफेसर अरशद मोमिन को सचिव, कोषाध्यक यूसुफ खान, कोषाध्यक्ष तौफीक अहमद, सह सचिव अली रजा अंसारी, मुजफ्फर आलम, अमीरउल्लाह अंसारी, प्रवक्ता मुमताज अहमद, वरीय सदस्य आबिद हुसैन, सगीर अंसारी, खालिद अहमद बादल, जाहिद अहमद, मो शाहनवाज बनाए गए। चुनाव से पूर्व राज्यस्तरीय कमिटी के कन्वेनर एम जेड खान ने अंजुमन तरक्की उर्दू के कार्यो पर संबोधित करते हुए कहा कि ये तंजीम बहुत पुरानी तंजीम है और इसका उद्देश्य आज उर्दू भाषा का जो मकाम होना चाहिए था नहीं मिला सरकार स्तर इसके लिए इसकी तरक्की के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। आज ना तो स्कूल कॉलेज में पर्याप्त टीचर पर्याप्त किताबों की कमी के साथ समाज के पिछड़ेपन और इसे दूर करने की जरूरत है और इसके लिए सरकार पर दबाव डालना होगा और बच्चों को शुरू से ही अन्य विषयों के साथ उर्दू की शिक्षा मिलनी चाहिए तभी उर्दू तरक्की मुमकिन है। रांची विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अहमद सज्जाद अपने विचार रखते हुए समाज के लोगों से अपील किया कि आप सरकार से अपनी जायज़ मांगों को लेकर आंदोलन भी करना पड़ेगा। और अपने हक हुकूक को पहचानना होगा स्टेट कमिटी के मो गुफरान, मुमताज अहमद ने कहा कि उर्दू किसी एक मजहब की भाषा नहीं है बल्कि ये पूर्ण रूप से भारतीय भाषा है इसे बचना हम सब का कर्तव्य है, विषय प्रवेश प्रो कुदूस कुरैशी, सभा का संचालन प्रो अरशद मोमिन ने किया आज की सभा में एनामुल हक ने भी अपने विचार रखे सभा में करूजमा कुरैशी, हाजी रियासत, मो नईम महबूब अंसारी, मो असलम तौहीद आलम, साबिर हुसैन, मो असलम, सगीर अंसारी, जाहिद अहमद, मो शाहनवाज, समी उल्लाह, मो असलम, मो आदिल आदि मौजूद थे सभा की समाप्ति की घोषणा सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी लुकमान अहमद ने किया।

## तय समय पर सम्पन्न हो सांगठिक चुनाव : किशलय तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के निमित्त भाजपा कार्यालय में सांगठिक चुनाव हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वागत भाषण करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि 4 फरवरी तक सदस्यता अभियान की तिथि बढ़ा दी गयी है सभी मंडल अध्यक्ष अपने मंडल के बूथों में कम से कम 2 सक्रिय सदस्य अवश्य बनाएं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला चुनाव प्रभारी सह भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में 1 फरवरी से भारतीय जनता पार्टी संगठन में सांगठिक चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गयी है बूथ अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष जिलाध्यक्ष के बाद प्रदेश अध्यक्ष का भी चुनाव किया जाएगा इस के निमित्त मंडल वार पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए गए हैं,मंडल संगठन प्रभारी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल पर्यवेक्षक की मौजूदगी में बूथ



कमिटी शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक एवं शक्ति केंद्र पर्यवेक्षक का चुनाव किया जाएगा साथ ही बूथों में सांगठिक चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात मंडल एवं जिलाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा इसे लेकर प्रदेश नेतृत्व द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में पलामू सांसद बीडी राम चुनाव प्रभारी के रूप में किशलय तिवारी सह प्रभारी के रूप दुर्गविजय सिंहदेव एवं श्रद्धानन्द बेसरा को सह प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया। कार्यशाला को दुर्गविजय सिंहदेव एवं श्रद्धानन्द बेसरा ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, मंच संचालन महामंत्री द्वय दिपक पुरी एवं मंच संचालन मुकेश श्रीववास्त ने किया। मौके पर प्रणव कुमार पिंकी प्रसाद सुजान मुंडा रवि गुप्ता तुलसी कु साहु अनुप प्रसाद संजय ठाकुर अनुप केशरी हीरा राम राकेश रविकांत अनिरुद्ध सिंह रवि वर्मा बालमुकुंद सिंह मुकेश पंडा सुरजन प्रधान बिधा बड़ाईक विश्वनाथ मिश्रा मुनेश्वर तिर्की रंजन साह सुभाष बड़ाईक मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला कार्यालय में हुई बैठक, दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण पर हुई चर्चा



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में देर शाम जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में आगामी 7 फरवरी से लेकर 9 फरवरी तक सिमडेगा आनंद भवन धर्मशाला में दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति की होने वाली विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया ।मौके पर जिला अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में सिमडेगा गुमला एवं लोहरदगा से दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की बहने शामिल होंगी। कार्यक्रम को लेकर विश्व हिंदू परिषद जोर-शोर से तैयारी शुरू की है, ताकि प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार से कोई भी परेशानी ना हो और शांतिपूर्ण तरीके से इस कार्यक्रम को संपन्न किया जा सके। उन्होंने इस कार्य में नगर समिति जिला समिति के अलावा समाज के प्रबुद्धजनों के साथ मिलकर करने की बात कही। इसके अलावा मठ मंदिरों की रक्षा, सामूहिक संकीर्तन एवं अपने धर्म संस्कृति एवं समाज के उत्थान से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई इसके अलावा भी विश्व हिंदू परिषद की आगामी कार्यक्रमों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उन कार्यक्रमों पर भी विचार विमर्श की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के अलावा जिला महामंत्री कृष्णा शर्मा, मंत्री सुबोध महतो, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मिश्रा, जिला गौ रक्षा प्रमुख राम जी यादव, नगर गौ रक्षा प्रमुख सुमित गुप्ता अरुण कुमार सिंह, बजरंग प्रसाद मिथिलेश सिंह सुरेश गोप के अलावा कई अन्य लोग शामिल हुए।

## पंचायतों में विशेष रोजगार दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवन में झारखण्ड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के निर्देश पर विशेष रोजगार दिवस मनाया गया। वही विशेष रोजगार दिवस पर सरकार द्वारा संचालित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत मनरेग में कार्य करने के लिये निबंधित मजदूरों से कार्यावेदना लिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत का विकास के लिये मनरेग योजना के अंतर्गत नया योजना संचालित करने के लिये डोभा, आमबागवानी, ईसीबी, दीदी बाड़ी, टीसीबी, कच्ची नाली निर्माण योजना सहित अन्य योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया। वही सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और मेठ को निर्देश देते हुए कहा गया. की मनरेग योजना मे अधिक से अधिक मजदूरों को कार्य दें और मजदूरों का ससमय मजदूरी भुगतान करें। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा, रोजगार सेवक जोगेंद्र ठाकुर,मेठ राजकुमार महतो, सुनील महली के अलावे सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और मेठ उपस्थित थे।

## शहीदों के जीवनी से प्रेरणा लेने की जरुरत, युवाओं को शहीदों की जीवनी का अनुसरण करना चाहिए : हारिस बिन जमां

### हलधर-गिरधर भगत ने देश के लिये दी जान : उप विकास आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहीद वीर बुध भगत की 193वें शहादत दिवस के अवसर पर आज कुडू प्रखंड टिको ग्राम के पोखरा टोली स्थित शहादत स्थल के पास शहादत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहीद वीर बुधु भगत,हलधर-गिरधर,बहन रूनिया तथा झुनिया के शहादत स्थल पर अतिथियों द्वारा पारंपरिक तरीके से जल व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया गया। शहादत स्थल पर पारंपरिक तरीके से पूजा की गई और कार्यक्रम शुरू हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि युवाओं को शहीदों की जीवनी पढ़ते हुए उनका अनुसरण करने की जरूरत है। शहीद कभी मरते नहीं अमर हो जाते हैं। शहीदों के मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन की खातिर मिटने वाले का निशान हमेशा कायम रहेगा। शहीदों



की सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब शहीदों के सपने को पूरा कर करेंगे। शहीद स्थल को विकसित करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है, कई कार्य हो चुके हैं कुछ बाकी है जिसे पूर्ण कराया जाएगा। समाज के लिए कुर्बानी देने वालों का सम्मान होना चाहिए। शिक्षा ही विकास का मार्ग हैं। मदिरा पान का त्याग करते हुए समाज के लिए युवा कार्य करें। आजादी मिली है तो इस आजादी को समाज के लिए समर्पित करें। युवा काल मे वीर हलधर तथा गिरधर भगत ने देश की खातिर अपना जीवन कुर्बान कर दिया। ऐसे वीर सपूतों के अधूरे सपने को साकार करना सभी की जिम्मेदारी है। यह तभी संभव है जब युवा अपनी जिम्मेदारी समझें। समारोह में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि वीर हलधर - गिरधर भगत ने देश की खातिर अपना पुरा जीवन कुर्बान कर दिया। 32 साल के युवा ने लरका आंदोलन की अगुवाई करते हुए अंग्रेजी सेना की जमीन हिला दी थी। युवाओं को आगे आना ही होगा तभी वीर जांबाजो के अधुरे सपने को पूरा किया जा सकता है। जिला प्रशासन युवाओं को शिक्षित तथा स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई कदम उठा रही है। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कहा कि टिको पोखरा टोली की धरती वीर जाबांजों की धरती है। टिको पोखरा टोली में कई वीर शहीदों ने अपने प्राणों की बलिदानी दी है। राज्य सरकार इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें तथा पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा करे। शहीदों की जीवनी से प्रेरणा लेकर तथा शहीद स्थल पर युवा संकल्प लें कि समाज को जागरूक तथा एकजुट करेंगे। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा इससे पूर्व बस स्टैंड स्थित वीर बुधू भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सभी अतिथि टिको पोखरा टोली पहुंचे तथा श्रदा सुमन अर्पित की। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से 100 वृद्ध तथा असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 138 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए।आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 54 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ख़र्च में




ही कराई जाती है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की हम सभी को मानव शरीर बहुत ही किस्मत से मिला है, इसे बीमारियों से बचाएं व्यर्थ जाने ना दे, कौन सी बीमारी कब शरीर में हो जाती है पता भी ही नहीं चलता है इसके लिए आपको समय-समय पर अपने स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे बीमारियों का कोई भी लक्षण दिखने पर उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बहुत से लोगों को अपने स्वास्थ संबंधित बीमारियों की जानकारी नहीं रहने से वह बीमारी बढ़ जाती है जिससे कि आगे जाकर काफी कष्ट दायक हो जाती है शिविर में चेकअप कराने के बाद कई लोगों को अपने बहुत से बीमारियों की जानकारी मिली और उक्त बीमारी का इलाज करा कर स्वस्थ हो रहे है, सहसचिव संजय चौधरी, अनामिका भारती व राहुल राय ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में- जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, अनामिका भारती, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी नारायण भगत, अंजलि सर्राफ, शकुंतला देवी, सत्यम सर्राफ, राहुल राय, अनिल साहू, अतुल सर्राफ, शिमला देवी, वीरेंद्र कुमार, अंजू देवी, बसंत अग्रवाल, ओमप्रकाश कास्यंकार, मीना देवी, मोती अग्रवाल, ज्ञानेश गुप्ता, तपेश्वर अग्रवाल, महेश कास्यंकार, रमेश महतो, सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, डोमन चंद्र कर्मकार, सुमित कुमार, शर्मिला देवी, गोपाल प्रसाद, अमित बंका, प्रदीप खत्री, अनूप महतो, उदय कसेरा, रेणु देवी, संध्या देवी, बिगन प्रसाद,रितिका गुप्ता, रमेश शर्मा, प्रभु दयाल साहू, सुबोध महतो, अशोक अग्रवाल, मीरा उरांव, राम सहाय उरांव आदि थे।

## एक साथ सेवानिवृत्त हुये बीडीओ, बीईओ और जनसेवक को दी गई भावभीनी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव, बीईओ अरबिंदा कुमारी और जनसेवक माधो भगत को सेवानिवृत होने पर एक साथ भावभीनी विदाई दी गई। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित विदाई कार्यक्रम में प्रखंड ओर अंचल के सभी कर्मियों के अलावे अन्य ग्रामीण और कर्मचारियों उपस्थित हुए। सीओ मधुश्री मिश्रा, बीएओ सुनील चंद्र कुंवर, किशोर उरांव सहित सभी कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगो ने दर्जनों रंग के फुल माला और उपहार स्वरूप सफारी का सुटकेश, आरिस्टोक्रेट का ब्रीफकेस और जिसको जो समझ में आया देकर ही माना और सम्मानित कर दिया। और आगे का जीवन मस्त और स्वस्थ तरीके से बिताने करने की मंगल कामना की। मौके पर



सीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यो को सेवा भाव से करना इनकी विशेषता रही। आमजनों की सेवा के लिए हर वक़्त उपलब्ध रहे। उन्होंने ने कहा कि सरकारी सेवा से सेवामुक्त एक स्वत प्रक्रिया होती है। लेकिन स्वच्छ सेवानिवृति का क्षण तब खुशनुमा पहलु होता है। बीडीओ श्री साव ने बिना तनाव के हर विकट परिस्थिति का सामना करते हुए हर छोटे-बड़े कर्मियों, पदाधिकारियों एवं आम जानो को सम्मान दिया। पत्रकारों के तरफ से नंदलाल तिवारी ने कहा कि इस बीडीओ का कार्यशैली अभूतपूर्व रहा है। उन्होंने रिटायर होने पर भी हमेशा जवान महसूस करते हुए आगे की जिंदगी को और भी मजेदार बनाने की बात कहते बराबर लातेहार पहुंचकर मिलने की बात कही। इनकी कार्यशैली से सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। वहीं विदाई समारोह के दौरान बीडीओ श्री साव भावुक होकर रुआंसी आवाज में कहा कि मात्र एक वर्ष तीन माह तक यहां सेवा देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ लेकिन इतने कम समय में भी यहां के लोगों ने मुझे दिल खोलकर प्यार और दुलार दिया। सभी कर्मियों के साथ एक परिवार की तरह काम करने की कोशिश की।आप सभी के सहयोग से ही सेवाकाल को नियमित ढंग से पूरा कर पाया हुं। आपके साथ बिताए यह पल हमेशा याद रहेंगे। ज्ञात हो कि 10 अक्टूबर वर्ष 2023 को प्रवेश कुमार साव ने कुडू के 25 वें बीडीओ के रूप में पदभार संभाला था। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सदरूल अंसारी, सीडीपीओ सोनिया मंजुल, कल्याण पदाधिकारी अवध प्रसाद, राजेश प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, विकास शाहदेव, शुभम साहू, रवि कुमार साहू,सबरेज़ आलम, धीरज साहू ओम प्रकाश महतो, तरुण कुमार सिंह, सूरज कुमार, दिलीप कुमार, सुनील टाना भगत सहित सभी कर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### एसएसपी चंदन सिन्हा पहुंचे नामकुम थाना, लंबित केस का निषपादन करने का दिया निर्देश



**रांची (प्रभात मंत्र संवददाता)।** पुलिस उप-महानिरीक्षक- सह- वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा के द्वारा नामकुम थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसमें थाना प्रभारी तथा पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया -लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया।लंबित वारंट एवं कुर्की का निष्पादन अविलंब करेंगे। साथ ही फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया।भूमि विवाद से संबंधित प्राप्त आवेदन पत्र पर कार्रवाई करते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया।सभी निरीक्षण से संबंधित पंजियो का अवलोकन कर उसमें पाए गए कमियों का निराकरण/प्रविष्टि हेतु निर्देश दिया गया। आम नागरिकों के द्वारा प्राप्त शिकायत पत्रों का अविलंब निष्पादित करेंगे।असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

### दाखिल-खारिज राजस्व शिविर में कुल 1134 मामलों आये

**रांची (प्रभात मंत्र संवददाता)।** जिला उपायुक्त मंजुनाथ भंजन्तरी के निर्देश पर रांची जिला के दस अंचल में दाखिल-खारिज राजस्व शिविर में कुल 1134 मामलों आए, जसमें 534 को स्वीकृत किया गया, जबकि 460 मामले अस्वीकृत किए गए। अनगड़ा अंचल में 179 में से 147, चान्हो में 151 में से 103, बड़गाई में 97 में से 58, बुड़मू में 41 में से 32, बुंडू में 30 में से 24, बेड़ो में 43 में से 25, हेहल में 59 में से 21, नगड़ी में 162 में से 65 और अरगोड़ा में 372 में से 59 मामले स्वीकृत किये गए।

### कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याएं सुनी, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**मीरजापुर:** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं अपना दल (एस) के कार्यकारी राष्टीय अध्यक्ष आशीष पटेल ने रविवार को सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया।उन्होंने जिले के नागरिकों, एनडीए गठबंधन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसंवाद के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई।

## झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन ने किया शिक्षक सम्मान समारोह सह सुर संध्या कार्यक्रम का आयोजन

# शिक्षक ही जीवन का गतिदाता हैं : कुंदन कुमार

प्रभात मंत्र संवददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन के द्वारा स्थानीय टाउन हॉल मेदिनीनगर में सरस्वती पूजा के पूर्व संध्या पर शिक्षक सम्मान समारोह सह सुर संध्या कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि सदर सीओ अमरजीत बल्होत्रा, झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के तस्वीर पर मालार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन शिक्षा के अलख जागते हुए शिक्षकों के लिए जो सम्मान दिया है। वह अपने आप में काबिले तारीफ है। श्री कुमार ने कहा कि यह संगठन शिक्षा के साथ-साथ समाज निर्माण में भी अच्छी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षक ही जीवन का गतिदाता है। उपर्युक्त कथन में स्पष्ट हो जाता है कि विद्यालय जीवन में शिक्षक को अति महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है और उसके उत्तरदायित्व भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। शिक्षक का दायित्व मात्र विद्यालय में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण समाज में होता है और उसे अति महत्वपूर्ण एवं सम्मानप्रद स्थान प्राप्त है। मौके पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि सदस्य अमरजीत मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन शिक्षकों को सम्मान देकर समाज में एक अच्छा संदेश देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सम्मान पाकर शिक्षक अपने विद्यालयों में और भी कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करेंगे। उन्होंने शिक्षकों को संदेश देते हुए कहा कि एक अच्छे शिक्षक में कई मुख्य गुण होते हैं, जिनमें धैर्य, सहानुभूति, अनुकूलनशीलता और सम्मान शामिल हैं। विशिष्ट की अतिथि के तौर पर सम्मानित प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा ने कहा कि शिक्षा और समाज कल्याण, दोनों ही एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। शिक्षा, समाज के विकास और प्रगति की आधारशिला है। कार्यक्रम के संचालन संगठन के उपाध्यक्ष नंदकिशोर भारती ने किया।

### निजी विद्यालय से जुड़े शिक्षकों, अभिभावक एवं विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना संगठन का उद्देश्य - अविनाश देव

झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि इस संगठन के स्थापना का उद्देश्य संगठन से जुड़े हुए विद्यालयों सहित झारखंड के तमाम विद्यालयों एवं विद्यालयों से जुड़े हुए शिक्षकों, अभिभावक एवं एवं विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों में कई प्रतिभावान शिक्षक गण अपने उत्कृष्ट सेवा शिक्षा के क्षेत्र में देते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उन सभी शिक्षकों को सम्मान देकर संगठन खुद गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस संगठन का उद्देश्य विद्यालय विकास के साथ-साथ समाज कल्याण एवं विद्यालय से जुड़े हुए लोगों की भलाई का भी है। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव में कई ऐसी प्रतिभाएं हैं जो शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित कर संगठन उन्हें आर्थिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहायता प्रदान करेगी। मौके पर अध्यक्ष श्री देव ने पैरा ओलंपिक खिलाड़ी राजेश कुमार मेहता को ग्यारह हजार रूपय सहयोग राशि के रूप में देकर मार्च में होने वाले एशियन इंटरनेशनल पैरा ओलंपिक गेम के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर अध्यक्ष श्री देव ने शिक्षकों को संदेश देते हुए कहा कि सम्मान मिलना जीवन की चुनौतियों का सामना करने और अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए ज्ञान, कौशल और मूल्यों से सशक्त बनाती है। छात्रों के लिए, शिक्षा बौद्धिक विकास, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमताओं को बढ़ावा देने का एक साधन है।







### इन शिक्षकों को किया गया सम्मानित

विभिन्न स्कूलों के सम्मानित होने वाले शिक्षकों में
लिलिपुट ए प्ले स्कूल
मन्नत सिंह बग्गा, फलक आफरीन,एइके अकैडमी
अर्जुन पांडे, मोहम्मद साजिद अनवर कैंब्रिज पब्लिक स्कूल
निभा कुमारी ,काजल कुमारी,
ओरिएंट पब्लिक स्कूल शबनम आरा, आशीष कुमार,
एसएलए पब्लिक स्कूल
रीना सिंह, सुशील हपनगडा
संत मरियम रेजिडेंशियल स्कूल
प्रवीण दुबे,एस बी साहा
आवासीय बल शिक्षा निकेतन
ऋषिका श्रीवास्तव, श्रीकांत मिश्रा लोटस अकैडमी
आकाश तिवारी, प्राजंलि ओझा आदि लोग शामिल थे।

### विशिष्ट लोगों को किया गया सम्मानित

उक्त मौके पर प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा, प्रोफेसर के.के मिश्रा, पैरा ओलंपिक खिलाड़ी राजेश कुमार मेहता, कवि सह शिक्षक एमजे अजहर, स्वर्गीय राजाराम मिश्र, ट्रैफिक प्रभारी जमाल अहमद आदि लोगों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए संगठन के तमाम पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया।

### राम एवं श्याम बंधुओ ने बिखेरी संगीत की छटा

पलामू जिले के प्रसिद्ध कलाकार राम एवं श्याम बंधु ने एक से बढ़कर एक संगीत की छटाएं बिखेरी और लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी ने राम श्याम सहित सभी कलाकारों को भी सम्मानित किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

मौके पर झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक रमाकांत मेहता, सचिव गिरीश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष आफताब आलम, सह सचिव राजीव गोयल, ओरिएंट स्कूल के निदेशक सुधीर मेहता, लोटस एकेडमी के प्राचार्य कल्पना शर्मा, बाल शिक्षा निकेतन के प्राचार्य पीयूष राज पुरुषोत्तम, वीरेंद्र कुमार, बबलू गुप्ता, मनोज सिंह, विमल कुमार, डॉ एसपी दुबे, वेद प्रकाश दुबे, नागेंद्र वर्मा आदि कई लोग उपस्थित थे।

# 100 नई अमृत भारत ट्रेनें चलेगी : रेल मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बजट 2025 में 52 करोड़ रुपया एक्सट्रा रेल मंत्रालय के बजट में जोड़ा गया है. इसे लेकर रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के ऊपर भी बहुत ध्यान दिया गया है. उन्होंने कहा, रेलवे के ऊपर 2.5 लाख करोड़ रुपये का ग्रॉस बजेट्री सपोर्ट है. पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत ही फोकस्ड तरीके से रेलवे में इलेक्ट्रिफिकेशन करना, नये रेलवे ट्रैक बिछाना, स्टेशन को बेहतर करना, नये तरह की टेक्नोलॉजी लेके आना, सेफ्टी पर ध्यान देना कुल मिलाकर 360 डिग्री काम किया. रेलवे को दिया गया बजट उसी मोमेंटम को मेंटेन करता है. केंद्रीय मंत्री ने कहा,इसके अलावा 4.60 लाख करोड़ रुपये के नये प्रोजेक्ट इस बजट में सैंक्शन हुए, जिसमें न्यू लाइंस है, डबलिंग है, वर्कशॉप का इंप्रूवमेंट है, मैंटेनेंस की प्रैक्टिसेस का इंप्रूवमेंट शामिल है. शेफ्टी पर 1.16 लाख करोड़ का एलोकेशन है. 50 नये नमो भारत ट्रेन चलाई जाएगी, जो छोटी दूरियों को कवर करेगी, जैसे कानपुर से लखनऊ, बेंगलुरु-मैसूर. 100 नई अमृत भारत ट्रेन चलेगी. अमृत भारत ट्रेन से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले श्रमिक वर्ग और लो इनकम के वर्ग हैं, उन सब के लिए अमृत भारत ट्रेन 1000 किलोमीटर 450 रुपये में और इसमें वंदे भारत जैसी फैसिलिटी होगी. 200 नई वंदे भारत ट्रेन का प्रोविजन है, 1000 अंडर पास और फ्लाई ओवर्स का प्रोविजन है. देश में 1300 नये स्टेशन का काम चल रहा है. बुलेट ट्रेन को लेकर रेल मंत्री ने कहा,अभी ब्रिज का काम चल रहा है. जल्द से जल्द बुलेट ट्रेन शुरू होगी. मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल लाइन को लेकर 340 किलोमीटर तक काम पूरा हो गया है.

उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म पर भी अच्छे तरीके के काम हो रहा है, जिसके लिए एआई की भी मदद ली जा रही है. चीन के एआई मॉडल डीपसीक पर दुनिया भर सवाल उठ रहे हैं. डेटा सेफ्टी से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷डीपसीक की डिटेल में जांच हो रही है. इसके मूल्यांकन और टेक्नोलॉजी पर काम चल रहा है. जो हमारे एक्सपर्ट कहेंगे वो हम करेंगे. भारत का इकोनॉमी तेजी से बढ़ रहा है. 2026 में यह मार्क क्रॉस हो जाएगा.

**केंद्रीय मंत्री ने कहा,इसके अलावा 4.60 लाख करोड़ रुपये के नये प्रोजेक्ट इस बजट में सैंक्शन हुए, जिसमें न्यू लाइंस है, डबलिंग है, वर्कशॉप का इंप्रूवमेंट है, मैंटेनेंस की प्रैक्टिसेस का इंप्रूवमेंट शामिल है.**



# सोलन जिला में विकास कार्यों की गति तेज करें अधिकारी : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को यहां अपने आधिकारिक निवास ओक ओवर में सोलन जिला के विधायकों के साथ बैठक की और जिला से संबंधित विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर चर्चा की।मुख्यमंत्री ने विधायकों से हर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी और फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि जिला में निर्माणाधीन सभी परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए जन-प्रतिनिधियों को निरंतर प्रयास करने चाहिए।मुख्यमंत्री ने विधायकों से जिला की भावी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की।उन्होंने कहा कि नवीन परियोजनाओं में नवाचार को विशेष अधिमान दिया जाना चाहिए और उनकी परिकल्पना 'हरित राज्य' दृष्टिकोण से की जानी चाहिए।सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याण व राज्य के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। उन्होंने इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक सुनिश्चित करने के लिए विधायकों से निरंतर सार्थक प्रयास करने को कहा।उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए अनेक पहल की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन योजनाएं व कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं। सरकार के इन प्रयासों को फलीभूत करने के लिए लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए।





# बसंत पंचमी ज्ञान और शक्ति का संगम : कुलपति



एजेंसी

**वाराणसी :** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी भारतीय ज्ञान परम्परा का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें मां शारदा की कृपा विद्वानों, विद्यार्थियों पर विशेष रूप से होती है। यह पर्व बसंत ऋतु में मनाया जाता है, जो पतझड़ के बाद नई सृष्टि की प्रतीक ऋतु है। रविवार को कुलपति विश्वविद्यालय में सरस्वती पूजा/वसंतोत्सव के आयोजन का जायजा लेने के बाद विद्यार्थियों को पर्व की विशिष्टता बता रहे थे। विश्वविद्यालय परिसर स्थित वाग्देवी मन्दिर में मुख्य कार्यक्रम होगा। पूर्वाह 11 बजे से सरस्वती पूजन,संगीत विभाग की छात्राएं मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत करेंगी। कुलपति ने पर्व के पूर्व संध्या पर कहा कि बसंत ऋतु में ज्ञान की देवी, विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा का विधान है। बसंत ऋतु में प्रकृति के नवांकुरों को देखकर स्वाभाविक रूप से नई चेतना और नई उमंग का भाव लेकर आगे बढ़ता है, लेकिन इस उमंग और चेतना को सही दिशा में ले जाने के लिए ज्ञान आवश्यक है। इसीलिए हमारे यहां बसंत ऋतु में ज्ञान की देवी, विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा का विधान है। कुलपति ने बताया कि माँ सरस्वती की पूजा से हमारे भीतर नई शक्ति का अर्जन होता है, और उस शक्ति पर बुद्धि का नियंत्रण होता है। जब शक्ति पर बुद्धि का नियंत्रण रहता है, तो रचनात्मकता स्वाभाविक रूप से चली आती है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की परम्परा रही है कि हमारी शक्ति हमारी बुद्धि से नियंत्रित होती है। इसीलिए बसंत पंचमी का पर्व हमें ज्ञान और शक्ति के संगम की याद दिलाता है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि हमारी शक्ति को हमारी बुद्धि से नियंत्रित करना आवश्यक है, ताकि हम रचनात्मकता और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ सकें। बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा की जाती है, जो ज्ञान, कला और संगीत की देवी हैं। यह दिन शिक्षा, संस्कृति और कला के क्षेत्र में नए संकल्पों और प्रेरणाओं का प्रतीक है।

# युवाओं की उम्मीदों को पूरा करेगी सरकार : सीएम

एजेंसी

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शक्ति, भक्ति और स्वाभिमान का प्रदेश है। यहां का युवा विश्वास और कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रहा है। राजस्थान को देश का अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार भी युवाओं के सपनों को साकार करने का पूर्ण प्रयास कर रही है। शर्मा ने रविवार को जयपुर में आयोजित 16वीं जयपुर मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की मैराथन का आयोजन बहुत आवश्यक है। इससे स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि युवाओं का देश और प्रदेश की उन्नति में अहम योगदान है। राजस्थान में विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश शिक्षा, चिकित्सा, खनिज एवं पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरन्तर प्रगति कर रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अगले वर्ष खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी करेगा, जिसमें युवाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। राज्य सरकार ने खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और संभाग स्तर पर खेल महाविद्यालय खोलने का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के सफल आयोजन से जिलों में औद्योगिक निवेश आ रहा है। इससे प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। साथ ही, राज्य सरकार 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के अवसर भी उपलब्ध कराएगी। शर्मा ने मैराथन विजेताओं को चैक प्रदान कर सम्मानित भी किया।इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न गौतम, उप महापौर जयपुर नगर निगम ग्रेटर पुनीत कर्णावट, जयपुर मैराथन के आयोजक सुरेश मिश्रा, नीलम मिश्रा, वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चैयरमेन अनूप बरतरिया, कार्यकारी निदेशक एयू बैंक उत्तम टिबरेवाल सहित बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय धावक और शहरवासी उपस्थित रहे।